राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 08 अंकः 150 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



ओडिशा में कोरोमंडल एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकराईः 8 बोगियां पलटीं, इंजन गुड्स ट्रेन पर चढ़ा; कई यात्री घायल।

# रेसलर्स के समर्थन में 83 क्रिकेट वर्ल्ड कप की टीम

## खापों का सरकार को अल्टीमेटमः बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं तो 9 जून को रेसलर फिर जंतर-मंतर पर बैठेंगे

### पहलवानों से अपील

● वे मेडल न केवल उनके अपने हैं बल्कि देश का भी गौरव है। हम आग्रह करते हैं कि पहलवान जल्दबाजी में कोई फैसला न लें



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रेसलिंग** फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने अयोध्या में होने वाली अपनी महारैली रद्द कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, बृजभूषण ने भाजपा हाईकमान के कहने पर 5 जून से होने वाली रैली को कैंसिल किया है। हाईकमान ने उन्हें बयानबाजी से बचने की भी नसीहत दी है। महिला पहलवानों के आरोप सामने आने के बाद यह फैसला किया गया है। 1983 वर्ल्ड कप जीतने वाली क्रिकेट टीम ने किया रेसलर्स का समर्थन वर्ष 1983 का वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने बृजभूषण के खिलाफ आंदोलन कर रहे पहलवानों का समर्थन किया है। कपिल देव की अगुवाई वाली टीम में शामिल सुनील गावस्कर, रोजर बिन्नी, दिलीप वेंगसरकर और मदनलाल समेत कई खिलाड़ियों ने जाइंट स्टेटमेंट में लिखा- हम पहलवानों के साथ हो रही बदतमीजी से व्यथित हैं। हमें चिंता इस बात की है कि वे अपनी मेहनत की कमाई को गंगा नदी में बहाने की सोच रहे हैं। वे मेडल न केवल उनके अपने हैं बल्कि देश का भी गौरव है। हम आग्रह करते हैं कि पहलवान जल्दबाजी में कोई फैसला न लें। हम उम्मीद करते हैं कि उनकी शिकायतों को सुनकर जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। बृजभूषण के खिलाफ दो एफआईआर की गई हैं। पहली एफआईआर बालिग पहलवानों के आरोपों से जुड़ी है और दूसरी नाबालिग रेसलर्स के आरोपों पर आधारित है।

### इलाज खर्च के बदले सेक्सुअल फेवर मांगा

**महिला** पहलवान ने कहा, "अगस्त 2022 में बुल्गारिया में वर्ल्ड जूनियर रेसलिंग चैंपियनशिप के दौरान पहली बार बृजभूषण ने सेक्सुअली हैरेस किया। ट्रेनिंग पर थी। बृजभूषण ने अकेले बुलाया। मैंने इनकार कर दिया। इसके बाद बृजभूषण ने दोबारा बुलाया। टी-शर्ट ऊपर उठाई फिर सांस चेक करने के बहाने छूने लगे। बृजभूषण होटल में उसी फ्लोर पर कमरा लेते थे, जहां पहलवान ठहरते थे। लुंगी में घूमते थे। एक बार होटल में मुझे अकेले पकड़ लिया। मुझे कुछ खाने का ऑफर दिया। बृजभूषण ने कहा कि इससे परफार्मेंस सुधरेगी। यह आइटम मेरे डायटिशियन या कोच ने अप्रूव नहीं की थी। 2022 में एक कंपीटिशन में मुझे चोट लग गई। जापान से इंडिया लौटने पर मुझे फेडरेशन के ऑफिस बुलाया गया।

### बृजभूषण ने टी-शर्ट ऊपर खींची, भागकर जान बचाई

**"बिसकेक** में चैंपियनशिप के दौरान मैं ग्राउंड के मैट पर स्ट्रेचिंग-वार्मअप कर रही थी। बृजभूषण वहां किनारे खड़े होकर मुझे देखने लगे। जब मैं मैट पर लेटी हुई थी तो अचानक बृजभूषण करीब आ गए। तब वहां मेरा कोच नहीं था। मेरी इजाजत के बगैर उसने मेरी टी-शर्ट ऊपर खींच दी और छाती पर हाथ रख दिया। सांस लेने की जांच करने का बहाना बनाया। बृजभूषण मेरा करियर बर्बाद न कर दें, इस वजह से मैं कुछ नहीं बोल सकी। 2019 में मैं फेडरेशन के ऑफिस दिल्ली गई। वहां नेशनल कैंप की क्वेरी के लिए सेक्रेटरी विनोद तोमर से मिलने गई तो उसने मेरे भाई को बाहर रुकने को कहा। अंदर बैठे आदमी को भी बाहर भेज दिया। इसके बाद दरवाजा बंद कर मेरे साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। मैंने भागकर जान बचाई।"

### बेड पर लेटने को कहा, जबरन गले लगाया

**"मैंने** एक कंपीटिशन में गोल्ड मेडल जीता। उसके बाद रूम में रेस्ट कर रही थी तो फिजियोथेरेपिस्ट ने आकर कहा कि मुझे बृजभूषण ने बुलाया है। मुझे लगा कि शायद बधाई देनी हो। वहां बृजभूषण ने फोन पर पेरेंट्स से बात कराई। जैसे ही कॉल खत्म हुई तो बृजभूषण ने मुझे अपने बेड की तरफ बुलाया। अचानक बिना परमिशन के मुझे जबरन गले लगा लिया। मुझे इतना सदमा लगा कि मैं रोने लगी तो बृजभूषण कहने लगा- नहीं-नहीं, फादर की तरह। इसके बाद बृजभूषण मुझसे बात करने के लिए मेरी मां को फोन करने लगा। बृजभूषण फोन पर पूछता था- मैं कैसा लग रहा था आज?, प्रैक्टिस कैसी चल रही, मुझे बता दिया करो, कुछ चाहिए तो। नवंबर 2022 में बृजभूषण ने सेक्सुअल फेवर के बदले मुझे सप्लीमेंट दिलाने की बात कही।"

## 'कोटखाई-हाटकोटी सुरंगों के निर्माण के लिए सर्वेक्षण किया जाएगा'



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जिला शिमला के रोहडू में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोटखाई.हाटकोटी और डोडरा क्वार में सुरंगों के निर्माण के लिए सर्वेक्षण किया जाएगा। इन सुरंगों से क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के उपरांत ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का क्षेत्र का यह पहला दौरा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्षेत्र से क्वार को जोडने के प्रयास भी किए जाएंगे। उन्होंने रोहडू में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोलने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिचौलियों द्वारा सेब के बागवानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 'देशद्रोह कानून जरूरी, सजा भी बढ़ाई जानी चाहिए'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
152 साल पुराने देशद्रोह कानून को लेकर लॉ कमीशन ने सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। आयोग का कहना है, भारतीय दंड संहिता की धारा 124-ए को आईपीसी में बनाए रखने की आवश्यकता है। इसको हटाने का कोई वैलिड रीजन नहीं है। हालांकि, कानून के उपयोग को लेकर ज्यादा स्पष्टता बनी रहे इसके लिए कुछ संशोधन किए जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे देशद्रोह कानून को स्थगित कर दिया था। कोर्ट ने तब आदेश दिया था कि जब तक क्छ्व की धारा 124-अ की री-एग्जामिन प्रोसेस पूरी नहीं हो जाती, तब तक इसके तहत कोई मामला दर्ज नहीं होगा।

## सिद्धा कैबिनेट ने 5 वादों पर मुहर लगाई



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
कर्नाटक में कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार ने चुनाव से पहले किए गए पांच वादों पर कैबिनेट मीटिंग में मुहर लगा दी है। राज्य सरकार ने शुक्रवार को हुई मीटिंग में इन वादों को इसी साल 11 जून से लागू करने की घोषणा की है। सिद्धारमैया ने कहा, कैबिनेट ने जाति या धर्म का भेदभाव किए बिना पांचों गारंटी को लागू करने का फैसला किया है।

**सखी शक्ति योजनाः** सबसे पहले 11 जून से सखी शक्ति योजना लागू की जा रही है। इसके तहत कर्नाटक की महिलाएं स्टेट ट्रांसपोर्ट की बस से राज्य में कहीं भी मुफ्त यात्रा कर सकेंगी।

**गृह ज्योति योजनाः** यह योजना 1 जुलाई से लागू हो रही है। इसके तहत घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक बिजली फ्री मिलेगी। हालांकि उससे पहले के बिल का भुगतान करना होगा।

## गृहमंत्री की अपील के बाद मणिपुर में 144 हथियार सरेंडर

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह की अपील के बाद मणिपुर में उपद्रवियों ने 144 हथियार और 11 मैगजीन सरेंडर किए हैं। इनमें 29, कार्बाइन, इंसास राइफल, इंसास , एम16 राइफल जैसी हाईटेक राइफल्स और ग्रेनेड भी शामिल हैं।

## 'मुस्लिम लीग पूरी तरह से सेक्युलर पार्टी'

**टीम एक्शन इंडिया/वॉशिंगटन**
**राहुल** गांधी इन दिनों अमेरिका के 6 दिन के दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने वॉशिंगटन डीसी के नेशनल प्रेस क्लब में मीडिया के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान केरल में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग से गठबंधन को लेकर राहुल ने कहा- मुस्लिम लीग पूरी तरह से सेक्युलर पार्टी है। विपक्ष एकजुट हो रहा है। हम सभी



विपक्षी पार्टियों से बात कर रहे हैं। इस संबंध में काफी अच्छा काम हो रहा है।
राहुल ने कहा कि कई जगह ऐसी हैं जहां हम विपक्ष के साथ मुकाबला कर रहे हैं। ऐसे में हमें कई मुद्दों पर एक राय बनानी होगी, लेकिन मुझे विश्वास है कि हम चुनाव में साथ जरूर आएंगे। सांसदी जाने के सवाल पर उन्होंने कहा- मुझे 1947 के बाद मानहानि के मामले में सबसे बड़ी सजा मिली है। मैंने संसद में अडाणी को लेकर स्पीच दी थी, जिसकी वजह से मुझे डिस्क्वालिफाई कर दिया गया।



# 'कोई भी क्षेत्र विकास कार्यों से अछूता नहीं'

## विधायक असीम गोयल ने गाँव नन्यौला में परियोजनाओं का किया उदघाटन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर के विधायक असीम गोयल ने गांव नन्यौला में 68 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई परियोजनाओं का उदघाटन करते हुए ग्रामीणों को इसकी सौगात देने का काम किया। वहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का फूल-मालाओं से भव्य अभिनंदन किया।
गोयल ने इस मौके पर ग्रामीणों को विकास कार्यों की सौगात मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हरियाणा के 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्यों को करवाकर लोगों का विश्वास जीतने का काम किया गया है। सभी जगहों पर समान रूप से विकास रूपी पहिया निरंतरता में जारी है। कोई भी क्षेत्र विकास कार्यों से अछूता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अम्बाला शहरी विधानसभा क्षेत्र में भी पिछले आठ वर्षों निरंतरता में विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाते हुए लोगों को यह परियोजनाएं लोकार्पित की जा रही हैं। गांव नन्यौला में भी विकास कार्यों को तेजी से करवाने का काम किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र के तहत अनेको ऐसे विकास कार्य शामिल है जोकि पूर्व की सरकारों के समय में लम्बित थे उन्हें भी पूरा करवाने का काम किया गया है।
गोयल ने शुक्रवार को नन्यौला गांव में 15 लाख रुपए की लागत से दक्ष प्रजापति चौपाल का, 15 लाख रुपए की लागत से धीमान चौपाल का, 8 लाख रुपए की लागत से अनुसूचित जाति की चौपाल का व 8 लाख रुपए की लागत से कब्रिस्तान की दीवार व रास्ते के निर्माण का उदघाटन कर ग्रामीणों को इसकी सौगात दी। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी ग्रामीणों द्वारा जो भी कार्य बताए जायेंगे उन्हें भी चरणबद्ध तरीके से करवाने का काम किया जायेगा। इस मौके पर नन्यौला सरपंच राजु, मंडल अध्यक्ष गुरचरण सिंह, बाबा खेमचंद, डा0 सुषमन शर्मा, इंद्रजीत कांडा, नरेश मित्तल, डा. उज्जागर सिंह, सुमंत कालड़ा, विनोद सिंगला, प्यारा सिंह, जगमाल सिंह, सर्वजीत सिंह, दलबीर सिंह, अधीक्षक अभियंता के.एस. भोरिया, कार्यकारी अभियंता सर्वजीत सिंह, एसडीओ गौतम के साथ-साथ गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**अम्बाला शहरी विधानसभा क्षेत्र में भी पिछले आठ वर्षों निरंतरता में विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाते हुए लोगों को यह परियोजनाएं लोकार्पित की जा रही हैं**

# कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति निष्ठा काम करने के लिए प्रेरित किया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**हरियाणा** प्रदेश के संयोजक अकबर खान राणा ने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के हरियाणा प्रदेश की कार्यकारिणी के सदस्यों की एक बहुत अहम मीटिंग हुई जिसमें भोपाल मध्यप्रदेश में होने वाले 4, जून से 11 जून तक अखिल भारतीय अभ्यास वर्ग के कार्यक्रम में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं की सूची बनाई गई। कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित किया गया। संगठन को गठित करते हुए प्रदेश संयोजक अकबर खान राणा की ओर से मुनीर गुर्जर को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का हरियाणा प्रदेश का सह संयोजक बनाया गया। मुनीर गुर्जर ने आश्वस्त किया कि वे संगठन के लिए दिन और रात बड़ी मेहनत करके संगठन को और मजबूत करने का काम करेंगे। मंच के जिला संयोजक कारी आकिल और उनकी टीम भी उपस्थित रही। अजीम गुर्जर, आसिम छौक्कर, मौलाना हैदर, मौलाना मैनुदीन, हाफिज साबिर, तनवीर जंग, सरवर अली, हाफिज अली हासन, अली शेर, महबूब आदि।

# शीतला माता मंदिर में भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**चोपड़ा** एजुकेशन एंड सोशल वैल्फेयर सोसायटी कुरुक्षेत्र द्वारा संस्थापक अध्यक्ष एवं समाजसेवी ज्ञानचंद चोपड़ा की स्मृति में शुक्रवार को शीतला माता मंदिर में भंडारा एवं छबील लगाई गई। चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने बताया कि मंदिर में सुबह पूजन किया गया इसके पश्चात स्वर्गीय चोपड़ा को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में समाजसेवी डा.पवन वशिष्ठ ने ज्ञानचंद चोपड़ा के व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने जरूरतमंद विद्यार्थियों के कल्याण के लिए चोपड़ा एजुकेशन एंड सोशल वैल्फेयर सोसायटी का गठन किया। शीघ्र ही जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए सहायता समारोह व मैडिकल कैंप लगाया जाएगा।
कार्यक्रम में मैनेजर कुलदीप चोपड़ा,संदीप चोपड़ा,डा.दीपिका चोपड़ा,गीता चोपड़ा,सिम्मी चोपड़ा,वेदांश, गुरुदुर्दी जंक्शन समूह अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़,सचिव सुनील अंगीरस, राकेश कंसल,विजय गर्ग, दमन कुमार,टीनू,नरेश अरोड़ा,अनिल भारद्वाज, सुरेश गुप्ता,अतुल सहगल,अंकित,शिवम सैनी,मयंक ढींगड़ा,तपेश,मोहन लाल और विशाल शर्मा सहित छोटा बाजार मार्केट एसोसिएशन के सदस्य शामिल रहे।



# शिक्षा मंत्री विभिन्न क्षेत्र में प्रतिभा हासिल करने वालों को सम्मानित करेंगे



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आने** वाली 17 जून को पाईट कॉलेज में पत्राकरिता, खेल, शिक्षा, सामाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धिया हासिल करने वालो को प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इसको लेकर वरिष्ट पत्रकार कमाल हुसैन सहित कई पत्रकारो ने चडीगढ़ में शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर से मुलाकात की है। 17 जून को प्रतिभाशाली सम्मान समारोह में मुखयअतिथि शिक्षा मंत्री विभिन्न क्षेत्र में प्रतिभा हासिल करने वालो को सम्मानित करेंगें।

# विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष में साइकिल रैली आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** विश्व साईकल दिवस के उपलक्ष्य में जिला अम्बाला में स्वास्थ्य विभाग अम्बाला के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा स्कूली छात्र व विभाग के सहयोग से साईकल रैली का आयोजन करने के साथ-साथ थीम साईकल फार हैल्थ के महत्व पर प्रकाश डाला गया। जिसकी सफलता के लिए सिविल सर्जन डा. कुलदीप सिंह व डा. संगीता गोयल प्रधान चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि साईकल चलाना आपके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। साईकल चलाने से मस्तिष्क, स्वास्थ्य मूढ अच्छा रहता है और उर्जा के स्तर में भी सुधार होता है, प्रतिदिन 30 मिनट साईकलिंग करने से नर्वस सिस्टम बेहतर होगा और ब्रेन ज्यादा सक्रिय होगा। साईकल रैली को डा.संगीता गोयल प्रधान चिकित्सा अधिकारी तथा सभी उप सिविल सर्जन के साथ प्रात कार्यालय सिविल सर्जन अम्बाला ने हरी झण्डी देकर रवाना किया। इस रैली में जिला नागरिक अस्पताल अम्बाला शहर के डा. राहुल जुलानिया, डा. हर्ष कुशवाहा, डा. विजय वर्मा ने रैली में भाग लेते हुए साईकलिंग के लाभ बारे बताया कि साईकलिंग हृदय के लिए बहुत अच्छी होती है व वजन कम करने में भी मदद मिलती है।





# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निभाया किसानों से किया वादा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत देते हुए गत मार्च व अप्रैल में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण रबी की फसल के नुकसान के लिए 181 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि जारी की है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक क्लिक से ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से सीधे किसानों के खातों में मुआवजा राशि को ट्रांसफर किया। **67,758 किसानों के खाते में भेजी गई मुआवजा राशि**
मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने फसल क्षति का विशेष सर्वेक्षण किया था, जिसके अनुसार 18 जिलों में 2.09 लाख करोड़ एकड़ में फसल को क्षति दर्ज की गई थी। गेहूं, सरसों और तोरिया फसलों के लिए 67,758 किसानों को 181 करोड़ रुपए की राशि क्षतिपूर्ति के रूप में जारी किए गए हैं। संबंधित अधिकारी मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किसानों का शत-प्रतिशत पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को समय पर मुआवजा प्रदान किया जा सकें।

# 'कमजोर पासवर्ड रखना साइबर अपराध को निमंत्रण देना'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पुलिस** ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे सोशल मीडिया अकाउंट पर मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें पानीपत कमाल हुसैन पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत आईपीएस ने कहा कि आज के दौर में हर काम इंटरनेट पर निर्भर हो रहा है। तमाम तरह के वित्तीय लेन देन मोबाइल के माध्यम से हो रहे हैं। जैसे- जैसे वित्तीय लेन देन को लेकर मोबाइल व इंटरनेट पर निर्भरता बढ़ी है, वैसे-वैसे साइबर ठगी की घटनाओं में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। कमजोर पासवर्ड होने की वजह से भी हम कई बार साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अटैक से बचने हेतु मजबूत पासवर्ड का अहम योगदान हो सकता है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि एडीजीपी क्राइम ओपी सिंह आईपीएस के निर्देश पर साइबर अपराध से बचने हेतु पूरे प्रदेश में आमजन को जागरूक किया जा रहा है। किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध घटित हो जाता है तो उसे किस प्रकार से बचा जा सकता है बारे विस्तार पूर्वक बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इंटरनेट का उपयोग करते समय साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी की कमी के कारण लोग ऐसे अपराध का शिकार हो रहे हैं साइबर अपराधी ठगी करने की नियत से अलग-अलग तरह के तरीके अपनाते रहते हैं। उन्होंने बताया साइबर अपराधी द्वारा किसी व्यक्ति को झांसा देते हुए पैसे प्राप्त करने के लिए, अलग-अलग तरह के प्रलोभन दिए जाते हैं। ऐसे में हम जागरूक रहकर ही इस प्रकार की ठगी से बच सकते हैं। अपने नेट बैंकिंग, ईमेल, फेसबुक, इंस्टाग्राम इत्यादि अकाउंट पर मजबूत पासवर्ड लगाएं।



# नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो पुलिस महानिरीक्षक श्री अमिताभ सिंह ढिल्लों साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन साहब के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र जिले में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय दो जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्रथम ज्ञान गंगा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 222वां एवं ज्ञान गंगा बहुतकनीकी संस्थान में 223वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के उप निरीक्षक/जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा दोनों स्थानों पर मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। ज्ञान गंगा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जसमेर सिंह और ज्ञान गंगा बहुतकनीकी संस्थान के प्राचार्य कृष्ण पोपली ने ब्यूरो अधिकारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा का स्वागत किया और कहा कि आज के समय में यह समय की मांग है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि नशा दो प्रकार का है। एक तो ऐसा जिस पर प्रतिबन्ध नहीं है लेकिन उसके अवगुण बताकर उनसे दूर रहने की चेतावनी दी गयी है। दूसरा नशा है प्रतिबंधित जो नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस एक्ट के अंतर्गत पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि दोनों ही नशे मनुष्य के लिए घातक हैं। उन्होंने विस्तारपूर्वक नशे पर चर्चा करते हुए युवाओं और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया और अंत में एक शपथ ग्रहण करवाई।

## '30 मई से 30 जून तक चलाया जाएगा महासंपर्क अभियान'

**सोनीपत:** सरकार के नौ साल पूरा होने के उपलक्ष्य में केन्द्र सरकार द्वारा 30 मई से 30 जून तक देश भर में महासंपर्क अभियान चला रही है। इस महासंपर्क अभियान मद्देनजर शुक्रवार को सोनीपत सांसद रमेश कौशिक व राई विधायक मोहन लाल बडौली ने जिला के राई विधानसभा क्षेत्र के 7 गांव कुमासपुर, बढमलिक, बारोटा, सफियाबाद, नाहरी, छतेहरा माजरा तथा गढ़ी बाला का दौरा किया। सांसद रमेश कौशिक ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि महासंपर्क अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश सरकार व केन्द्रीय सरकार के नौ साल के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का फीडबैक लेना है।

# इनसो ने हायर एजुकेशन डायरेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने कॉलेज में स्नातक कोर्सो में दाखिले के लिए 2023- 2024 का शेड्यूल 26 मई को जारी किया गया है जिसमें पंजीकरण प्रक्रिया सुरु होने से पहले सभी कॉलेजों को 29 मई से 31 मई तक अपनी कॉलेज की पूर्ण जानकारी की प्रोफाईल पोर्टल पर अपडेट करनी थी जो अभी तक नहीं की गई इसी को लेकर आज छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाईजेशन (इनसो) के छात्र नेता बलराज देशवाल के नेतृत्व में छात्रों ने कॉलेजों में यह पोर्टल खोलने की मांग को लेकर नायब तहसीलदार बलवान सिंह मलिक के माध्यम से हायर एजुकेशन डायरेक्टर हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा
इनसो छात्र नेता बलराज देशवाल ने बताया की उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से खुद यह कहा गया था की कॉलेजों में दाखिले के शेड्यूल के अनुसार 29 से 31 मई तक सभी कॉलेज अपनी कॉलेज की सीटों की संख्या , कॉलेज के बेंक खाते की जानकारी, फीस , विषय आदि सभी की पूर्ण जानकारी पोर्टल पर अपलोड करानी होगी इसके बाद 5 जून से कॉलेज दाखिले के लिए ऑनलाईन पंजीकरण करवाना होगा
*अभी पोर्टल नहीं खुला*
इनसो छात्र नेता बलराज देशवाल ने बताया की कॉलेजों में दाखिला के लिए ऑनलाईन पंजीकरण शुरू होने से पहले ही दाखिले की प्रक्रिया अटकती दिखाई दे रही है 4 दिन बित जाने के बाद भी अभी तक कॉलेज में जानकारी अपडेट करने के लिए पोर्टल अभी तक नहीं खोला गया है जिससे यह एक बड़ी परेशानी पानीपत के सभी कॉलिज प्रबंधको के लिए पैदा हो गई है अभी तक पोर्टल नही खोला गया है
*5 जून से पंजीकरण कैसे होंगे*
इनसो छात्र नेता बलराज देशवाल ने बताया अभी तक कॉलेजों को अपनी पूर्ण जानकारी अपडेट करने के लिए पोर्टल ही नहीं खोला गया है तो छात्र दाखिले के लिए आर्नलाईन पंजीकरण 5 जून से कैसे कर पाएंगे अभी तक कॉलेज जानकारी ही अपडेट नहीं कर पाया पोर्टल बंद है तो पंजीकरण के लिए पोर्टल कैसे खुल पाऐगा इससे दाखिला प्रक्रिया लंबित होगी



# गठबंधन सरकार से प्रदेश का बेरोजबार युवा, किसान, मजदूर, कर्मचारी व व्यापारी हताश व परेशानः धर्म

## विधायक धर्म सिंह छौक्कर ने सुनी हलका वासियों की समस्याएं, आज प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है और सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं के लिये निजी क्षेत्र में 75 फीसदी रोजगार का कानून मात्र एक ढकोसला है

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
समालखा हलके से कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर ने गांव गोयला खेड़ा में गंदे नाले का नारियल तोड शिलान्यास किया है। वही गांव गोयला, सनौली कलां, बापौली में सनौली-बापौली के ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि हलके में किसी भी सरकारी विभाग में भ्रष्टाचार नही होने दिया जाएगा। हलके की जनता उन्हें सरकारी विभागों तहसील, बीडीपीओ, बिजली विभाग आदि में कार्य करवाने के लिए पैसे लेने की बाते बता रहे हैं। वे हलके के हर विभागो में अब बारी-बारा से जनता के साथ निरिक्षण भी करेंगें। और भ्रष्टाचार फैलाने वाले भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों को हलके से बाहर भेजने का काम करेंगें। और छौक्कर ने कहा कि उन्होंने हल्के के सात गांवों में सड़को को बनवाने की मंजूरी मिल गई है है जिनका निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। और छौक्कर ने खंड बापौली के हेड क्लर्क पवन व एसडीओ को कहा कि गांव बापौली के अंदर पिछले दस वर्षों में जो विकास कार्यों पर ग्रांट खर्च की गई है और कितने कार्यो की कितनी ग्रांट आई उसका लेखा जोखा तैयार कर जल्द ही ये रिपोर्ट उन्हें दे अगर कहीं विकास कार्य की ग्रांट में भ्रष्टाचार होना पाया गया ता उसकी स्पैशल टीम गठित करा कर जांच कराई जाएगी। गांव में विकास कार्यो के लिए आए ग्रांट में घोटाला किसी भी सुरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा। और छौक्कर ने हलके के लोगो को कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावो के लिए सभी पूरी तैयारी से लग जाए। और भी बहुत से नेता विधायक बनने के सपने देख जनता को झुटे वायदे कर गुमराह करने आएगें जनता उनसे सावधान रहे और उनसे पुछे तो हलके के लिए पहले क्या काम कराएं है। उनके झुटे वायदो में ना आए।
और विधायक छौक्कर ने लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत पत्रकारों से बात कर रहे थे। भाजपा व जजपा गठबंधन सरकार से आज बेरोजगार युवा, प्रदेश का किसान, मजदूर, कर्मचारी व व्यापारी हताश व परेशान और इस सरकार से छुटकारा चाहता है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है और सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं के लिये निजी क्षेत्र में 75 फीसदी रोजगार का कानून मात्र एक ढकोसला है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की फैक्टरियों व निजी संस्थानों में 80 फीसदी कर्मचारी व श्रमिक बाहर के है और हरियाणा प्रदेश के तो मुश्किल से 10 फीसदी ही कर्मचारी ही होंगे।
इसलिये यदि प्रदेश में बेरोजगारी पर अंकुश लगाना है तो बड़ी-बड़ी मल्टी नेशनल कंपनियों में प्रदेश के युवाओं को रोजगार देना होगा। हलके के कई सरकारी विभागों में ठेके प्रथा में भी उन्हें बेरोजगार युवाओं से पैसे लेकर ठेके पर लगाने की सुचनाएं मिल रही हैं। इसकी जांच कराई जाएगी। और बेरोजगार युवाओं को ठगने नही दिया जाएगा उन्हें रोजगार दिलाने पर भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक धर्म सिंह छौक्कर ने कहा कि गठबंधन सरकार के खिलाफ लोगों का निरंतर रोष बढ़ता जा रहा है और यह सरकार अब ज्यादा चलने वाली नही है।
छौक्कर ने कहा कि उन्होंने हलके में अनेक विकास कार्य कराएं जैसे बापौली में बिजली पावर हाउस, स्कूल अपग्रेड करवाना, राजकीय कॉलेज बनवाना, आईटीआई और सीएचसी अस्पताल आदि बनवाए हैं और उनके स्कूलों में अपग्रेड करवाया जा चुका है। इस अवसर पर ब्लॉक समिति चेयरमैन जोनी रावल, सरपंच ईसम सिंह, सरपंच अनील कुमार, पवनी खेडा सरपंच प्रतिनिधि, मांगेराम, पितांबर, विकास रावल, सुरेश वर्मा, महाबीर, सुभाष, राजपाल, बलवान, सुनील आदि अनेक अनेक मौजूद रहे।



**छौक्कर ने खंड बापौली के हेड क्लर्क पवन व एसडीओ को कहा कि गांव बापौली के अंदर पिछले दस वर्षों में जो विकास कार्यों पर ग्रांट खर्च की गई है**

# 'गुरूग्राम-मेवात के लिए स्वर्णिम युग शुरू होगा'

## गुरूग्राम वाटर सप्लाई एवं मेवात फीडर पाईप लाईन महत्वपूर्ण परियोजनाएं- मनोहर लाल, गुरूग्राम, मानेसर व मेवात की वर्ष 2050 तक की आबादी को मिलेगा पेयजल

**गुरूग्राम वाटर सप्लाई परियोजना गुरूग्राम, मानेसर व बहादुरगढ की 2050 की आबादी को फोकस रखकर तैयार किया**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गुरूग्राम वाटर सप्लाई एक महत्वपूर्ण परियोजना है जिससे गुरूग्राम व मानेसर की 2050 तक की आबादी को निर्बाध रूप से बेहतर पेयजल सप्लाई उपलब्ध होगी। मेवात फीडर पाईप लाईन परियोजना भी तैयार की गई है। इन परियोजनाओं पर 2267 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मुख्यमंत्री रिमोडलिंग ऑफ गुरुग्राम वाटर सप्लाई के डिजाईन की अनुमति को लेकर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



बैठक में मेवात फीडर पाइपलाइन परियोजना के कन्सेप्ट को लेकर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पी सी मीणा ऑनलाईन जुडे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 1517 करोड़ रुपए की गुरूग्राम वाटर सप्लाई परियोजना गुरूग्राम, मानेसर व बहादुरगढ की वर्ष 2050 की आबादी को फोकस रखकर तैयार की गई है। उस समय इन शहरों को लगभग 1504 क्यूसिक पानी की आवश्यकता होगी। गुरूग्राम वाटर सप्लाई परियोजना काकरोई से आरम्भ होगी और बसई में सम्पन्न होगी। लगभग 69 किलोमीटर लम्बी वाटर सप्लाई को पूर्ण रूप से कवर करके ले जाया जाएगा जिसमें माईल्ड स्टील पाईप का उपयोग किया जाएगा। इस परियोजना को मई 2026 में पूरा कर लिया जाएगा।

**मेवात फीडर पाइपलाइन परियोजना:** मुख्यमंत्री ने कहा कि मेवात फीडर पाईप लाईन परियोजना पर लगभग 750 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस परियोजना को भी मेवात की आबादी वर्ष 2050 को मध्येनजर रखकर बनाया गया है। माध्यम से लगभग 390 क्यूसिक पानी की आवश्यकता होगी और 150 से अधिक गांवों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल सुलभ होगा।

### 'मार्च 2027 तक पूरा होगा'

इस परियोजना पर भी जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा और मार्च 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि मेवात फीडर पाईप लाईन परियोजना तैयार कर विभाग द्वारा फरवरी 2023 में स्वीकृत किया गया। लगभग 50 किलोमीटर लम्बाई की यह परियोजना झज्जर जिला के बादली से आरम्भ होगी और मेवात के गांव खोर बसई में सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर पावर हाउस का भी निर्माण किया जाएगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के शुरु होने से गुरुग्राम, मानेसर व मेवात के लोगों के लिए स्वर्णिम युग की शुरूआत होगी। इन परियोजनाओं के बन जाने से इस क्षेत्र के लोगों को निर्बाध पेयजल सप्लाई सुलभ हो जायेगी। उन्होंने कहा कि पानी के शोधन के लिए भी योजनाएं तैयार की गई हैं ताकि शोधित पानी का उपयोग उद्योगों एवं किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि मेवात के कुछ क्षेत्र में भूमिगत जल खारा होने के कारण लोगों को नहर आधारित स्वच्छ जल मुहैया करवाने के लिए यह योजना तैयार की गई है। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डी एस ढेसी, मुख्यमंत्री सलाहाकार सिंचाई देवेन्द्र सिंह, जल संसाधन प्राधिकरण की अध्यक्षा केशनी आनन्द अरोड़ा, सचिव एवं आयुक्त सिंचाई विभाग पंकज अग्रवाल, इंजीनियर इन चीफ आदि मौजूद रहे।

# स्कूली शिक्षा में अभूतपूर्व परिवर्तन की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** स्कूली शिक्षा में अभूतपूर्व परिवर्तन की तैयारी की जा रही है , इसके लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने कमर कस ली है। बोर्ड ने शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इंटरनेशनल बैकलॉरिएट से एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (टङ्क्व) पर हस्ताक्षर किए हैं। इंटरनेशनल बैकलॉरीएट (आईबी) नामक संस्था इंटरनेशनल एजुकेशन में एक ग्लोबल लीडर है जो कि कई देशों में स्कूली शिक्षा को लेकर विद्यार्थियों को पढाई के साथ -साथ जिज्ञासु , आत्मविश्वासी बनाने के लिए भी कौशल विकसित करने में मदद करता है।
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की उक्त पहल के अलावा विभिन्न उपलब्धियों एवं गतिविधियों को लेकर बोर्ड के चेयरमैन डॉ० वी.पी.यादव ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री को बोर्ड अध्यक्ष ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड एवं इंटरनेशनल बैकलॉरिएट के मध्य हुए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग बारे विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस एमओयू के तहत राजकीय तथा अराजकीय विद्यालयों में से कुछ अध्यापकों को मास्टर ट्रेनर के तौर पर चयनित कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। एमओयू से अध्यापकों के अध्यापन-स्तर में सुधार के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी उत्तम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सकेगी। इंटरनेशनल बैकलॉरिएट द्वारा अर्ली -ईयर प्रोग्राम ,प्राइमरी- ईयर प्रोग्राम , मिडल- ईयर प्रोग्राम तथा इंटरनेशनल बैकलॉरिएट डिप्लोमा प्रोग्राम समेत कुल 4 प्रोग्राम संचालित किये जाएंगे , इन प्रोग्राम्स को प्रथम चरण में 20 विद्यालयों में पायलट तौर पर चलाया जाएगा। सफलता के बाद पुरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

# हरियाणा में पशुपालन और डेयरी क्षेत्र का अहम योगदान: जे पी दलाल

## विश्व दुग्ध दिवस समारोह के अवसर पर श्रीनगर में दो दिवसीय समर मीट में भाग लिया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जे पी दलाल ने कहा कि प्रदेश में पशुपालन व्यवसाय का अहम योगदान रहा है। राज्य में पशुधन क्षमता 2.1 प्रतिशत है और दूध का उत्पादन 116.29 लाख टन होता है, जो देश के कुल दूध उत्पादन का 5.26 प्रतिशत है। जे पी दलाल ने एसकेआईसीसी श्रीनगर में विश्व दुग्ध दिवस समारोह के अवसर पर पशुपालन और डेयरी क्षेत्र के लिए आयोजित दो दिवसीय समर मीट के दौरान कही। जिसमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 16 मंत्रियों ने भाग लिया। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव कुमार बालियान, जम्मू और कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद रहे। जे पी दलाल ने कहा कि दो दिवसीय समर मीट के दौरान विचारों के आदान-प्रदान से पशुधन एवं डेयरी क्षेत्र में उत्पादकता के साथ-साथ



**व्यक्तिगत किसानों को बल्क मिल्क कूलर प्रदान करने के अलावा पशु चिकित्सा निदान को मजबूत करने का भी आह्वान**

प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन से संबंधित विभिन्न पहलुओं के उन्नयन के लिए नई व्यवहारिक रणनीतियों की पहचान करने में मदद मिलेगी। सम्मेलन के दौरान केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और विभिन्न राज्यों के सुझावों और पहलों पर संबंधित राज्य मंत्रियों के साथ चर्चा की।
जेपी दलाल ने टीकाकरण सेवाओं जैसी पहलों पर चर्चा के अलावा उत्पादन डेटा साझा कर राज्य में मोबाइल पशु चिकित्सा वैन संचालन के लिए कॉल सेंटर की स्थापना करना, पशुपालन और डेयरी क्षेत्र के योगदान व राज्य सरकार के अन्य प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। बैठक के दौरान पशुपालन एवं डेयरी मंत्री ने हरियाणा में पशुओं के टीकाकरण के समय कृमिनाशक और खनिज मिश्रण उपलब्ध कराने की भी मांग रखी। उन्होंने डेयरी सहकारी समितियों की तरह दूध के प्रसंस्करण के लिए व्यक्तिगत किसानों को बल्क मिल्क कूलर प्रदान करने के अलावा पशु चिकित्सा निदान को मजबूत करने का भी आह्वान किया।

# कुरुक्षेत्र में किसान-खाप प्रतिनिधियों में हाथापाई

## खाप नेताओं का कहना था कि पहलवानों के अलावा किसानों के मुद्दे भी पेंडिंग हैं, उन पर भी बातचीत होनी चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
**भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और पहलवानों के विवाद में कुरुक्षेत्र में किसान और खाप संगठनों की महापंचायत हुई। इस दौरान खाप और किसान प्रतिनिधियों में विवाद हो गया। खाप नेताओं का कहना था कि पहलवानों के अलावा किसानों के मुद्दे भी पेंडिंग हैं, उन पर भी बातचीत होनी चाहिए। जिसके बाद मामला हाथापाई तक जा पहुंचा। वहीं महापंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत समेत 7 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी पहलवानों के मामले में आगामी निर्णय लेगी। जाट धर्मशाला में पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत ने नाबालिग पहलवान के पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि अगर पहलवान बालिग है तो उसमें भी तो



कोई धाराएं होती होंगी। अगर सरकार कुछ नहीं करेगी तो देश की छवि खराब होगी। इस मुद्दे को इंटरनेशनल स्तर पर ले जाया जाएगा। अगर लड़कियों के जंतर-मंतर पर खींचने की घटना नहीं होती तो आज यहां इकट्ठा नहीं होते। अगर दिल्ली पुलिस गिरफ्तार करने आती तो उनसे मुकाबला नहीं हो सकता। सरकार से तोप-तंमचों से मुकाबला नहीं है, जेल जाना भी एक आंदोलन का हिस्सा है। वहीं उन्होंने कहा कि 5 जून को अयोध्या में होने वाली बृजभूषण की रैली को संतों ने कैंसल करा है। इससे पहले गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर मुजफ्फरनगर के फेमस सोरम चौपाल पर महापंचायत की थी। जहां राकेश टिकैत ने ऐलान किया कि अब 2 जून यानी कुरूक्षेत्र में एक संयुक्त महापंचायत होगी। जिसमें हल निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि संवाद में कमी रह गई थी।

**महापंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत समेत 7 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है**

इस बीच इस मामले को लेकर कुरूक्षेत्र में भी पंचायत की घोषणा पूर्व में हो चुकी थी, इसलिए मुद्दा एक ही होने के कारण पंचायत में फैसले को सुरक्षित रखा गया था। इस बीच हरियाणा में पहलवानों के समर्थन में बालू खाप ने बड़ा ऐलान कर दिया है। खाप ने कहा कि जब तक सांसद बृजभूषण शरण गिरफ्तार नहीं होगा, तब तक खाप से जुड़े किसी भी गांव में भाजपा-जजपा के किसी भी नेता को कार्यक्रम नहीं करने दिया जाएगा। खाप में बालू समेत 10 के करीब बड़े गांव आते हैं।

# अब मनरेगा श्रमिकों को मिलेगा 357 रुपए दैनिक मेहनताना

**चंडीगढ़:** केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में काम करने वाले श्रमिकों को प्रतिदिन मिलने वाले दैनिक वेतन में बढ़ोतरी की है। दैनिक वेतन में बढ़ोतरी के तहत हरियाणा के मनरेगा श्रमिकों को दैनिक वेतन में अब 357 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार मजदूरों व कामगारों के हक के लिए सदैव प्रयासरत है। मनरेगा मजदूरों को केंद्र सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है।
इससे ग्रामीण विकास में तेजी आएगी। सरकार द्वारा गरीब परिवारों को रोजगार उपलब्ध करवाते हुए मनरेगा योजना के तहत ग्रामीण विकास से संबंधित अनेक विकास कार्य करवाए जाते हैं।

# महिला एवं बाल विकास विभाग को मिला गोल्ड स्कोच अवार्ड

**चंडीगढ़:** हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग ने मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना के लिए गोल्ड स्कोच अवार्ड से सम्मान प्राप्त किया। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं के लिए स्कॉच ग्रुप द्वारा 27 मई, 2023 को नालंदा हॉल, डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में एक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। पुरस्कार का चयन विशेषज्ञों के एक पैनल द्वारा कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के एक प्रवक्ता ने आज इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना की शुरूआत हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 5 अगस्त, 2020 को बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति में सुधार के उद्देश्य के लिए की थी। उन्होंने बताया कि आईसीडीएस के तहत पूरक पोषाहार के अतिरिक्त लाभार्थियों को स्किम्ड दूध उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रत्येक लाभार्थी को वर्ष में 300 दिनों में 200 एमएल प्रतिदिन दूध उपलब्ध करवाया जा रहा है।

# 'अपनी मर्जी से कर रही हूं आत्महत्या'

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
**सांपला के वार्ड** नंबर एक में छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें छात्रा ने लिखा है कि आखरी बार मेरा चेहा सहेली को दिखा देना और वह अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रही है, इसके किसी का कोई कसूर नहीं है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि छात्रा मानसिक रूप से परेशान थी। हो सकता है कि इसी वजह से उसने आत्महत्या की हो। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह सांपला के वार्ड नंबर एक में एक छात्रा ने घर पर पंखे से लटकर कर आत्महत्या कर ली।

# परियोजनाओं को सरकार व निकायों द्वारा हिस्सेदारी आधार पर किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने राज्य के निकाय क्षेत्रों में नगर निकायों और राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली परियोजनाओं की प्राथमिकता सूची जारी की है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार सभी नगर निकाय एवं संबंधित प्राधिकरण किसी भी परियोजना की योजना बनाने या स्वीकृति के समय इस प्राथमिकता सूची के आधार पर परियोजना की प्राथमिकता पर विचार करेंगे। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के एक प्रवक्ता ने इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा इस संबंध में

**नगर निकायों की राजस्व-अर्जन योजना के अनुसार क्रियान्वित किया जाएगा**

अधिसूचना जारी कर दी गई है। मल्टी-लेवल पार्किंग के निर्माण और बैंक स्क्वायर, वाणिज्यिक परिसर और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण जैसी राजस्व अर्जित करने वाली परियोजनाओं को नगर निकायों की राजस्व-अर्जन योजना के अनुसार क्रियान्वित किया जाएगा, जिसमें ऋण-आधारित निधि प्राप्त किया जा सकता है या राज्य सरकार द्वारा प्रदान किया जा सकता है।

# कुरुक्षेत्र के युवकों से 26.87 लाख हड़पे, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला**
**हरियाणा** के कुरुक्षेत्र में 2 युवकों से कबूतरबाजों ने विदेश भेजने का सपना दिखा 26.87 लाख रुपए हड़प लिए। यही नहीं, जिसके जरिए युवकों की मुलाकात एजेंट से हुई थी, उस पर भी उनके साथ शामिल होने का आरोप है। आरोपियों ने दोनों युवकों को कनाडा और अमेरिका भेजने की बात कही थी, लेकिन 3-3 माह तक अन्य देशों में धक्के खिला वापस भेज दिया। पीड़ित ने अंबाला एसपी को शिकायत सौंप कार्रवाई की गुहार लगाई है।

**दुबई से भेजा भारत:** कुरुक्षेत्र के गांव ठसका निवासी अजय कुमार ने बताया कि उसकी गांव जनसुई हैड में टैंट हाउस की दुकान है। यहां उसका पड़ोसी कैप्टन गुरमीत सिंह बीमार रहता है। वही उसकी देखभाल करता है। गांव सौंटा




निवासी संदीप का गुरमीत सिंह के घर आना-जाना चला रहता था। यहां उसके गांव के जसपाल सिंह और गुरप्रीत सिंह ने कैप्टन गुरमीत सिंह के पास पासपोर्ट देने आए थे। संदीप सिंह दोनों लड़कों के पासपोर्ट अपने साथ ले गया। दोनों युवकों को दुबई भेज दिया और 12 लाख रुपए हड़प लिए, लेकिन कुछ समय बाद दोनों युवकों को दुबई से वापस भारत भेज दिया।

**कनाडा भेजने की बजाय कोची भेजा:** शिकायतकर्ता ने बताया कि इसके बाद संदीप ने दोनों युवकों को दूसरे देश में भेजने की बात कही। आरोपी ने गुरप्रीत सिंह का कनाडा का फर्जी वीजा तैयार कराया। कनाडा भेजने की बजाय कोची भेज दिया। आरोपी संदीप ने गुरप्रीत सिंह के परिजनों को बातों में उलझा टिकट के नाम पर 3 लाख रुपए हड़प लिए। किसी न किसी तरह गुरप्रीत सिंह कोची से वापस अपने घर ठसका अली पहुंचा। संदीप ने उसके बाद रकम वापस नहीं लौटाई। उसने नग्गल थाना में शिकायत भी सौंपी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की।

**आरोपियों ने दोनों युवकों को कनाडा और अमेरिका भेजने की बात कही थी, अन्य देशों में धक्के खिला वापस भेज दिया**

**दूसरे एजेंट से 38-38 लाख रुपए में हुई डील:** शिकायतकर्ता ने बताया कि वह भी विदेश गया था। जिस जगह वो रुका था यहां उसकी मुलाकात सैंडी से हुई थी। सैंडी के जरिए उसकी मुलाकात दिल्ली निवासी कमल से बात हुई। आरोपी कमल ने कहा कि वह दोनों लड़कों को 38-38 लाख रुपए में अमेरिका भेज देगा।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available
- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच


Dr. Singh examining a patient.

आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे
DR RV SINGH (MBBS/ MS)
RVS EYE CENTER
Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre
BFH-9, SOM BAZAR ROAD, SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606
MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB | DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

## न्यूज फ्लैश

### ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जी-3 स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते तीन पदक

**सोनीपत: ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण सहित कुल तीन पदक हासिल कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। दसवीं कक्षा के छात्र यूनिक ने 76 किलो भार वर्ग में मेजबान प्रताप स्कूल के अंकुश को हरा कर स्वर्ण पदक हासिल किया। उसके सहपाठी चैतन्य ने 67 किलो में रजत पदक व निखिल ने 56 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतने में कामयाबी हासिल की। स्कूल में वापस लौटने पर पदक विजेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता यूनिक अब 4 से 6 जून तक अंबाला में होने वाली हरियाणा स्टेट जूनियर चैंपियनशिप में सोनीपत जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने कहा कि यूनिक, चैतन्य व निखिल बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। उन्हें पूरा भरोसा है की ये खिलाड़ी आगे चलकर नेशनल व इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भी स्वर्णिम सफलता हासिल कर स्कूल व सोनीपत जिले का नाम रोशन करेंगे। सीईओ संजय जैन ने कहा कि ताइक्वांडो में शुरू से ही उनके खिलाड़ियों ने प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता अर्जित की है। उन्होंने इस सफलता के लिए कोच रजनी शर्मा व खेल इंचार्ज सुरेंद्र कौशिक को भी बधाई दी। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा की ताइक्वांडो में इन खिलाड़ियों की सफलता से स्कूल में खुशी की लहर है। खास तौर पर ताइक्वांडो का नियमित रूप से अभ्यास करने वाले बच्चों में उत्साह का संचार हुआ है। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता, खेल इंचार्ज सुरेंद्र कौशिक आदि ने भी पदक विजेताओं का हौसला बढ़ाया।

### जिले में मिला एक नया कोरोना पॉजिटिव केस: सिविल सर्जन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**सिविल** सर्जन डॉ. रेनू चावला ने बताया कि शुक्रवार को जिला में कोरोना का एक नया पॉजिटिव केस मिला है। जिले में अब तक 1093264 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 240 सैंपल लिए गए। कुल सैंपलों में से अब तक 50741 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 50136 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस का एक एक्टिव पॉजिटिव केस है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं.: 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं.: 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं.: 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं.: 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं.: 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं.: 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं.: 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं.: 94162 71181)

# 'छोटे-बड़े नालों की सफाई का कार्य जोरों पर'

## सभी डिस्पोजल हाऊस पर जेनरेटर सेट और मैनपावर की रहेगी तैनाती, रेन वाटर हार्वेस्टर की सफाई का भी लगाया टेण्डर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मानसून से पहले** शहर के सभी नालों की सफाई का लक्ष्य पूरा करने के लिए नगर निगम कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। इस कार्य में कुछ जगहों की सफाई मुकम्मल होने को है, तो कुछ जगह काम शुरू करने की तैयारी है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि एन.एच.-44 से सेक्टर-4 पुलिया तक ड्रेन नम्बर-1 के अंदर से जमी गाद व घास-फूस को पोकलेन मशीन से निकालकर सफाई की गई है, जितना सम्भव था, ड्रेन की गहराई और चौड़ाई भी बढ़ाई गई है, ताकि बरसाती पानी निर्बाध रूप से प्रवाहित हो सके। इसी ड्रेन के सेक्टर-4 से हैरीटेज लॉन पुलिया तक का सफाई कार्य प्रगति पर चल रहा है, अगले कुछ दिनो में इस काम को निपटा लिया जाएगा। इससे आगे का काम सिंचाई विभाग की ओर से किया जाना है।

उन्होंने बताया कि मुगल कैनाल के फेज-3 की सफाई का कार्य जोरों से चल रहा है, एक-दो दिन में यह कम्पलीट हो जाएगा। इसके बाद फेज 1 व 2 की सफाई करवाई जाएगी। कैनाल के अंदर जमी गाद को ट्रैक्टर व पोकलेन मशीन के जरिए निकाला जा रहा है। फेज-1 व 2 का कार्य अगले 20-25 दिनो में पूरा कर दिया जाएगा। राम नगर नाला की सफाई भी कई दिनो से जारी है, अब



एक सप्ताह में यह भी मुकम्मल हो जाएगी। इसके अलावा शहर में मौजूद 24 छोटे-बड़े नालों की सफाई का कार्य भी शुरू हो चुका है। इसके तहत डाक खाने से वाया पुरानी सुविधा वाली गली मुगल कैनाल को जाने वाले नाले की सफाई का कार्य जारी है।

**13 डिस्पोजल की होगी मेंटेनेंस-** निगमायुक्त ने बताया कि शहर में निगम के अधीन 13 डिस्पोजल हैं, इनकी मेंटेनेंस का टेण्डर लगाया गया था, जो खुल गया है।

अब इस पर काम शुरू होगा, जो अगले साढे 3 महीने तक चलेगा, अर्थात पूरा बरसाती सीजन मेंटेनेंस जारी रहेगी। इस कार्य में जहां-जहां जेनरेटर सेट और मैनपावर की जरूरत पढ़ेगी, उसे कॉंट्रैक्टर अपनी जिम्मेवारी पर करवाएगा। जेनरेटर सेट पर जी.पी.एस. सिस्टम भी रहेगा। 13 में से 3 जगह ऐसी हैं, जहां नगर निगम का जेनरेटर सेट और मैनपावर है, बाकि 10 जगहों पर जेनसेट व मैनपावर लगाने के साथ-साथ उनकी मेंटेनेंस भी सम्बंधित एजेंसी ही करेगी। डिस्पोजल पर लगी मोटरे खराब होने की सूरत में ठीक करवाना भी एजेंसी की जिम्मेदारी रहेगी। सभी डिस्पोजल पर कर्मचारियों की ड्यूटी दो शिफ्टों में रहेगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा शहर में 8 ऐसी लोकेशन चिन्हित की गई हैं, जहां जल भराव की समस्या पेश आती है। इन सभी जगहों पर पम्प सेट और मैनपावर की तैनाती रहेगी। इन उपायों पर 31 लाख 9 हजार रुपये का अनुमानित खर्च आएगा।

**40 रेन वाटर हार्वेस्टर की सफाई का लगाया टेण्डर -** निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम की ओर से 40 अलग-अलग जगहों पर रेन वाटर हार्वेस्टर बनाए गए थे, इनकी मुकम्मल साफ-सफाई के लिए निगम की ओर से टेण्डर लगाया गया है, जो आगामी 8 जून को खुलेगा। इन पर सवा 2 लाख रुपये के खर्च का अनुमान तैयार किया गया है।

**छोटी नालियों की सफाई जारी-** उन्होंने यह भी बताया कि शहर में ऐसी नालियां भी हैं, जो छोटी हैं। उनकी सफाई के लिए नगर निगम की ओर से प्लान बनाया गया था, जिस पर जोरों से काम चल रहा है। सफाई शाखा के सफाई निरीक्षक व सहायक सफाई निरीक्षक की देखरेख में नालियों की सफाई का काम करवाया जा रहा है।

## भाजपा झूठी व जुमलेबाज नेताओ की पार्टी: ओमवीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**पानीपत असन्ध** रोड़ प्लाइओवर के नीचे स्थित जगदम्बा मार्किट नई टेक्नोलॉजी की नक्षत्रारा ऑफ सेट प्रिंटिंग प्रेस राजकुमार रावल द्वारा स्थापित की गई जिसका वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी ओमवीर सिंह पंवार ने पहुचकर रिबन काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित सम्मानित बुजुर्गों व युवा साथियो ने काग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार गर्मजोशी के साथ फूलमालाओं से स्वागत किया गया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियो को सम्बोधित करते हुये कहा कि भाजपा एक झूठी व जुमलेबाज नेताओ की पार्टी है जनता अब इनके झूठे वायदों व जुमलों से ऊब चुकी है इसलिये देश व हरियाणा प्रदेश में आने वाले समय मे काँग्रेस की सरकार बनाने का जनता मन बना चुकी है। कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि आज पढा लिखा नोजवान बेरोजगार है व्यापारी, किसान, मजदूर सरकार की कुनीतियों से बहुत परेशान है। भाजपा नेता झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने में माहिर है लेकिन अब जनता इनका असली चेहरा समझ चुकी है आने वाले समय मे अब जनता इनके झूठे वायदों में आने वाली नही है।

भाजपा-जजपा की सरकार के खिलाफ आज पूरा माहौल बना हुआ लोग गुस्से में है।

## गांवों में हुआ जागरूकता कैंपों का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**


**जिला** उद्यान अधिकारी डॉ. मदन लाल ने बताया कि बागवानी फसलों के विविधिकरण के लिए जिला के विभिन्न गांवों में जागरूकता कैंपों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि विभागीय टीम द्वारा जिला करनाल के विभिन्न खंडों के साथ गांव में जागरूकता कैंप लगाकर किसानों व ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही बागवानी की स्कीमों की पूर्ण जानकारी दी गई।

उप निदेशक उद्यान सीईवी घरौंडा डॉ. सुधीर यादव ने भी घरौंडा खंड के गांव कालरम के कैंप में शामिल होकर किसानों के साथ बागवानी से संबंधित जानकारी सांझा की और उन्हें फसल विविधिकरण के फायदों के बारे में जानकारी दी।



उन्होंने किसानों को विविधिकरण के तौर पर बाग, सब्जी, मसालेदार फसलें, संरक्षक खेती व प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि फसल विविधिकरण अपनाने से भूमि की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है। किसानों को सरकार द्वारा सब्जियों पर 50-85 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। जिसके तहत सामान्य श्रेणी के किसान को 15 हजार रुपए प्रति एकड़ तथा एक किसान को 5 एकड़ तक अनुदान का लाभ दिया जा सकता हैं। अनुसूचित श्रेणी के किसानों को 25500 रुपए एकड़ तथा एक एकड़ के लिए ही अनुदान का लाभ मिल सकता हैं। उन्होंने बताया कि शतानुसार किसान की सब्जी पर अनुदान का लाभ लेने के लिए सब्जी की फसल को किसी न किसी तकनीक के साथ लगानी होगी जैसे कि सुक्ष्म सिचांई/बांस तार के साथ/ प्लास्टिक मल्चिंग/प्लास्टिक टनल/फ्वारा सिस्टम इत्यादि। ठेके पर जमीन लेकर कास्त करने वाले किसानों को भी यह लाभ सीधा उनके ही खाते में दिया जा सकता हैं। अनुसूचित श्रेणी के किसान यदि किसी का खेत ठेके पर लेकर सब्जी की कास्त करता है तो उसे सामान्य श्रेणी के किसान के अनुसार 15 हजार रुपए प्रति एकड़ का ही लाभ मिलेगा।

## सिविल पैन्शनरज वैल्फेयर एसो. के लिये मानक ब्यूरो ने जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** करनाल क्लब में हरियाणा सिविल पैन्शनरज वैल्फेयर एसोसिएशन के लिये भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि हरियाणा शाखा चंडीगढ़ के निदेशक तथा मुख्य वैज्ञानिक सौरव तिवारी एवं ज्वाइंट डायरेक्टर एण्ड साइंटिस्ट दीपक कुमार का एसोसिएशन के राज्य प्रधान एसएल दुरेजा ने पुष्प गुच्छे देकर अभिनंदन किया। मंच संचालन महासचिव सुभाष यादव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीयगान से किया गया। आईएसआई हालमार्क तथा रोजमर्रा के जीवन में उपयोग की जाने वाले सामान-सामग्री, उपकरण, गहने, जेवर, फर्नीचर एवं अन्य उभोक्ता सामान की महत्वता-गुणवता, उपलब्धता, मात्रा, स्थायितत्व के मानक स्टैंडर्ड की महत्वपूर्ण जानकारियां तथा प्रश्नोत्तर किए गए।

मुख्य अतिथि सौरभ तिवारी ने आए हुए पैन्शनरज का धन्यवाद किया तथा करनाल शहर के गौरव पर प्रकाश डाला।

## जिले में लगाई धारा-144

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**जिलाधीश** अनीश यादव ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश पारित कर मुख्यमंत्री के 3 व 4 जून को करनाल के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर निर्धारित क्षेत्र में ड्रोन को उड़ाए जाने पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी। आदेशों के तहत मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा विभिन्न कार्यक्रम स्थलों व अपने विधानसभा क्षेत्र में अन्य कई स्थानों का दौरा किए जाने की संभावना है, में मुख्यमंत्री की सुरक्षा कारणों के मद्देनजर एक किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र में ड्रोन (यूएवी) की उड़ान प्रतिबंधित रहेगी।

## 'शरीर को डिटॉक्स करने से अंदरूनी अंग होते हैं स्वस्थ'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग कक्षा फव्वारा पार्क सेक्टर 12 में विशेष योग सत्र का आयोजन हुआ। इस दौरान योग गुरु दिनेश गुलाटी ने साधकों को विभिन्न प्रकार के आसनों, योग क्रियाओं एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। दिनेश गुलाटी ने साधकों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया और बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली वर्मा रविवार को सवा लाख सूर्य नमस्कार में हिस्सा लेंगी।

उन्होंने साधकों को बैठकर किए जाने वाले आसन, जिनसे रीढ़ की हड्डी को मजबूती और लचीलापन मिल सके, करवाए। उन्होंने योग साधकों को प्राणायाम की विधि और लाभ के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने बताया कि हम अपने शरीर को डिटॉक्स कैसे कर सकते हैं। इसके लिए अपनी

### 8 गुलाटी ने साधकों को विभिन्न प्रकार के आसनों, योग क्रियाओं एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया

जीवन शैली में परिवर्तन लाना आवश्यक है। खानपान की आदतों को सुधारें और जीवन में योग प्राणायाम को अपनाएं। इसके द्वारा हम श्वसन संबंधी हर समस्या को दूर कर सकते हैं और लंबी उम्र तक स्वस्थ रह सकते हैं। दिनेश गुलाटी ने बताया कि शरीर को डिटॉक्स करने से अंदरूनी अंग स्वस्थ होते हैं और शरीर से टॉक्सिंस बाहर निकलते हैं। योग प्राणायाम इसमें मदद करता है। अनुलोम विलोम श्वास संबंधी सभी रोगों को दूर करता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। कक्षा में योग शिक्षक और साधक मौजूद रहे और उन्होंने ध्यानपूर्वक अभ्यास किए।

## ऑल यूनिवर्सिटीज योगासन खेल प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की छात्राएं रही द्वितीय

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**खेलो** इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तत्वावधान में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में 1 से 3 जून तक आयोजित की जा रही ऑल यूनिवर्सिटीज योगासन खेल की महिलाओं की फाइनल प्रतियोगिता में आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीत कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन

### 8 कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक पर कब्जा जमाया

किया है। योगासन खेल फाइनल प्रतियोगिता में देश के कुल 17 विश्विद्यालयों के 102 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें महिलाओं की आठ और पुरुषों की नौ टीम पदक जीतने के लिए मुकाबला कर रही हैं। इस आयोजन में नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के अध्यक्ष उदित सेठ तथा नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के महासचिव एवं हरियाणा योग आयोग के कर्मठ एवं ऊर्जावान चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य मुख्य रूप से उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का प्रोत्साहन कर रहे हैं। स्मरण रहे कि इस प्रतियोगिता का आयोजन पिछले दो वर्षों से किया जा रहा है और टीमों का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। इस वर्ष 275 विश्विद्यालयों के योगासन खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की थी, जिसमें से 17 विश्विद्यालयों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया गया है। हरियाणा प्रदेश से कुल पांच टीम चयनित हुई हैं जिनमें महिला वर्ग की दो एवं पुरुष वर्ग की तीन टीम शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में अंकों का निर्धारण तीन आधार पर किया जा रहा है।

## किसानों के लंबित मामलों को लेकर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। किसानों** के जो मामले राष्ट्रीयकृत बैंकों या निजी बैंकों या जिला उपभोक्ता फोरम या परमानेंट लोक अदालत या किसी अन्य फोरम में लंबित हैं तो उन मामलों को जल्दी निपटाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने एक संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने की। इस मौके पर उप निदेशक, कृषि विभाग डॉ.आदित्य प्रताप डबास और जिला अग्रणी प्रबंधक एस.के. हिंदूजा व अन्य बैंकों के बैंक प्रबंधकों उपस्थित रहे।

मीटिंग में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों के क्लेम केसों पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कोट्स कंज्यूमर फोरम एवं लोक अदालतों में पेंडिंग है या बैंकों में लंबित क्लेम केसों में मुफ्त कानूनी सहयता प्रदान करने के लिए जागरूकता कैंप लगाए जा रहे हैं। किसानों को मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में अवगत एवं जागृत किया जाए कि यदि वे अपने स्तर पर वकील नहीं ले सकते तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मुफ्त कानूनी सहायता लेकर अपने मुकदमे की पैरवी संबंधित न्यायालय में या बैंक में जहां भी उसका मामला प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तह विचाराधीन है, कर सकता है।

## 'खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से लिख सकता है गौरवशाली इतिहास'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**खिलाडियों** को प्रोत्साहित करने के लिए शेखुपुरा सुहाना गांव में शिव बाक्सिंग क्लब के तत्वाधान में एक दिवसीय बाक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

क्लब के अध्यक्ष एशियन गेम में विजेता गोल्ड मैडलिस्ट सुमित सांगवान की अगुवाई में आयोजित इस चैंपियनशिप में प्रदेशभर से आए खिलाडियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रर्दशन करके खेल प्रेमियों को रोमांचित कर दिया। चैंपियनशिप में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और खिलाडियों को खेल भावना के साथ अपना खेल कौशल का प्रदर्शन करने के लिए



प्रोत्साहित किया। चैंपियनशिप आयोजकों ने स्मृत्ति चिन्ह भेंट कर भाकियू प्रदेशाध्यक्ष को सम्मानित किया और सामाजिक कार्यों में उनके अहम योगदान की सराहना करते हुए उन्हें ईमानदार, कर्मठ व पंचायती नेता बताया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग में वह मादा है, जिससे वे देश का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिख सकते हैं। आपसी भाईचारे की भावना को सर्वोपरि रखते हुए प्रत्येक युवा को देश के नवनिर्माण में अपनी भागेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का स्वर्ण अक्षरों में लिखने वाले युवाओं पर प्रत्येक भारतीय को गर्व करना चाहिए।

युवा वर्ग को भी नशा इत्यादि से दूर रहकर एक स्वच्छ समाज की स्थापना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी, तभी देश का सवार्गीण विकास संभव है। रतन मान ने कहा कि सरकार को भी खिलाडियों की भावना को समझते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए विशेष योजनाएं बनाकर उनका जीवन स्तर सुधारने की पहल करनी होगी, जिससे खिलाडियों को आने वाले समय में परेशानियों से जूझना न पड़े। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के हरियाणा के उत्तरी प्रभारी मेहताब कादियान, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन, प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान, प्रदेश संगठन सचिव शामसिंह मान, वेद सांगवान सहित सैकड़ों की तादाद में ग्रामीणों ने भी खिलाडियों को प्रोत्साहित किया।

करनाल, 03 जून 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# प्रचंड के भारत दौरे से चीन चिढ़ सकता है !

अशोक भाटिया

> दोनों प्रधानमंत्रियों के साथ प्रतिनिधि मंडल स्तर की बैठक हुई। इस दौरान अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, शिक्षा क्षेत्र और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर मंथन किया गया। भारत और नेपाल ने व्यापार और ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी और उनके समकक्ष प्रचंड ने संयुक्त रूप से भारत और नेपाल के बीच मोतिहारी-अमलेखगंज तेल पाइपलाइन के फेज-2 का शिलान्यास किया। रेलवे के कुर्था-बीजलपुरा खंड की ई-योजना का भी अनावरण किया। दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से बथनाहा से नेपाल कस्टम यार्ड तक भारतीय रेल कार्गो ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री प्रचंड ने प्रधानमंत्री मोदी को नेपाल आने का न्योता दिया है

**भारत** और नेपाल की दोस्ती के लिए गुरुवार को बेहद अहम दिन था। भारत के दौरे पर आए नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर भारत और नेपाल की दोस्ती को नया आयाम दिया है। नेपाल के प्रधानमंत्री ने गुरुवार को दिल्ली में स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच काफी गर्मजोशी दिखी। इसके बाद दोनों प्रधानमंत्रियों के साथ प्रतिनिधि मंडल स्तर की बैठक हुई। इस दौरान अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, शिक्षा क्षेत्र और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर मंथन किया गया। भारत और नेपाल ने व्यापार और ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी और उनके समकक्ष प्रचंड ने संयुक्त रूप से भारत और नेपाल के बीच मोतिहारी-अमलेखगंज तेल पाइपलाइन के फेज-2 का शिलान्यास किया। रेलवे के कुर्था-बीजलपुरा खंड की ई-योजना का भी अनावरण किया। दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से बथनाहा से नेपाल कस्टम यार्ड तक भारतीय रेल कार्गो ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री प्रचंड ने प्रधानमंत्री मोदी को नेपाल आने का न्योता दिया है।

बता दें कि नेपाल के प्रधानमंत्री भारत के चार दिवसीय दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भविष्य में अपनी पार्टनरशिप को सुपरहिट बनाने के लिए बहुत से महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रधानमंत्री प्रचंड के साथ संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज ट्रांजिट एग्रीमेंट संपन्न किया गया है। इसमें नेपाल के लोगों के लिए, नए रेल रूट्स के साथ-साथ, भारत के इनलैंड वाटर वे की सुविधा का भी प्रावधान किया गया है। आज भारत और नेपाल के बीच ह्यलॉन्ग टर्म पावर ट्रेड एग्रीमेंटह्व संपन्न हुआ है। इससे अगले दस सालों में भारत नेपाल से 10 हजार मेगावाट बिजली आयात करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और नेपाल के धार्मिक और सांस्कृतिक संबंध बहुत पुराने और मजबूत हैं। इस सुंदर कड़ी को और मजबूती देने के लिए प्रधानमंत्री प्रचंड और मैंने निश्चय किया है कि रामायण सर्किट से संबंधित परियोजनाओं में तेजी लाई जानी चाहिए। हम अपने रिश्तों को हिमालय जितनी



ऊंचाई देने के लिए काम करते रहेंगे और इसी भावना से हम सभी मुद्दों को, चाहे बाउंडरी का हो या कोई और विषय, सभी का समाधान करेंगे।

मोदी ने कहा कि मुझे याद है, नौ साल पहले, 2014 में, कार्यभार संभालने के तीन महीने के भीतर मैंने नेपाल की अपनी पहली यात्रा की थी। उस समय मैंने भारत-नेपाल संबंधों के लिए एक ह्यहिटह्व फामूर्ला दिया था-हाई-वे, आई-वे और ट्रान्स -वे। मैंने कहा था कि भारत और नेपाल के बीच ऐसे संपर्क स्थापित करेंगे कि हमारे बॉर्डर्स, हमारे बीच बैरियर न बने। नेपाल के लोगों के लिए नए रेल रूट्स शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा वहां के रेलकर्मियों को ट्रेनिंग भी दी जाएगी।ट्रकों की जगह पाइपलाइन से तेलों का निर्यात होना चाहिए, साझा नदियों के ऊपर बांध बनाए जाने चाहिए, नेपाल से भारत को बिजली निर्यात करने के लिए सुविधाएं बनाई जानी चाहिए। आज नौ सालों बाद मुझे कहते हुए खुशी हो रही है कि हमारी पार्टनरशिप वाकई में हिट है।

गौरतलब है कि नेपाली प्रधानमंत्री के भारत दौरे से कुछ घंटे पहले ही नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने नागरिकता कानून में एक विवादास्पद संशोधन को अपनी सहमति दे दी है जो नेपालियों से शादी करने वाले विदेशियों को राजनीतिक अधिकारों के साथ-साथ उन्हें तुरंत नागरिकता प्रदान करता है। चीन नेपाल के इस कानून का हमेशा से विरोध करता रहा है और माना जा रहा है कि नेपाल के इस कदम से वो नाराज है। परिस्थितियों में नेपाली प्रधानमंत्री का भारत दौरा बेहद अहम माना जा रहा है। दिसंबर 2022 में प्रधानमंत्री पद ग्रहण करने के बाद प्रचंड की यह पहली विदेश यात्रा है । एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस नागरिकता संशोधन पर नेपाल की पूर्व राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने दो बार सहमति जताने से इनकार कर दिया था। माना गया कि चीन के प्रभाव में उन्होंने इसे मंजूरी नहीं दी थी।

नेपाली कानून में यह संशोधन नेपाल के नागरिकता कानून को दुनिया के सबसे उदार कानूनों में से एक बनाता है। राष्ट्रपति पौडेल के कानून को अपनी सहमति देने से चीन परेशान हो सकता है। चीन इन कानून को लेकर नेपाल को चेतावनी देता आया है कि यह कानून तिब्बती शरणार्थियों के परिवारों को नागरिकता और संपत्ति का अधिकार दे सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले नौ सालों में भारत और नेपाल ने मिलकर कई क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने आगे कहा, 'मैंने और प्रधानमंत्री प्रचंड ने भविष्य में अपनी साझेदारी को सुपरहिट बनाने के लिए बहुत से महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। हमने ट्रांजिट एग्रीमेंट शामिल है जिसमें नेपाल के लोगों के लिए नए रेल मार्गों के साथ-साथ भारत के इन-लैंड वाटरवेज की सुविधा भी प्रावधान किया गया है। साथ ही भारतीय रेल संस्थानों में नेपाल के रेल कर्मियों को प्रशिक्षित करने का भी निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने जानकारी दी कि प्रचंड से द्विपक्षीय बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के बीच लॉन्ग टर्म पावर समझौता हुआ है। इसके तहत आने वाले 10 सालों में भारत ने नेपाल से 10 हजार मेगावाट बिजली आयात करने का लक्ष्य रखा है। नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड का रिश्ता भारत के साथ बहुत पुराना है। नेपाल में 1996 से लेकर 2006 तक गृहयुद्ध का दौर था। यह गृहयुद्ध नेपाल की राजशाही और माओवादियों के बीच चल रहा था। इस दौरान प्रचंड समेत कई माओवादी नेता अपना देश छोड़कर भारत में रह रहे थे। नेपाल के लोगों में जब माओवादियों के खिलाफ गुस्सा बढ़ा तब भारत ने ही प्रचंड समेत नेपाल के माओवादी नेताओं से शांति समझौते पर बात की थी। नवंबर 2006 में नई दिल्ली में माओवादियों की सात पार्टियों ने 12 सूत्री समझौते पर हस्ताक्षर किया था। इस समझौते के बाद नेपाल में आम चुनाव हुए जिसमें माओवादियों को जनता का भारी समर्थन मिला। माओवादी चुनाव जीत गए और प्रचंड पहली बार नेपाल के प्रधानमंत्री बने । प्रचंड जब 2008 में पहली बार प्रधानमंत्री बने, तब उन्होंने भारत आने के बजाए चीन जाना पसंद किया था। जबकि नेपाल में यह परंपरा रही है कि कोई भी शीर्ष नेता पद ग्रहण करने के बाद सबसे पहले भारत की यात्रा करता है। प्रचंड ने उस परंपरा को चीन के प्रभाव में आकर तोड़ दिया था। प्रचंड भारत को लेकर पूर्व में कई ऐसे बयान दे चुके हैं जिससे दोनों देशों के रिश्तों पर असर पड़ा।

एक बार उन्होंने कहा था कि भारत और नेपाल के बीच जो भी समझौते हुए हैं, उन्हें या तो खत्म कर देना चाहिए या बदल देना चाहिए। साल 2016-17 के बीच प्रचंड जब फिर से प्रधानमंत्री पद पर थे तब उन्होंने कहा था कि नेपाल अब वो नहीं करेगा, जो भारत कहेगा।

साल 2017 में प्रचंड से नेपाल की सत्ता छिन गई और नेपाली कांग्रेस के शेर बहादुर देउबा प्रधानमंत्री बन गए। प्रचंड ने जब देखा कि भारत के साथ रिश्ते खराब कर उनका राजनीतिक नुकसान हो रहा है, तब उन्होंने एक बार फिर भारत से रिश्ते सुधारने की कोशिशें शुरू कर दी। जुलाई 2022 में उन्होंने भारत का दौरा किया। इस दौरे को लेकर प्रचंड ने कहा कि वो बीजेपी के बुलावे पर भारत आए हैं। इस दौरे में उन्होंने बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। प्रचंड की कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल के एक वरिष्ठ नेता गणेश शाह ने कहा था कि इस दौरे का उद्देश्य भाजपा और के बीच संबंधों को मजबूत करना था।

## संपादकीय

# भारतीय संस्कृति और सभ्यता

**वैश्विक** स्तरपर करीब -करीब हर दिन किसी न किसी के नाम पर मनाया जाता है, जिसमें उस मनोनीत क्षेत्र रिश्ते या धर्म का रिश्ता प्रगाढ़य होता है। परंतु मेरा मानना है कि सभी दिवस से सबसे श्रेष्ठ दिन माता पिता दिवस है जिसको सम्मान समर्पण प्रेमभाव के साथ संपूर्ण विश्व में दिनांक 1 जून 2023 को मनाया गया। भारत में तो माता पिता दिवस को ईश्वर अल्लाह का दर्जा प्राप्त है। हर बच्चे के लिए उसके माता-पिता एक देवतुल्य देवदूत हैं जिन्होंने उसे अपनी आज की सफलताओं के शिखर पर पहुंचाया है। इसलिए अनेक शहरों नगरों स्कूलों में माता-पिता के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए गए और बड़ी संख्या में बच्चे युवक बड़े अपने माता पिता के साथ पहुंचे और बड़े बुजुर्गों माता-पिता की पूजा अर्चना की गई जिससे माता-पिता बुजुर्गों की आंखों में आंसू आ गए और उन्होंने कहा के बच्चों की खुशियों में ही हमारी खुशीयां है। हमारी भारतीय संस्कृति में ही माता-पिता का सम्मान है, इसलिए ही आज हर वक्तव्य में भारतीय संस्कृति सभ्यता से जुड़े रहने का आह्वान किया जाता है। वर्तमान पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव से आधुनिक युवा उसके झांसे में आते जा रहे हैं और परिवार टूटते जा रहे हैं जिसे जागृत करने के लिए हमें माता-पिता दिवस, मातृ दिवस, परिवार दिवस जैसे अनेकों दिवसों का आयोजन हर समाज और पंचायत स्तरपर गंभीरता से करना चाहिए। मेरा मानना है कि यह दिवस वार्षिक नहीं बल्कि मासिक साप्ताहिक स्तरपर मनाना चाहिए जिससे आधुनिक युवकों में जागृति आएगी। जिस भव्यता से 1 जून 2023 को माता-पिता दिवस मनाया गया है उसमें भारतीय संस्कृति सभ्यता की गहरीगहराई का आभास हुआ। माता-पिता बुजुर्गों का सम्मान देखकर अनेकों की आंखों में खुशियों के आंसू भर आए। बस! यही भारतीय संस्कृति और सभ्यता वैश्विक स्तरपर प्रसिद्ध है। हर व्यक्ति समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे तो कोई हमारी संस्कृति को आहत नहीं कर सकता। सांस्कृतिक मूल्यों का हनन न हो, इसका सभी को ध्यान रखना होगा। माता पिता दिवस पर मनाए गए कार्यक्रम में बुजुर्गो और युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह अपने किस्म का एक अनूठा अनुभव था। चूंकि हमने आज माता-पिता दिवस मनाए हैं इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे सुनिए जी ! मम्मी पापा आप अपने बच्चों के लिए खुदा से भी बढ़कर हैं। साथियों बात अगर हम माता पिता दिवस के महत्व की करें तो, वैश्विक माता-पिता दिवस बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह बच्चों की परवरिश और समाज को आकार देने में माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है और सम्मानित करता है। यह परिवारों की भलाई के लिए बढ़ावा देने और वकालत करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है और अगली पीढ़ी के पोषण में माता-पिता के मार्गदर्शन के महत्व पर जोर देता है। यह पालन दुनियां भर में माता-पिता के प्यार, बलिदान और समर्पण पर प्रकाश डालता है, जबकि उनकी जिम्मेदारियों की गहरी समझ और प्रशंसा को बढ़ावा देता है। माता-पिता के वैश्विक दिवस का उद्देश्य परिवारों के लिए जागरूकता, समर्थन और सकारात्मक परिवर्तन पैदा करना है, अंततः व्यक्तियों, समुदायों और बड़े पैमाने पर दुनियां की भलाई और विकास में योगदान देना है।

## कविता

**सांझी है बेटियाँ**

समाज में अनैतिकता देख,
खामोश कब तक रहेगा जनमानस,
बेटियों पर हो रहे जुल्म पर
मौन रहेगा आखिर कब तक,
तमाशबीन बन कब तक यूँ ही
नजरों से रहेंगे भागते जन,
क्या जुल्म किसी की बेटी पर होता देख,
यूँ ही कौरव सभा का
हिस्सा बनता रहेगा मानव,
देख द्रौपदी का चीरहरण
कब तक चुप्पी साधेंगे हम,
यकीनन समाज हमारा
दुर्योधन और दुशासन से है घिरा हुआ,
तभी साहिल को आज
कश्ती डुबोने का दुस्साहस मिला।
कितनी बेटियों के श्राद्ध का
साक्षी बनेगा इंद्रप्रस्थ आज का,
क्या बन पाएगा योगी कृष्ण कोई,
बचाने आएगा जो लाज
बेटियों की,
अंधा हुआ सामाज आज का या
हुआ मतलबपरस्त फिर,
सोचकर यही क्या फर्क पड़ता है
और क्या लेना देना मुझे,
अपेक्षा जिस सामाज से अबला की हो,
उपेक्षा वहीं समाज अब
आँख मूंद के कर रहा है,
बेटी पर दरिंदगी का गवाह
समाज तमाशबीन निर्लज्ज सा है।
जब गिरने लगे ईमारत जमीर की,
हावी होने लगे जब कौरव पक्ष तो,
निश्चित ही खुद के मन से
महाभारत जरूरी है,
ताकि बलिदान हो ना फिर
कभी किसी मासूम बेटी का,
सांझी है बेटियाँ सबकी
गर जुल्म उन पर हो तो,
मौन तमाशा देखना भी
अपराध घिनौना सिद्ध हो ।

मुनीष भाटिया

# भारत महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर

**सुनील कुमार महला**

**हाल** ही में सैटेलाइट तस्वीरों से इस बात का खुलासा हुआ है कि हमारे देश के पड़ौसी चीन (ड्रैगन) के मंसूबे ठीक नहीं हैं। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि चीन ने एलएसी यानी कि वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास रनवे, मिसाइल बेस और पुल बनाए हैं। चीन सदैव भारत के साथ भारतीय चीनी भाई भाई का राग अलापता रहा है लेकिन साथ ही पीठ में छुरा घोंपने का काम भी करता रहा है। वास्तव में चीन एक ऐसा देश रहा है जिसकी नीति हमेशा हमेशा से विस्तारवादी रही है। दरअसल, चीन की दूसरे देशों के क्षेत्र पर कब्जा जमाने की नीति को ही विस्तारवादी नीति कहा जाता है। चीन अपनी विस्तारवादी नीति के तहत विभिन्न देशों में ना केवल उनकी जमीनी सीमा पर बल्कि उनकी समुद्री सीमा पर भी यह रहकर घुसपैठ करता रहता है, उसकी यह आदत रही है कि वह सभी देशों की समुद्री सीमाओं पर अपना अधिकार जमाता रहा है।चीन, भारत के पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश में 90 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर अपना दावा करता है जबकि भारत कहता है कि चीन ने पश्चिम में अक्साई चिन के 38 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि कुछ समय पहले ही अमेरिका की बाइडेन सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही थी कि चीन भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने को लेकर(सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति होने के बावजूद) बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। अमेरिका ने कहा है कि चीन के साथ सीमा को लेकर लंबे समय से भारत का विवाद चल रहा है। दोनों देशों ने बॉर्डर से सटे अपने-अपने इलाकों पर बड़ी तादाद में सैनिकों की तैनाती कर रखी है और चीन दोनों देशों के बीच जारी शांति वार्ता को गंभीरता से नहीं ले रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्वी लद्दाख में कुछ पॉइंट्स पर भारत और चीन की सेना के बीच पिछले दो-तीन सालों से टकराव जारी है। भारत का इस मुद्दे पर क्लीयर स्टैंड है कि जब तक सीमा पर शांति स्थापित नहीं हो जाती, चीन के साथ द्विपक्षीय संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं और अब सैटेलाइट तस्वीरों से भी यह साफ पता चलता है कि ड्रैगन की चाल टेढ़ी है और वह भारत के साथ शांति स्थापित करने का पक्षधर नहीं है। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि माह मई 2020 में भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी और उसके बाद से ही चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब भौगोलिक सीमा में हवाई क्षेत्रों का विस्तार कर रहा है। इसी क्रम में हाल ही में जो सैटेलाइट तस्वीरें आईं हैं उनसे यह पता चलता है कि चीन ने अपने सैनिकों को तेजी से तैनात करने और आक्रामक क्षमताओं के लिए बड़े पैमाने पर अपने हवाई क्षेत्रों, हैलीपेडों, रेलवे सुविधाओं, सड़कों और पुलों के साथ ही विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर यहां तक कि मिसाइल बेस तक का निर्माण किया बताते हैं,

यह दर्शाता है कि चीन के मंसूबे ठीक नहीं हैं और वह एक तरफ तो भारत के साथ शांति,संयम व भाईचारे की बात करता है लेकिन बगल में छुरी रखकर भारत पर प्रहार करने का मंसूबा भी रखता है।

## विचार

# धनाढ्य प्रवासी भारतीय और राहुल गांधी की ओछी सियासत

**कमलेश पांडेय**

**पिछले** तीन दशकों में भारतीय राजनीति में दो महत्वपूर्ण बदलाव महसूस किए जा रहे हैं, जो नई आर्थिक नीतियों के राजनीतिक साइड इफेक्ट्स समझे जा सकते हैं। पहला, नेताओं व उनके भरोसेमंद कार्यकताओं के बीच विश्वास दिन ब दिन घटता जा रहा है और ग्लोबल-नेशनल पीआर एजेंसी इस जगह को तेजी से भरती जा रही हैं। दूसरा, राजनेताओं और नौकरशाहों की अंदरूनी सांठगांठ औद्योगिक घरानों व कारोबारियों से बढ़ती जा रही है और उनके मनमाफिक कानून बदले जा रहे हैं। देखा जाए तो इन दोनों घटनाओं की वजह से समाजवादी लोकतंत्र, कब पूंजीवादी लोकतंत्र में तब्दील हो गया, पता ही नहीं चला! आहिस्ता-आहिस्ता यह प्रक्रिया और तेज ही होती जा रही है, जिससे पढ़े लिखे और पैसे वाले लोगों के बजाय आम आदमी के हित ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं, नकारात्मक अर्थों में। जिस हिसाब से व्यक्ति विशेष के खर्चे बढ़े हैं, उत्तरदायित्व बढ़ रहे हैं, आमदनी बिल्कुल नहीं! बदलते राजनीतिक माहौल में देश व समाज में पैसे को सर्वोच्च तरजीह दी जा रही है तथा जो लोग पैसे से पैसा और पावर से पैसा बनाने की कला में निपुण हैं, उनकी हर जगह पर पूछ बढ़ती जा रही है। ऐसे प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में धनाढ्य प्रवासी भारतीयों की पूछ हर दल में बढ़ी है, लेकिन उन्हें अपनाने के चक्कर में ओछी राजनीति भारतीय राजनेताओं के द्वारा की जा रही है। सच कहूं तो विदेशी की धरती से बयानबाजी सम्बन्धी जो गलतियां की जा रही हैं, उससे केंद्रीय मंत्रीगण भी बिफर पड़े हैं। इससे भारत और भारतीयों का भी चिंतित होना स्वाभाविक है। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बड़बोलेपन पर तो सवाल उठते ही रहते हैं, लेकिन उनसे प्रतिस्पर्धा स्वरूप कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा जो 'लक्षित बयान' दिए जा रहे हैं, उससे उन्हें कितना राजनीतिक लाभ मिलेगा, ये तो वही जानें। लेकिन भारत की कथित कमजोरियों को जो प्रवासी भारतीयों के बीच में उठाया जा रहा है, उससे विदेशों में भारत का, भारतीयों का खुल्लमखुल्ला अपमान होता है। इससे एक मजबूत राष्ट्र के रूप में भारत की अंतर्राष्ट्रीय छवि पर भी बट्टा लगता है, जो सार्वजनिक चिंता का विषय है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि जैसे बहुमत के चक्कर में हमारे राजनेताओं ने देश के भीतर जाति, धर्म, भाषा व क्षेत्र आदि के आधार पर विभेद परोसकर अपने-अपने मजबूत समर्थक वर्ग तैयार कर लिए हैं, उसी प्रकार से ये विदेशों में भी प्रवासी भारतीयों को पटाना चाहते हैं, ताकि बैक चैनल से या डायरेक्ट उनकी वित्तीय मदद मिलती रहे। गोया, जब पीएम मोदी ने राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के नाम पर प्रवासी भारतीयों के एक बड़े तबके को अपने साथ कर लिया तो अब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी धर्मनिरपेक्षता और तुष्टीकरण की आड़ में प्रवासी भारतीयों के एक बड़े वर्ग को अपने साथ साधना चाह रहे हैं, ताकि उनके मिशन 2024 को बल मिले। यहां पर यह याद दिलाना जरूरी है कि विदेशों में कभी तिरंगा का अपमान करने, कभी भारतीय दूतावास पर विरोध प्रदर्शन करने, कभी हिन्दू देवी-देवताओं का अपमान करने, कभी फिल्मों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने या उनके पक्ष में रैलियां निकालने के जो प्रायोजित कार्यक्रम होते हैं, उसके पीछे स्थानीय संगठनों और चर्चित पीआर एजेंसियों की भूमिका जगजाहिर है। ऐसे ही लोग विभिन्न संगठनों के बैनर तले भारतीय नेताओं के कार्यक्रम आयोजित करवाते हैं और अपने सही-गलत दोनों इरादे की पूर्ति करते हैं। इसलिए आशंका है कि यहां उठने वाले मुद्दे भी ग्लोबल पीआर एजेंसी ही सुझाती होंगी। कोढ़ में खाज यह कि वह अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन जैसे देशों की भारतीय रणनीति को भी ऐसी पीआर एजेंसी पर्दे के पीछे से अवश्य ही अमलीजामा पहनाती होगी, ताकि भारतीय नेतृत्व हमेशा उनका पिछलग्गू बना रहे। समझा जाता है कि हमारे नेतागण जानबूझकर भी व्यक्तिगत लाभ के लिए इन स्थितियों-परिस्थितियों को नजरअंदाज कर देते होंगे। हाल के वर्षों में देखा जा रहा है कि जिन सियासी सीढ़ियों से पीएम मोदी ने राजनीतिक बुलंदियां हासिल कीं, लगभग वही तौर तरीके राहुल गांधी भी अपना रहे हैं और कुछ कुछ मजबूत भी हुए जा रहे हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बेमौसम बारिश का फसलों पर असर पड़ेगा

**विजय गर्ग**

**मई** में बेमौसम बारिश के कारण फसलें जो अभी काटी जानी हैं, और जो पौधे वर्तमान में उगाए जा रहे हैं, वे प्रभावित होंगे। मई में बेमौसम बारिशः उत्तर पश्चिम भारत, मध्य भारत और दक्षिणी प्रायद्वीप में 27 अप्रैल, 2023 से 3 मई तक सामान्य से अधिक बारिश हुई। मई के पहले तीन दिनों में, इन क्षेत्रों में 18 प्रतिशत, 268 प्रतिशत, और क्रमशः सामान्य से 88 प्रतिशत अधिक वर्षा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, इस अवधि के दौरान पूरे देश में सामान्य से 28 प्रतिशत अधिक बारिश हुई। इस बेमौसम बारिश के कारण दिल्ली में 13 साल में दूसरा सबसे ठंडा मई दिवस रहा। लेकिन जो फसलें अभी काटी जानी हैं, और जो पौधे वर्तमान में उगाए जा रहे हैं, वे इस बेमौसम बारिश के कारण प्रभावित होंगे, बेमौसम बारिश के वैज्ञानिक कारण और जलवायु परिवर्तन की भूमिका पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण, जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र से नमी लाने वाली एक मौसम प्रणाली है, दिल्ली में 13 वर्षों में दूसरा सबसे ठंडा मई दिवस देखा गया। पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवातीय परिसंचरणों के संयुक्त प्रभाव के परिणामस्वरूप मई में हुई अभूतपूर्व वर्षा हुई। दिल्ली ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण 13 वर्षों में दूसरा सबसे ठंडा मई दिवस देखा, जो एक मौसम प्रणाली है जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र से नमी लाती है। इस मौसम प्रणाली के कारण आसमान में बादल छाए रहे, रुक-रुक कर बारिश हुई और अपेक्षाकृत ठंडा तापमान हुआ। पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोन तौक्ताई (2021) के संयुक्त प्रभाव के कारण उत्तर भारत में मई में अभूतपूर्व वर्षा हुई, जिससे नमी की मात्रा और वायुमंडलीय अस्थिरता में वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप भारी वर्षा हुई।

बदलती जलवायु चक्रवात, बाढ़ और सूखे जैसी चरम मौसमी घटनाओं में वृद्धि करके इन घटनाओं में एक भूमिका निभा रही है। जैसे-जैसे जलवायु गर्म होती जा रही है, इन चरम मौसम की घटनाओं के लगातार और तीव्र होने की उम्मीद है, जिससे मौसम के पैटर्न में अधिक परिवर्तनशीलता हो सकती है।

# अस्पताल नहीं हँसता पाताल

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक मरीज** आगे वाले को कोहनी करते बुदबुदायाझ्र कितना समय और लगेगा। उसे कोई जवाब न मिला। मन तो किया जम कर फटकार लगा देझ्र आखिर हमें इतना इंतजार क्यों कराया जा रहा है? हम यहाँ न तो पार्टी के टिकट के लिए खड़े हैं न राशन की दुकान पर, फिर देर क्यों? तभी उसे याद आया वह मरीज है। उसे मरीजों की मयार्दा का पालन करना चाहिए और चुप रहना चाहिए। घर वालों के बार-बार समझाने पर भी चिलमिलाती धूप में धरना देने गया था। आज धरना देना बहरों के कानों में डीजे बजाने के बराबर है। मरीज और विपक्ष दोनों समय के मारे होते हैं। जब तक योग न हो तब तक दोनों को चुपचाप रहना चाहिए। लेकिन हैं तो दोनों समय के मारे। बिना चूँ-चाँ किए कैसे रह सकते हैं। इसीलिए बीच-बीच में जिंदा रहने के लिए कराहते रहते हैं। दूसरा मरीज पहले मरीज के कराहने से थोड़ा कसमसाया। फिर बोला शटअप। वार्ड ब्वाय लड़की से चिट-चैट करते हुए भी हमारा कितना ध्यान रख रहा है। शुक्र मनाइए कि वह ईमानदार है, नहीं तो हमारा नंबर यहाँ तक भी नहीं पहुँच पाता। हम अकेले ही नहीं बाकी के मरीज भी कितने परेशान हैं। ट्राई टू अंडरस्टैंड। पहले वाला अब खुल कर बोल सकता था क्योंकि मयार्दा का उल्लंघन दूसरी ओर से हुआ था। बोला, "तुझे हुआ क्या?ह्व

"घर जल्दी आकर समाचार देखने का यह हाल है।" दूसरे ने आ-ऊँ करते हुए कहा। तब तक तीसरा बोल पड़ा, "समाचार चैनल? कम से कम तुम कुछ देखकर बीमार पड़े हो। मैं तो बिना कुछ देखे इसकी उसकी बातों में आकर बीमार हुआ हूँ।" पहला, "वो कैसे? तीसरा पसलियों के दर्द से कराहते हुए, "किसी ने कहा वहाँ खुदाई चल रही है। किसी ने कहा वहाँ भगवान निकले हैं। इनकी-उनकी बातों में आकर भगवान देखने निकला तो वहाँ पहले से जमा भीड़ ने खुंदल-खुंदलकर मेरी खुदाई कर दी।

तभी उनमें से एक की नजर मुझ पर पड़ी। मेरा हाल-चाल पूछ लिया। मैंने कहा, मैं सरकारी अस्पताल गया था। वहाँ डॉक्टर साब ने न जाने कौन सा इंजेक्शन दिया कि हाथ-पैर सूज गए। बहुत चिरौरी की तब उन्होंने यहाँ आने की सलाह दी और कहा, सरकारी अस्पताल में भीड़ बहुत होती है।

# आला अधिकारियों की बैठक लेंगे डिप्टी सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि शहर नारनौल की समस्याओं को लेकर जल्द ही चंडीगढ़ में आला अधिकारियों की बैठक बुलाई जाएगी। इसमें नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी तथा अधिकारियों को भी बुलाया जाएगा। शहर का चहुंमुखी विकास करवाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। शहर की सभी समस्याओं का एकमुश्त समाधान किया जाएगा। श्री चौटाला वीरवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर एक में महाराजा अग्रसेन क्लब तथा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आयोजित व्यापारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नारनौल सेक्टर-एक की समस्याओं के संबंध में जो मुद्दे उठाए गए हैं उनका जल्द से जल्द समाधान करवाया जाएगा। यहां का मुख्य मुद्दा



सीवरेज तथा सडकों का है। इन दोनों मामलों में सही तरीके से हैंडोवर की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। सभी विभागों के अधिकारियों को एक साथ बैठकर सेक्टर के लिए अलग से बजट निर्धारित करके समस्याओं का एकमुश्त समाधान किया जाएगा। श्री चौटाला ने कहा कि शहर के बीच बने राव बंसीसिंह पार्क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके अलावा पुलिस लाइन के आगे अधूरी सडक के निर्माण के लिए भी जल्द फंड उपलब्ध करवाया जाएगा। जल्द ही शहर की सडकों के लिए भी प्रशासनिक मंजूरी दिलवाई जाएगी। इन सभी कार्यों में वे व्यक्तिगत रुचि लेकर काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल कंपलेक्स का सुधारीकरण किया जाएगा ताकि व्यापारियों तथा आम नागरिकों को इसका सही लाभ मिल सके। श्री चौटाला ने कहा कि कुछ वर्ष पहले पिछड़ा क्षेत्र में माने जाने वाला नारनौल अब प्रदेश में पहचान बनाने लगा है। यहां बाछौद

> **8 राजनेता का कर्म-धर्म ही यह है की वह आमजन के बीच जाए और धरातल पर जाकर समस्या का निवारण करें**

हवाई पट्टी पर एयरो स्पोर्ट्स तथा पायलट प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां पर सात जहाज खड़े हैं। अब यह हवाई पट्टी देश में अपनी पहचान बना रही है। इसके अलावा यहां पर बनने वाले मल्टीपरपज लॉजिस्टिक हब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टॉप 50 प्रोजेक्ट में शामिल है। इसके बनने के बाद रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रधान मनीष शर्मा की अगुवाई में आम आदमी पार्टी को छोडकर आए राजेश सैनी ने जजपा का दामन थामा। कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन क्लब के प्रधान अनिल गुप्ता एवं रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की प्रधान पंकज यादव ने डिप्टी सीएम का स्वागत किया। मंच संचालन बजरंगलाल अग्रवाल ने किया।

**डिप्टी सीएम के साथ 10 घंटे 18 विभागों के अधिकारियों ने भी बहाया पसीना:** जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि नारनौल शहर में एक ही दिन में 28 कार्यक्रमों में हिस्सा लेना, शायद ऐसा पहली बार ही देखने को मिला है। जब डिप्टी सीएम औहदे पर बैठा व्यक्ति नारनौल शहर की गली-मोहल्ले, बाजारों में पैदल घुमा हो और आमजन की समस्या को सुनकर समाधान किया हो। लगातार 10 घंटे बिना थके-रूके अपने साथ 18 विभागों के अधिकारियों को साथ लेकर पसीना बहाते डिप्टी सीएम के इस दौर की चर्चा क्षेत्र ही नहीं प्रदेश में हो रही है। आमजन में चर्चा है कि राजनेता का कर्म-धर्म ही यह है की वह आमजन के बीच जाए और धरातल पर जाकर समस्या का निवारण करें।

# आर्यवीरों को दिया जूड़ो-कराटे और योगासन का प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**गुरुकुल कुरुक्षेत्र** में चल रहे प्रान्तीय आर्यवीर दल शिविर के दूसरे दिन आर्यवीरों को शिविर संयोजक संजीव आर्य के दिशा-निर्देशन में जूड़ो-कराटे और योगासन का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा बौद्धिक सत्र में वैदिक विद्वान पंकज आर्य व संदीप वैदिक ने आर्यवीरों को वैदिक संस्कृति एवं ऋषि दयानन्द के विचारों को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। बता दें कि गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी के पावन सान्निध्य एवं आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के तत्त्वावधान चल रहे प्रान्तीय आर्य वीर दल शिविर में कुरुक्षेत्र, कैथल से 800 आर्यवीर भाग ले रहे हैं।

जानकारी देते हुए शिविर प्रमुख विशाल आर्य ने बताया कि समाज में व्याप्त पाखण्ड, कन्या भ्रूण हत्या, नशाखोरी आदि बुराइयों को दूर करने के उद्देश्य से महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी ने लगभग 10 वर्ष पूर्व गुरुकुल कुरुक्षेत्र में वेद प्रचार विभाग की स्थापना की थी जिसके तहत गुरुकुल के प्रचारक गांव-गांव जाकर लोगों को समाज में फैली बुराइयों से दूर रहने और युवाओं को भारतीय संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। गुरुकुल के वेद प्रचारक हवन-यज्ञ, भजनोपदेश के माध्यम से वेदों और ऋषि दयानन्द के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। इसी प्रकार गुरुकुल के योग शिक्षक विभिन्न शिक्षण संस्थानों में योग शिविर लगाकर युवाओं को योगासन, प्राणायाम, डम्बल, लेजियम आदि का प्रशिक्षण देते हैं।

प्रान्तीय आर्यवीर दल शिविर में भी संयोजक संजीव आर्य के दिशा-निर्देशन में योग शिक्षक प्रवीण आर्य, सुरेन्द्र आर्य, शुभम आर्य, अनिल आर्य, नरेश आर्य, सोहनवीर आर्य, अनिल आर्य आदि ने युवाओं को अलग-अलग टोली बनाकर योगासन, डम्बल, लेजियम, जूड़ो-कराटे, लाठी आदि का प्रशिक्षण दे रहे हैं। वहीं वरिष्ठ भजनोपदेशक जयपाल आर्य और जसविन्द्र आर्य द्वारा युवाओं में गीतों के माध्यम से देशभक्ति और राष्ट्र प्रेम व संस्कृति रक्षा की भावना का सूत्रपात किया।

## न्यूज फ्लैश

### चिकित्सा क्षेत्र में लोगों की सेवा बहुत बड़ा अवसर होती है: डा. नीना सतपाल राठी

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** सैक्टर-6 के नजदीक लगते सैनिक नगर में लोगों की सेवा के लिए एक क्लीनिक खोला गया। आर. सेजवाल क्लीनिक के शुभारम्भ पर झज्जर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी ने विशेष तौर पर शिरकत की। उन्होंने डा. लवप्रीत सेजवाल को अपने प्रोफेसनल जीवन की शुरुआत करने पर शुभकामनाएं दी। साथ में शॉल व पौधा भेंट कर उनका सम्मान किया। उधर इससे पहले डा. नीना सतपाल राठी का क्लीनिक शुभारम्भ कार्यक्रम में पहुंचने पर डा. लवप्रीत व उनके परिवार के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में लोगों की सेवा बहुत बड़ा अवसर होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे युवा सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका भी अदा करें। उन्होंने कहा कि कोई सेवा छोटी या बड़ी नहीं होती। सेवा करते समय हमारे चेहरे पर मुस्कान होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में काम का बोझ भी रहता है फिर भी कुशल डाक्टर हर परिस्थिति में सेवा भाव से मरीज की सेवा करता है। जब कोई मरीज अस्पताल में उपचार के बाद ठीक होकर घर जाता है तो डाक्टर को भी खुशी होती है कि उनके द्वारा किये गए प्रयासों से वह ठीक हो पाया। डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि मनुष्य को अपने आचरण में सदैव सेवा भाव निहित रखना चाहिए, जिससे अन्य लोग भी प्रेरित होते हुए समाजहित के मार्ग पर अग्रसर हो सकें। सेवा भाव ही मनुष्य की पहचान बनाती है और उनकी मेहनत को चमकाती है। सेवा से बड़ा कोई परोपकार नहीं है, जिसे मानव सहजता से अपने जीवन में अंगीकार कर सकता है। उधर डा. नीना सतपाल राठी ने कार्यक्रम के जरिये उपस्थित जन को पर्यावरण व जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमें पेड़-पौधे जरूर लगाने चाहिए और उनकी समय-समय पर देखभाल भी करनी चाहिए। पर्यावरण शुद्ध होगा तो मनुष्य विभिन्न बीमारियों की जकड़ में आने से बचे रहेंगे। उन्होंने जल संरक्षण पर भी जोर दिया और जल के सदुपयोग के बारे में लोगों को प्रेरित किया। इस मौके पर मा. सूबे सिंह, राजकुमार, दलीप सिंह, डा. राजेश सेजवाल, डा. लवप्रीत सेजवाल, दयानंद राठी, आनंद राठी, हुकुम सरपंच समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। ै। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और मलबे से छह लोगों को बाहर निकाला। वहीं पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह मकान करीब 30 साल पुराना था और जर्जर हालत में था। मकान बनाने के दौरान यह हादसा हुआ है। फिलहाल प्रेम नगर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### समर कैंप में बच्चों ने दिखाई अपनी विलक्षण प्रतिभा

**सोनीपत:** विवेकानंद पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मावकाश के दौरान पांच दिवसीय समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया । इस दौरान आयोजित विविध गतिविधियों में हिस्सा लेकर बच्चों ने अपनी विलक्षण प्रतिभा दिखाई । शुक्रवार को समर कैंप का धूमधाम से समापन किया गया । इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र सिंह रोहिल्ला ने विशेष तौर पर उपस्थित रहकर समर कैंप में हिस्सा लेने वाले बच्चों की हौसलाफजाई की । उन्होंने कहा कि समर कैंप के माध्यम से कई गतिविधियों में भाग लेकर छात्र-छात्राओं ने ग्रीष्मावकाश का सदुपयोग किया है। इससे बच्चों की झिझक दूर होने के साथ ही उनमें सहयोग, सद्भावना तथा क्रियाशीलता की भावना उत्पन्न होती है। इस मौके पर चेयरमैन आदित्य रोहिल्ला ,निदेशक मुकेश रुहिल, प्राचार्य अंजू रोहिल्ला, मुख्य अध्यापिका जया व अन्य अध्यापक गण भी उपस्थित रहे । समापन समारोह में राजेंद्र सिंह रोहिल्ला ने कहा की किसी भी बच्चे का सर्वांगीण विकास तभी हो पाता है जब वह पढ़ाई के अलावा दूसरी गतिविधियों में भी शामिल होता है। समर कैंप ने विद्यार्थियों को ऐसा ही सुनहरा अवसर मुहैया करवाया है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में वे कुछ भी कर गुजरने की ताकत रखते हैं। हर बच्चा अपनी मेहनत व लगन की बदौलत डॉक्टर, इंजीनियर, साइंटिस्ट आदि बन सकता है। विद्यालय के चेयरमैन आदित्य रोहिल्ला ने कहा कि समर कैंप के प्रति अभिभावकों के सकारात्मक व सहयोगात्मक रवैये से यह आयोजन काफी सफल रहा है। समर कैंप के प्रति बच्चों ने भी काफी दिलचस्पी दिखाई जिससे उन्हें कई नये स्किल सीखने का मौका मिला। समर कैंप में ड्राइंग एंड कलरिंग , रिदम रेसिटेशन ,क्ले-मॉडलिंग ,म्यूजिक ,डांस ,योग ,आर्ट एंड क्राफ्ट, फायर लेस कुकिंग ,हिंदी व अंग्रेजी कैलीग्राफी आदि अनेक गतिविधियों का आयोजन हुआ। विद्यालय की अध्यापिका मोनिका ,आरती, सरगम आदि की देख रेख में आयोजित समर कैंप में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। नौनिहालों ने गीत संगीत की धुनों के बीच पूल पार्टी का जमकर आनंद लिया ।

# सोनीपत के मुडलाना महापंचायत में पानीपत से पहुंचेगे भारी संख्या में किसान 4 जून को

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**भारतीय** किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के जिलाध्यक्ष सुधीर जाखड़ ने कहा कि मोदी सरकार यौन शोषण के आरोपी भाजपा सांसद बृजभूषण को बचाने में लगी हुई है। विश्व में भारत का नाम रोशन करनी वाली महिला पहलवान इंसाफ की लड़ाई लड़ रही है और मोदी सरकार आंख बंद करके तमाशा देख रही है। इससे साफ पता चलता है बेटी पढाओ व बेटी बचाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार बेटियों की कितनी परवाह



करती है। जाखड़ ने कहा कि यदि सरकार ने बहुत जल्द ही भाजपा सांसद बृजभूषण शरण को गिरफ्तार नहीं किया तो 4 जून को सोनीपत जिला के गांव मुडलाना में होने वाली सर्व समाज की महापंचायत में कड़ा फैसला लिया जाएगा। सुधीर जाखड़ शुक्रवार को किसान भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम चढ़ूनी के आह्वान पर 4 जून को मुडलाना में सर्व समाज की महापंचायत बुलाई गई है और इस पंचायत में पानीपत जिला से भी भारी संख्या में किसान पहुंचेंगे। वहीं भाकियू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राम सिंह कुंडू ने बताया कि यूनियन द्वारा जिला में ब्लॉक वाइज ड्यूटी लगाकर प्रचार अभियान चलाया गया है और लोगों को मुडलाना पहुंचने का न्योता दिया जा रहा है। इस अवसर पर किसान भवन के पूर्व प्रधान सुरेश दहिया, भाकियू युवा जिला अध्यक्ष नदीम गुर्जर, एडवोकेट संदीप धर्मगढ़, राजरूप फौजी, सत्ता शाहपुर व सुमेर बौली आदि मौजूद रहें।

# एडीसी ने बाल सुधार गृह का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अतिरिक्त** उपायुक्त डा. विवेक भारती ने ऑब्जर्वेशन होम का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला स्तरीय निरीक्षण समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बाल सुधार गृह का निरीक्षण करते हुए यहा पर उपस्थित अधिकारी से ऑब्जर्वेशन होम में कितने जुविनाईल रह रहे हैं तथा उन्हें यहां पर क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है उसकी जानकारी हासिल की। उन्होंने यहां पर जुविनाईलों को जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है उसका भी निरीक्षण किया। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी कविता रानी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी शिवानी सूद, कार्यवाहक डीसीपीओ सुमन बाला, जेजेबी बोर्ड से टीना मित्तल, सीडब्ल्यूसी खुशपाल, एसएमओ डा. राजेन्द्र राय, संरक्षण अधिकारी ममता रानी के साथ-साथ अन्य मौजूद रहे।

# रिश्वत मामले में शिक्षा विभाग के हरीश व राजकुमार को जेल भेजा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला में** रिश्वत लेते दबोचे गए शिक्षा विभाग के आरोपी दोनों क्लर्क को आज एंटी करप्शन ब्यूरो कोर्ट में पेश किया। जहां से आज उन्हें अदालत में पेश करने पर जेल भेज दिया गया।

गौरतलब है कि गुरुवार को विभागीय टीम ने शिक्षा विभाग के 2 क्लर्क हरीश कुमार को जिला शिक्षा अधिकारी ऑफिस से 55 हजार रुपए रिश्वत के साथ रंगे हाथों काबू किया था। वहीं, मौके से फरार क्लर्क राजकुमार को भी गिरफ्तार कर लिया था। शिकायतकर्ता ने गांव छप्परा



स्कूल से रिटायर्ड प्रिंसिपल महेंद्र पाल सिंह का एरियर जारी कराने की एवज में क्लर्क हरीश कुमार और राजकुमार ने 70 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी। इसमें से 15 हजार रिटायर्ड प्रिंसिपल पहले दे चुका था और 55 हजार रुपए गुरुवार को दिए थे। आरोपी शिकायतकर्ता की पिछले लंबे समय से फाइल दबाए हुए बैठे थे। शिकायतकर्ता का कहना था कि उसने कई बार अपने जायज काम को शीघ्र करवाने के लिए कर्मचारियों से प्रार्थना भी की थी लेकिन उसके बाद भी कर्मचारियों ने उसकी बात नहीं सुनी।

# अंजलि राठी ने राष्ट्रीय लॉन टेनिस में जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत/रमेश कुमार**
**29 मई से** 2 जून 2023 तक जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय महिला लॉन टेनिस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अंजलि राठी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। अंजलि राठी ने महिला एकल मुकाबले के फाईनल मैच में महाराष्ट्र की सेजल को 6-3, 6-4 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 115 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंजलि राठी के अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रदान की जा रही खेल सुविधाओं के कारण ही अंजलि लगातार अच्छे खेल का प्रदर्शन कर जीत हासिल कर रही है।

# पानीपत ग्रामीण हलके की कालोनियों के लोगों ने प्रदर्शन करके सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत ग्रामीण** हलके की कालोनियों के सैकडों लोगों ने शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर जिला सचिवालय के सामने जीटी रोड ऐलिवेटिड पुल के नीचे लगातार तीसरे दिन भी धरना दिया गया। धरने का नेतृत्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबेदार प्रताप सिंह व महीपाल सिंह सुबेदार ने किया। धरने के उपरांत कालोनी वासियों ने कांग्रेस नेता महीपाल सिंह के नेतृत्व में जिला सचिवालय में पहुंचकर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



वहीं महीपाल सिंह ने कहा कि कालोनी वासियों की चार प्रमुख मांगें है। जिन लोगों के राशन कार्ड काटे गये थे, उन सभी के राशन कार्डो को दोबारा से बनवाया जाए। नगर निगम की प्रॉपर्टी आईडी का सरलीकरण किया जाये ताकि किसी भी व्यक्ति को कोई दिक्कत न आये। ग्रामीण हलके की बाहर कालोनियों का विकास शुल्क भी शहरी हलके की कालोनियों की तरह ही 120 रूपए प्रति वर्ग गज किया जाये। बुढ़ापा व विधवा पेंशन को पोर्टल से हटाकर कार्यालय द्वारा ही वेरिफिकेशन करवाई जाये। इस अवसर पर पूर्व पार्षद प्रतिनिधि मदनलाल मजोका, संदीप हुड्डा, चंद्रभान राठी, नंद किशोर शर्मा, सत्यवान बैरागी, विशंभर गुर्जर, शमशेर बाल्मीकि, बलवान शर्मा, बलजीत बाल्मीकि, चंद्रप्रकाश शर्मा, महेंद्र सैनी, मास्टर ईश्वर, सुधीर शर्मा, राम कुमार कोरी, रामकिशन ढिल्लों, काला बैरागी, दलेर, तेलू राम गर्ग, दिलबाग देशवाल, सुल्तान मलिक, कंवरपाल व देवव्रत सहित सैकडों कालोनी वासी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग से मलेरिया विभाग की टीम ने किया कुरुक्षेत्र का दौरा



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जिला कुरुक्षेत्र में** महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा पंचकूला से मलेरिया विभाग की टीम द्वारा दौरा किया गया। महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं की टीम के दौरे का मुख्य मकसद यह रहा कि जिला में मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारी से आमजन को बचाने हेतु क्या-क्या कदम उठाए जा रहें है। टीम में स्टेट एनटेमोलोजिस्ट व इनके साथ दो चीफ टेक्निकल ऑफिसर भी मौजूद रहें, टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाडवा सिविल डिस्पेंसरी गांधी नगर व अर्बन पीएचसी कृष्णा नगर गामडी के साथ-साथ जिला मलेरिया कार्यालय में स्थापित प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया।

महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं की टीम को सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह व उप सिविल सर्जन मलेरिया डा. सुदेश कुमार सहोता द्वारा लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल में स्थापित फिश हैचरी का भी निरीक्षण करवाया गया व सिविल सर्जन कुरुक्षेत्र की अध्यक्षता में एक मीटिंग भी की गई। महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं पंचकूला से आई टीम में स्टेट एनटी लोजिस्ट सीमा सिंह ने गांधी नगर क्षेत्र में भी दौरा किया। इस दौरान जिला टीम से एपिडेमोलोजिस्ट बिन्दु रॉय व अन्य स्टॉफ भी मौजूद रहा। महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं पंचकूला की टीम द्वारा आमजन से भी बातचीत की गई व उन्हें मच्छरों से बचाव बारे व मच्छर को पनपने से कैसे रोका जा सकता है, इस बारे भी जानकारी प्रदान की गई।

महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा पंचकूला की टीम ने जिला मलेरिया कार्यालय में समस्त जिले से आए हेल्थ इंस्पेक्टर व प्रयोगशाला तकनीशियनों की मीटिंग में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए व उनको मच्छर की पहचान बारे भी बताया गया। जिला मलेरिया टीम के कार्यों की सराहना की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग जिला टीम ने यह बताया कि जिला कुरुक्षेत्र पिछले तीन वर्षों से मलेरिया मुक्त रहा है व इस वर्ष भी जिला कुरुक्षेत्र में कोई मलेरिया का केस न होने पाए इसके लिए पहले से ही सभी आवश्यक तैयारियां परिपूर्ण है।

# पीजी कोर्स के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2023-24 में ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया 1 जून से शुरू हो चुकी है। पीजी कोर्स व यूजी एंड इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है।

लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि कुवि के शिक्षण विभागों/संस्थानों में विश्वविद्यालय की वेबसाइट से विभिन्न विभागों के यूजी इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स व पीजी



प्रोग्राम्स में दाखिले के लिए 1 जून से दाखिला प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। इसके लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन के लिए अलग से लिंक बनाया गया है। इस बार सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश परीक्षा के माध्यम से ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल द्वारा पीजी प्रोग्राम्स में दाखिले किए जाएंगे। पीजी प्रोग्राम्स में दाखिला लेने वाले आवेदकों के लिए 1 से 15 जून तक आवेदन करने का सुनहरी मौका है। आवेदक स्नातक परीक्षा के पांच सेमेस्टर का परिणाम अपलोड कर पीजी प्रोग्राम्स में ऑनलाइन दाखिलें के लिए आवेदन कर सकते हैं लेकिन आवेदक की पिछले पांच सेमेस्टर में से किसी भी सेमेस्टर में रि-अपीयर नहीं होनी चाहिए। डॉक्टर दीपक राय बब्बर ने बताया की एमएड, सर्टिफिकेट कोर्स ऑफ स्पोर्ट्स डाईटिशियन, सर्टिफिकेट कोर्स इन जिम एंड एरोबिक इंस्ट्रक्टर कोर्सों में दाखिले के लिए शेड्यूल बाद में जारी किया जाएगा।

दाखिले से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट कैयूकेडॉटएसीडॉटइन से प्राप्त कर सकते हैं।

# कंडक्टरों के लिए मशीन से टिकट देना हुआ आसान



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** रोडवेज के परिचालकों ने प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई ई टिकट प्रणाली का स्वागत किया है। अंबाला छावनी में रोडवेज यूनियन के प्रधान महावीर पाई ने बताया कि ई टिकट परिचालकों के लिए काफी कारगर सिद्ध हो रहा है लेकिन इसमें राउंड फिगर किराया नहीं जिसके चलते परिचालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि 25 रुपए के कम किराया राउंड फिगर में नहीं लिया जा रहा। छावनी बस स्टैण्ड पर एक अन्य परिचालक ने बताया कि ई टिकट प्रणाली में आज वह अंबाला से पठानकोट के यात्री को टिकट दे रहा था तो किराया 292 रुपए दर्शाया जा रहा है।

# साक्षी मर्डर केस में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद

## मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया था, जहां उसे 3 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया था, सुरक्षा कारणों के चलते मजिस्ट्रेट के घर पर उसकी पेशी की गई

**बंदोबस्त**

**● बुधवार को पुलिस उसे घटनास्थल पर लेकर गई थी, जहां क्राइम सीन को रिक्रिएट किया गया था**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपंचद्र काण्डपाल**

**साक्षी** मर्डर केस में गुरुवार को दिल्ली पुलिस ने आरोपी साहिल द्वारा हत्या के लिए इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया है। गुरुवार को ही पुलिस ने उसे मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया था, जहां उसे 3 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया था। सुरक्षा कारणों के चलते मजिस्ट्रेट के घर पर उसकी पेशी की गई थी। वहीं, बुधवार को पुलिस उसे घटनास्थल पर लेकर गई थी, जहां क्राइम सीन को रिक्रिएट किया गया था। पुलिस ने मौके पर साहिल से कुछ सवाल भी किए थे और केस की कड़ियों को जोड़ने की कोशिश की थी।






**साहिल ने पांच लोगों के मर्डर की लिस्ट बना रखी थी:** मर्डर को लेकर यह दावा किया जा रहा कि साहिल तीन-चार दिन से हत्या की योजना बना रहा था। उसके निशाने पर लड़की ही नहीं बल्कि, प्रवीण और दो-तीन अन्य युवक भी थे। उसने पांच लोगों के मर्डर की लिस्ट बना रखी थी। रविवार 28 मई को इनमें से जो भी उसे मिलता, वह उसकी हत्या कर देता।

**सीएम ने एलजी को भेजी फाइल**

**दिल्ली** के सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए की सहायता राशि देने के लिए फाइल को स्वीकृत कर माननीय उपराज्यपाल को भेज दिया है। हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं। उनका हर संभव सहयोग करेंगे।

**साहिल की मेंटल हेल्थ का कराया जा सकता है टेस्ट:** रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस की टीम सुरक्षा कारणों की वजह से बुधवार सुबह 4 बजे आरोपी को स्पॉट पर ले गई थी। साहिल से उस स्पॉट के बारे में पूछा गया, जहां उसने लड़की का इंतजार किया और फिर बेरहमी से हत्या की। केस से जुड़ा एक अन्य सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें नाबालिग वारदात से पहले जाते हुए नजर आई है। पुलिस ने बताया कि अगर जरूरत पड़ी तो साहिल की मेंटल हेल्थ को जांचने के लिए टेस्ट भी कराया जा सकता है।

**लड़की पिता ने कहा- बेटी को समझाया था कि अभी पढ़ाई-लिखाई की उम्र है:** पुलिस को दी शिकायत में लड़की के पिता ने बताया कि मेरी लड़की की पिछले करीब 1 साल से साहिल नाम के लड़के से दोस्ती थी। साहिल दिल्ली की बरवाला जैन कॉलोनी का रहने वाला है। पिता ने बताया- लड़की अक्सर हमारे सामने साहिल का जिक्र करती थी, लेकिन हम उसे समझाते थे कि बेटा अभी तू छोटी है, तेरी पढ़ने-लिखने की उम्र है। जब भी हम उसे समझाते थे तो वह हमसे नाराज होकर अपनी दोस्त नीतू के पास चली जाती थी। उन्होंने कहा कि बेटी पिछले 10 दिन से नीतू के पास थी। 28-29 मई की रात को जब मैं अपने घर पर मौजूद था, तब उसकी दोस्त नीतू ने आकर हमें बताया कि साहिल नाम के लड़के ने साक्षी को चाकू और पत्थरों से मार दिया है। साहिल ने घटना से एक दिन पहले भी साक्षी के साथ झगड़ा किया था। जब मैं नीतू के साथ बी ब्लॉक में शाहबाद डेयरी पर पहुंचा तो वहां पर मेरी बेटी मृत पड़ी हुई थी उसके सिर पर घाव थे।

# आसपास हो रहा हो अपराध तो डायल करें 14547



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस ने किसी भी तरह के अपराध या अपराधी के बारे में कोई भी सूचना देने के लिए एक नया हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। अब कोई भी व्यक्ति चौबीसों घंटे इस हेल्पलाइन नंबर 14547 पर कोई भी सूचना दे सकता है। यह नंबर दिल्ली पुलिस के आंख व कान योजना के तहत जारी किया गया है। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर चौबीसों घंटे काम करेगा। इस पर सूचना देने वाले व्यक्ति के पास यह विकल्प रहेगा कि वह अपना नाम सार्वजनिक करना चाहता है या नहीं। यदि व्यक्ति अपना नाम गुप्त रखना चाहता है तो उसका नाम गुप्त रखा जाएगा। दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि उपयोगी सूचना देने वाले व्यक्ति को इनाम भी दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राजधानी में कई बार ऐसा हुआ है जब लोगों ने अपराध होते हुए देखा है, लेकिन उसके बावजूद इसकी सूचना पुलिस को या तो दी नहीं है या बहुत देर में दी।

हाल ही में शाहबाद डेयरी इलाके में 16 साल की लड़की की हत्या के मामले में भी ऐसा ही हुआ। इसका कारण यह है कि लोग सोचते हैं कि पुलिस को सूचना देने से कहीं उनके लिए कोई खतरा न उत्पन्न हो जाए।

# निर्माणाधीन मकान की छत व दीवार गिरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

रोहिणी जिले के प्रेम नगर थाना इलाके में शुक्रवार को निमार्णाधीन मकान की छत व दीवार गिर गई। घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना प्रेम नगर थाना क्षेत्र के इंदिरा एनक्लेव फेस टू की है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां, कैट्स एंबुलेंस और सिविल डिफेंस व स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और राहत बचाव कार्य में जुट गई। साथ ही मलवे से सभी घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान असर मोहम्मद, अखिलेश शाह, अमन और जियाजुद्दीन के रूप में हुई है। उक्त घटना में मकान की मालकिन नीलम भी मामूली रूप से घायल हुई है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर करीब 12.25 बजे मकान गिरने की सूचना मिली थी। घटना में चार लोग घायल हुए है। उक्त मामले में प्रेम नगर थाना पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इस इलाके में धड़ल्ले से अवैध निर्माण किए जा रहे हैं, जो कहीं ना कहीं लोगों की जान के साथ खिलवाड़ है।

# शरजील के खिलाफ दायर चार्जशीट पर पुलिस को नोटिस

**याचिका**

**● आरोपों को शामिल करने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाई कोर्ट ने 2019 में जामिया इलाके में हुई हिंसा के मामले में आरोपित शरजील इमाम के खिलाफ दायर चार्जशीट में राजद्रोह और धर्म के आधार पर लोगों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देने के आरोपों को शामिल करने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट इस मामले पर अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को करेगा। शरजील इमाम का कहना है कि दिल्ली पुलिस की चार्जशीट में जिन दो धाराओं को जोड़ा गया है। एक अन्य मामले में उन धाराओं में पहले से ही जांच की जा रही है।

ऐसे में इन धाराओं में दोबारा कार्यवाही कानून के खिलाफ हैं। 2019 के जामिया हिंसा मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट में देशद्रोह और धर्म के आधार पर दो समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देने की धाराओं को शामिल किया गया है।



केन्द्र सरकार के काले अध्यादेश के खिलाफ आगामी 11 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'महारैली' की तैयारियों को लेकर 'आप' दिल्ली प्रदेश संगठन के साथियों के साथ गोपाल राय ने अहम बैठक की।

# दिल्ली के पुराना किला में महाभारत काल के मिले सबूत, भगवान की मूर्तियां मिलीं

**सर्वेक्षण**

**● साइट से भगवान विष्णु, गज लक्ष्मी, भगवान गणेश की मूर्तियां और पेंटेड ग्रे वेयर कल्चर से जुड़े कुछ मिट्टी के बर्तन मिले हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय** पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को दिल्ली के पुराना किला से महाभारत काल से जुड़े सबूत मिले हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के निदेशक वसंत स्वर्णकर ने बताया कि साइट से भगवान विष्णु, गज लक्ष्मी, भगवान गणेश की मूर्तियां और पेंटेड ग्रे वेयर कल्चर से जुड़े कुछ मिट्टी के बर्तन मिले हैं। दरअसल, चित्रित धूसर मृदभांड संस्कृति उत्तर भारत की तांबे और लोहे से संबंधित संस्कृति है। इस संस्कृति से संबंधित जगहों पर लोहे के इस्तेमाल के सबूत मिलते हैं। साथ ही मिट्टी के स्लेटी रंग के बर्तनों पर काले रंग से कुछ डिजाइन बने होते हैं। स्वर्णकर ने कहा कि अलग-अलग युगों को अलग-अलग मिट्टी के बर्तनों की शैलियों से दर्शाया जाता है। जो स्लेटी रंग के बर्तन मिले हैं उन पर डिजाइन के तौर पर काले धब्बे और स्ट्रोक भी बने हैं।

**कैसे मान लिया कि ये बर्तन महाभारत काल के हैं:** पेंटेड ग्रे वेयर कल्चर के बारे में पहली बार 1940 से 1944 के बीच पता चला था। 1950-52 के दौरान आर्कियोलॉजिस्ट (पुरातत्वविद) बीबी लाल को हस्तिनापुर में खुदाई के दौरान इससे जुड़े सबूत मिले। जिसके बाद इस संस्कृति की तारीख 1100-800 BCE के बीच तय की गई। महाभारत का युद्ध भी इसी दौरान हुआ था। वसंत स्वर्णकर ने कहा- 1970 के दशक में आर्कियोलॉजिस्ट (पुरातत्वविद) बीबी लाल ने पुराना किला में पांडवों की राजधानी इंद्रप्रस्थ को ढूंढने के लिए खुदाई शुरू की थी। सदियों पहले जमीन के नीचे दबी कई जगहें और उसने जुड़े सबूत अब खुदाई होने के बाद सामने आ रहे हैं। ये जमीन की अलग-अलग परत में मिल रहे हैं। बीबी लाल के मुताबिक, जमीन की सबसे गहरी परत पेंटेड ग्रे वेयर कल्चर की पाई गई। इसलिए उन्होंने कल्चर को महाभारत के साथ जोड़ा। इसलिए हम मान रहे हैं कि साइट पर जो चीजें मिली हैं वो महाभारत काल की हैं।



**अगले दो साल तक जारी रहेगी खुदाई :** जिस जगह खुदाई हो रही है उसे इंद्रप्रस्थ एक्सकेवेशन साइट नाम दिया गया है। दरअसल, इंद्रप्रस्थ पांडवों के 5 गांवों में से एक और उनकी राजधानी था। स्वर्णकर ने कहा- भले ही हमें महाभारत काल से जुड़े सबूत मिले हों, लेकिन हम अभी ये नहीं कह सकते कि ये साइट ही इंद्रप्रस्थ है। किसी भी तरह की घोषणा करने से पहले हमें पूरी जांच करनी होगी। पूरी साइट की खुदाई करने में हमें दो साल लग जाएंगे। इसके बाद ही हम निष्कर्ष पर पहुंच सकेंगे। ऑस्ट्रेलिया में वैज्ञानिकों ने 1306 पैर वाले एक दुर्लभ जीव को खोज निकाला है। यह एक तरह का मिलीपीड है। एक हजार से ज्यादा पैरों वाला यह दुनिया का इकलौता जीव है। इसे धरती में 200 फीट नीचे खोजा गया है। यह 95.7 मिलीमीटर लंबा और एक USB केबल जितना पतला है।

# युवती का किडनैप कर कार में करीब 60 मिनट घुमाया



**सकुशल बचाया**

**● युवती के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और दांत से भी काटा गया। सूचना पर पुलिस ने घेर कर युवती की जान बचाई**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**गुरुवार** रात एक युवती का अपहरण कर कार में गाजियाबाद और दिल्ली की सड़कों पर करीब 60 मिनट तक घुमाने का मामला सामने आया है। युवती के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और दांत से भी काटा गया। सूचना पर पुलिस ने घेर कर युवती की जान बचाई। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवती लिंक रोड क्षेत्र के ब्रजविहार की रहने वाले हैं। वो घरों में काम करती है। युवती के मुताबिक वह शाम को घर लौट रही थी। रास्ते में ब्रजविहार की पुलिया के पास पूर्व मकान मालिक और चालक ने उसे जबरदस्ती रोका और घसीटते हुए कार में बैठा लिया। चलती कार में मारपीट की गई। जोर-जबरदस्ती में वह जख्मी हो गई और आरोपियों ने कपड़े भी फाड़ दिए। आरोपी युवती का अपहरण कर पहले उसे दिल्ली के लक्ष्मीनगर और आसपास के इलाके में ले गए। इस दौरान उनकी हरकत को देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने जगह-जगह चेकिंग की। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने लिंक रोड थाना क्षेत्र में गाड़ी को घेर कर युवती को सकुशल बचाया। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आरोपी कैब चालक बताए जा रहे हैं।

# आतिशी का बढ़ा कद, जनसंपर्क विभाग की मिली जिम्मेदारी




**जिम्मेदारी**

**● अभी वर्तमान में इस विभाग के अलावा बिजली, शिक्षा, महिला और पीडब्ल्यूडी विभाग की जिम्मेदारी मिली हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अरविंद** केजरीवाल की सरकार में मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के जेल जाने के बाद से कई विभागों में फेरबदल हुआ है। दिल्ली मंत्री आतिशी का कद बढ़ गया है। दिल्ली कैबिनेट में फेरबदल करते हुए सरकार में आतिशी को जनसंपर्क विभाग की जिम्मेदारी मिल गई है। अभी वर्तमान में इस विभाग के अलावा बिजली, शिक्षा, महिला और पीडब्ल्यूडी विभाग की जिम्मेदारी मिली हुई है।

**उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दी मंजूरी:** अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीएम अरविंद केजरीवाल से विचार विमर्श के बाद कैबिनेट मंत्री आतिशी को जनसंपर्क विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। इस संबंध में जनरल एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की ओर से एक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जानकारी के लिए बता दें कि अभी तक ये विभाग कैलाश गहलोत के पास था। फिलहाल, छह मंत्रियों के मंत्रिमंडल में किसी तरह का कोई भी बदलाव नहीं किया गया है।

**कौन हैं आतिशी:** आम आदमी पार्टी में आतिशी ने तेजी से अपनी पहचान बनाई है। आम आदमी पार्टी अपने आठ साल के कार्यकाल में जिन उपलब्धियों को सबसे ज्यादा बार गिनाती रही है उनमें शिक्षा का क्षेत्र सबसे ऊपर है और इसका बहुत बड़ा श्रेय आतिशी को जाता है। 2013 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने पार्टी का मेनिफेस्टो तैयार करने में अहम भूमिका निभाई थी।

# कार सवार बदमाशों और पुलिस के बीच चली गोलियां

**फायरिंग**

**● विवेक के साथ और भी पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद थे। लेकिन बदमाश इन सबको चकमा देकर भागने में कामयाब हो गए**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के महिपालपुर इलाके में कार सवार बदमाशों के द्वारा एक पुलिसकर्मियों पर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। जवाबी कार्रवाई में एक पुलिसकर्मी ने भी फायरिंग की, लेकिन बदमाश पुलिसकर्मी की ही पिस्टल लेकर फरार हो गए। पुलिसकर्मी घायल हो गया है और उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह वारदात बीती रात महिपालपुर फ्लाईओवर के पास हनुमान मंदिर वाली रोड पर हुई है। जिस कार पर सवार होकर बदमाशों ने पुलिसकर्मी पर फायरिंग की वह कार लूट की दो अलग अलग वारदात में शामिल रही है। इस मामले में वसंत-कुंज नॉर्थ थाने में मामला दर्ज किया गया है। एक सूचना के बाद चोरी की कार के बारे में पुलिसकर्मियों को पता चला तो उन्होंने महिपालपुर फ्लाईओवर के पास उस रोकने की कोशिश की। लेकिन उस कार में सवार बदमाशों ने अचानक पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए हेड कॉन्स्टेबल विवेक ने भी गोली चलाई। विवेक के साथ और भी पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद थे। लेकिन बदमाश इन सबको चकमा देकर भागने में कामयाब हो गए। डीसीपी मनोज सी का कहना है कि हम पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं। बदमाशों को पकड़ने के लिए जिला की कई टीम को लगा दिया गया है। जल्द ही फरार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक इस पूरी वारदात को लेकर डीसीपी की तरफ से कोई भी अधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई थी।

# शराब और जुआ: होटल में हो रही थी अय्याशी, 15 लोग गिरफ्तार

## कसीनो से 88 हजार रुपये, ताश की 20 गड्डी और 924 कॉइन और 15 स्टैंड और 21 मोबाइल फोन बरामद किए गए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/गाजियाबाद**

गाजियाबाद के वसुंधरा के सेक्टर-1 में स्थित होटल ग्रांड वैली में कसीनो चलाकर जुआ कराने का खुलासा हुआ है। तीसरे तल पर चल रहे कसीनो में पुलिस ने रात 12 बजे छापा मारकर 15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें होटल का मालिक विशाल उर्फ मोनू तेवतिया और दो महिला कर्मचारी शामिल हैं, जबकि 12 लोग जुआ खेलते पकड़े गए। मालिक पर जुआ कराने और कर्मचारियों पर चिप्स (कॉइन) बांटकर इस जुर्म में सहयोग करने का आरोप है। सभी 15 आरोपियों को गुरुवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। वहां से जेल भेज दिया गया।



पुलिस को कसीनो की जानकारी सोशल मीडिया से मिली। वसुंधरा के सेक्टर-5 की मोहन मीकिंस सोसायटी निवासी विशाल तेवतिया ने व्हाट्सएप के जरिए कसीनो में जुआ पार्टी के इंतजाम की जानकारी दे रखी थी। इसे देखकर पुलिस ने जाल बिछा दिया। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि संगीत की धुन के बीच बड़े हॉल कमरे में जुआ पार्टी चल रही थी। जुआ खेल रहे लोग पुलिस को देखते ही होटल के कमरों में जाकर छिप गए। पुलिस उनके पीछे-पीछे पहुंच गई और कमरों से ही पकड़ लिया। कसीनो से 88 हजार रुपये, ताश की 20 गड्डी और 924 कॉइन और 15 स्टैंड और 21 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

**कार्रवाई**

**● जुआ खेल रहे लोग पुलिस को देखते ही होटल के कमरों में जाकर छिप गए। पुलिस उनके पीछे-पीछे पहुंच गई**

**जिम ट्रेनर, रेस्तरां मालिक भी खेल रहे थे जुआ:** कसीनो से रिस्तल टीला मोड़ निवासी सोनू उर्फ सोनिक, निठोरा निवासी किसान नितिन, राजनगर एक्सटेंशन में चाप का रेस्त्रां चलाने वाले सगे भाई आशीष जैन और अखिल जैन, विवेकानंद नगर का सचिन चौहान, सिकरोड का किसान कपिल, नंदग्राम थाना क्षेत्र के पांच नंबर भट्टा रोड पर जिम ट्रेनर इंद्रजीत, ऑनलाइन शॉपिंग साइट चलाने वाला राजनगर एक्सटेंशन निवासी नितिन, झंडापुर का बिट्टू गुप्ता, गाजीपुर, दिल्ली निवासी होटल कर्मचारी सनी, फर्रुखनगर का राहुल, लोनी निवासी उत्तम प्रकाश शर्मा को जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। होटल कर्मचारी दिल्ली निवासी कामना और इंदू हैं।

**शराब की बोतलें भी मिलीं:** कसीनो से पुलिस को शराब की बोतलें भी मिली हैं। हालांकि, कोई शराब पीते हुए या परोसते हुए नहीं मिला। एसीपी का कहना है कि इसके बारे में पड़ताल की जा रही है कि शराब की बोतलें वहां क्यों रखी गईं थीं? । होटल मालिक ने इनके बरे में कुछ नहीं बताया है। पुलिस कसीनो से मिले 21 मोबाइल फोन की सीडीआर भी खंगाल रही है।

**पहले भी पकड़े गए हैं कसीनो**

निवाड़ी पुलिस ने सारा गांव में छापा मारकर 10 लोगों को पकड़ा, 28 हजार बरामद

**छह मार्च :** सिहानी गेट पुलिस ने नेहरू नगर में छापा मारकर 13 लोगों को पकड़ा, एक सफाई नायक भी था शामिल

**छह फरवरी 2023 :** शक्तिखंड के रॉयल पार्क होटल में कसीनो पर छापे में 24 लोग पकड़े

## न्यूज फ्लैश

### 95% घरेलू सहायकों का कहना है कि जोड़े जब भार साझा करते है तो वो अधिक खुश रहते हैं

**नई दिल्ली।** अपनी तरह के पहले आयोजन में, अभिनेत्री नेहा धूपिया के साथ 100 हाउस स्टाफ ने घर में समानता और असमानता के संकेतों और संबंधों पर इसके प्रभाव को जाहिर किया। घरेलू मदद करने वाले कई परिवारों का एक विस्तारित भाग हैं। वे कई जोड़ों के बीच बातचीत को देखते हैं और समय के साथ संबंध कैसे बदलते हैं, इस पर एक बाहरी परिप्रेक्ष्य को प्रस्तुत करते हैं। अनुसंधान से पता चलता है कि कामों को बांटने में समानता जोड़ों को करीब ला सकती है जबकि असमानता से भावनात्मक दूरी पैदा हो सकती है। इस कार्यक्रम को भारतीय अभिनेत्री और मॉडल नेहा धूपिया द्वारा सुगम बनाया गया, जिन्होंने 100 घरेलू सहायकों के साथ, परिवार के भीतर समानता और असमानता के संकेतों पर गहराई से विचार किया है। यह आयोजन एरियल के 'सी द साइन्स शेयर द लोड मूवमेंट का एक हिस्सा है, जिसे हाल ही में रिश्तों पर काम के असमान वितरण के दीर्घकालिक प्रभाव को उजागर करने और अधिक पुरुषों को शेयर द लोड के लिए अनुरोध करने के लिए लॉन्च किया गया था। उनके अवलोकन और अंतर्दृष्टि को इकट्ठा करने के लिए घरेलू सहायकों की उपस्थिति में एक लाइव सर्वेक्षण किया गया था। 95% घरेलू सहायकों ने पाया कि जब पति दिलचस्पी लेता है और घर के कामों में मदद करता है तो जोड़े खुश रहते हैं। 80% से अधिक घरेलू सहायकों ने बताया कि जब पति और पत्नी घर के कामों को समान रूप से नहीं बांटते हैं, तो उनके विवाहित जीवन में दूरियां आ जाती हैं। शरत वर्मा, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, पीएंडजी इंडिया और वाईस प्रेसिडेंट- फैब्रिक केयर, पीएंडजी इंडियन सबकॉन्टिनेंट ने बताया, "एरियल में हम सार्थक बातचीत शुरू करना चाहते हैं जो सकारात्मक बदलाव लाने में सहायता करेगी। इस साल, हमारे शेयर द लोड की मुहिम के साथ, हम सभी से आग्रह करना चाहते हैं कि वे समानता के संकेतों को देखें और देखें की कैसे यह रिश्ते को प्रभावित करता है। इसकी गहराई में उतरने के लिए, हमने घरेलू सहायकों को आमंत्रित किया, जो एक जोड़े के बीच समानता और असमानता के संकेतों को साझा करने के लिए एक बाहरी व्यक्ति के रूप में संबंधों का निरीक्षण करते हैं। 95% घरेलू सहायकों ने देखा कि जब पति दिलचस्पी लेता है और घर के कामों में मदद करता है तो जोड़े खुश रहते हैं। 80% से अधिक घरेलू सहायकों ने कहा कि जब पति और पत्नी घर के कामों को समान रूप से नहीं बांटते हैं, तो उनके विवाहित जीवन में दूरियां आ जाती हैं।

### आईसीआईसीआई बैंक ने टाटा मेमोरियल सेंटर को 1,200 करोड़ का योगदान देने की घोषणा की

**नोएडा।** आईसीआईसीआई बैंक ने आज टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी) के लिए 1,200 करोड़ रुपए का योगदान देने की प्रतिबद्धता की घोषणा की। टीएमसी देश भर में कैंसर उपचार और अनुसंधान केंद्र चलाने वाली एक प्रमुख संस्था है। आईसीआईसीआई बैंक अपने सीएसआर फंड से 7.5 लाख वर्ग फुट के संयुक्त क्षेत्र में फैली तीन नई इमारतों की स्थापना के लिए राशि प्रदान करेगा। साथ ही महाराष्ट्र में नवी मुंबई, पंजाब में मुल्लांपुर और आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम में टीएमसी के केंद्रों को अत्याधुनिक मशीनों से लैस करेगा। किसी भी संगठन द्वारा टाटा मेमोरियल सेंटर को दिया गया यह सबसे बड़ा एकल योगदान है। आधुनिक उपकरण और मल्टी-डिसिप्लीनरी टीमों के विशेषज्ञों के साथ ऑन्कोलॉजी ट्रीटमेंट में उत्कृष्टता वाले ये नए केंद्र एक वर्ष में लगभग 25,000 नए रोगियों को एडवांस्ड और एविडेंस बेस्ड थैरेपी प्रदान करेंगे। इस तरह ऑन्कोलॉजी ट्रीटमेंट से संबंधित वर्तमान क्षमता दोगुना हो जाएगी, जिससे देश के कैंसर उपचार के बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा मिलेगा। आईसीआईसीआई फाउंडेशन के प्रेसिडेंट श्री संजय दत्ता और टाटा मेमोरियल सेंटर के निदेशक डॉ आर ए बडवे ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन श्री गिरीश चंद्र चतुर्वेदी और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री संदीप बत्रा भी मौजूद थे। मुंबई के परेल स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल में डॉ. बडवे और बत्रा की उपस्थिति में आईसीआईसीआई एमआरआई सुविधा का भी उद्घाटन किया। यह सुविधा आईसीआईसीआई फाउंडेशन के सहयोग से एडवांस्ड एमआरआई मशीन से लैस है।

### फ्लिपकार्ट ने "बिग एंड ऑफ सीजन सेल" शुरू करने की घोषणा की

**गुरुग्राम।** भारत की स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपनी बहुप्रतीक्षित "बिग एंड ऑफ सीजन सेल" शुरू करने की घोषणा की, जिससे करीब 2,00,000 विक्रेताओं और 10,000 से ज्यादा ब्रैंड एक साथ आएंगे, ताकि देश भर के लाखों ग्राहकों को फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल से जुड़े उत्पादों की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराई जा सके। 1 जून, 2023 से शुरू होने वाले और एक सप्ताह तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान ग्राहकों को खरीदारी का अलग तरह का खरीदारी का अनुभव मिलेगा। इमेज सर्च, वीडियो कैटलॉग, वर्चुअल ट्राई-ऑन, वीडियो कॉमर्स और टॉप फिल्टर्स जैसे टैक्नोलॉजी आधारित प्रयासों का इस्तेमाल किया गया। फैशन और लाइफस्टाइल उत्पादों की व्यापक रेंज तक ऐक्सेस पाने के लिए "बिग एंड ऑफ सीजन सेल" की लंबे समय से प्रतिक्षा कर रहे लगातार बढ़ते ग्राहकों के आधार तक अच्छी तरह सेवाएं पहुंचाने के लिए, फ्लिपकार्ट अपने विक्रेताओं को मजबूत सप्लाई चेन की सुविधा उपलब्ध कराएगा जिसकी मदद से देश भर में सभी सेवायोग्य पिन कोड तक डिलिवरी की जा सकती है।

# अम्बाला मंडी में बना सूरजमुखी फसल का खरीद केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के प्रयासों से सूरजमुखी की फसल बोने वाले किसानों को भारी राहत मिली है। किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए कई किलोमीटर दूर शहजादपुर और मुलाना अनाज मंडी नहीं जाना पड़ेगा। गृह मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अब जीटी रोड पर अम्बाला छावनी अनाज मंडी में सूरजमुखी फसल की खरीद होगी। गुरुवार को शाहपुर, मच्छौंडा, हरिपुर, घसीटपुर एवं कई गांवों से आए किसानों ने सूरजमुखी फसल का खरीद केंद्र अम्बाला छावनी अनाज मंडी बनाने पर गृह मंत्री अनिल विज का हार्दिक आभार जताया। किसानों ने कहा कि



गृह मंत्री अनिल विज के प्रयासों से उनकी परेशानी दूर हुई है। पहले सूरजमुखी फसल की खरीद का केंद्र मुलाना एवं शहजादपुर बनाया गया था और अपनी फसल बेचने के लिए किसानों को कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। इस समस्या को लेकर गत दिनों किसानों ने गृह मंत्री अनिल विज से गुहार लगाई थी और जिसपर तुरंत संज्ञान लेते हुए गृह मंत्री अनिल विज ने कृषि मंत्री जेपी दलाल से बात कर अम्बाला छावनी अनाज मंडी में सूरजमुखी फसल का खरीद केंद्र स्थापित कराया। अब छावनी अनाज मंडी के आसपास लगते गांवों के किसानों को कई किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं, किसानों ने सूरजमुखी की फसल को भावांतर योजना में शामिल करने पर भी गृह मंत्री अनिल विज का धन्यवाद जताया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन बलविंद्र शाहपुर, किसान एवं वार्ड प्रधान राजबीर सिंह, किसान बलकार सैनी, कुलविंद्र सिंह, रंजीत सिंह, भोला, जसविंद्र सिंह, अवतार सिंह, दविंद्र सिंह, त्रिलोचन सिंह, पवन अरोड़ा, कुलदीप सिंह, करनैल सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

रोलर स्केटिंग स्पर्धा के लिए जर्मनी जाने वाले खिलाड़ी को शुभकामनाएं दी

गृह मंत्री अनिल विज ने वात्सल्य स्पेशल स्कूल के खिलाड़ी अंशु को बर्लिन में होने वाली वर्ल्ड समर स्पेशल ओलम्पिक गेम्स प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने खिलाड़ी को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर कैंटोनमेंट बोर्ड के सदस्य अजय बवेजा, स्कूल प्रिंसिपल यशपाल सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। गृह मंत्री अनिल विज ने गुरुवार अपने आवास पर विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश दिए। छावनी निवासी व्यक्ति ने गृह मंत्री को शिकायत देते हुए बताया कि उसके पुत्र ने आत्महत्या कर ली थी, मगर इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। उसका आरोप था कि कुछ गलत लोगों ने उसके बेटे को करीब 16 लाख रुपए देनदारी में फंसा लिया था जिसके दबाव में आकर उसके बेटे ने सुसाइड किया। गृह मंत्री अनिल विज ने मामले में डीएसपी कैंट रजनीश कुमार को ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## एस.आर. दयानंद स्कूल में निशुल्क समर कैंप आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**एस.आर.** दयानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल ने की नई पहल गर्मी की छुट्टियों के दौरान विद्यालय के बच्चों के लिए शिक्षा के साथ-साथ निशुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए कई प्रकार की एक्टिविटीज रखी गई जिसमें नींबू पानी, जलजीरा, छबील, डांस, म्यूजिक, योगा ,पेंटिंग, कराटे का आयोजन किया गया। पहले दिन बच्चों ने अनोखे ढंग से सम कैंप का आनंद उठाया जिसमें बच्चों ने कुकिंग विदाउट फायर से जल जीरा, नींबू पानी ,सैंडविच ,भेलपुरी सलाद बनाना सीखा।इसके साथ-साथ बच्चों ने मीठे पानी की छबील लगाई। दूसरे दिन आर्ट क्राफ्ट, ड्राइंग, पेंटिंग ,पेपर कटिंग, पेपर फोल्डिंग, योगा सिखाया गया। समर कैंप के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया गया। प्रधानाचार्य महोदया ने अपने भाषण के माध्यम से बच्चों को योग करते हुए निरोग रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

## डीएम के प्रयास लाए रंग, जनपद के 1546 विद्यालयों का हुआ कायाकल्प

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**जिलाधिकारी** पुलकित खरे के उत्कृष्ट प्रयासों से जनपद के 1546 विद्यालयों का कायाकल्प हुआ। विद्यालयों की रैंकिंग 19 पैरामीटरों में की जाती है, जिसमें जनपद मथुरा ने प्रदेश में 10वां स्थान हासिल किया। गत वर्ष जनपद मथुरा की रैंकिंग 56वीं थी, जिसका सुधार होते हुए आज जनपद मथुरा 10वें स्थान पर आ गया है। जिलाधिकारी द्वारा निरंतर अधिकारियों के साथ बैठक की गई तथा निर्देशित किया गया कि सभी स्कूलों को उत्तम बनायें। जिलाधिकारी के निर्देशन में स्कूल चलो अभियान को गति प्राप्त हुई और विद्यालयों में आधिकारिक पंजीकरण करवाएं गए। उनका लक्ष्य था कि एक भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित नहीं रहना चाहिए। 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों के लिए अध्यापक घर घर जाकर प्रोत्साहित करेंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता को हमेशा प्राथमिकता देनी चाहिए। शासन की मंशा अनुसार जिलाधिकारी द्वारा जनपद के 115 जिला स्तरीय अधिकारियों को जनपद के 115 स्कूल गोद दिये गये थे, जिनके निर्देशन में स्कूलों का कायाकल्प किया गया। गोद लिए गए स्कूलों के सम्बंध में अधिकारियों को स्कूलों का कायाकल्प, स्कूल परिसर एवं भवनों का जीर्णोद्धार, शिक्षकों का व्यावहारिक परिवर्तन, स्कूल चलो अभियान के लिए प्रोत्साहन, निपुण भारत की परिकल्पना आदि के निर्देश दिए गए थे। जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया था की अपने गोद लिए विद्यालयों में जाकर शिक्षा गुणवत्ता को परखे, बच्चों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दे तथा स्कूल में मिड डे मील को स्वयं खा कर चेक करें। विद्यालयों के सामान्य शौचालय, दिव्यांग शौचालय, पेयजल व्यवस्था, वाउण्ड्रीबाल, टाइल्स, हैंडवाशिंग यूनिट, स्कूल का मैदान आदि का बारीकी से निरीक्षण करें।

## प्रेम नगर से लापता हुई दोनों छात्राओं का कोई सुराग नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** से तीन दिन पहले लापता हुई 2 नाबालिग छात्राओं का कहीं सुराग नहीं लगा है। दोनों छात्राओं को ढूंढने में लगे परिजनों की ही नहीं, पुलिस की भी मुश्किलें बढ़ी हुई हैं। पुलिस और परिजन दिन-रात सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटे हैं। अंतिम बार दोनों छात्राओं को अंबाला कैंट के बस स्टैंड पर देखा गया है। पुलिस ने पहले अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन की सीसीटीवी फुटेज खंगाली। यहां से छात्राएं पैदल कैंट बस स्टैंड की तरफ आती हुई दिखाई दे रही हैं, लेकिन बस स्टैंड से आगे कहां गई इसका अभी सुराग नहीं लगा है। बलदेव नगर थाना प्रभारी राम कुमार अपनी टीम के साथ रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पहुंचे।

## अवैध कोचिंग सेंटरों को थमाए नोटिस, बिना पंजीयन संचालन किया तो होगी कार्यवाही

### कोचिंग के रजिस्ट्रेशन पर विद्यालय का संचालन किया तो मान्यता होगी रद्द और होगी कड़ी कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**बिना पंजीकरण** के चल रहे कोचिंग सेंटरों को नोटिस थमाए जा रहे हैं। इसी के साथ चेतावनी दी जा रही है कि बिना रजिस्ट्रेशन के कोचिंग का संचालन हुआ तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। ब्लॉक नोडल अधिकारी बलदेव डॉ.अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण किया तथा बिना पुनः पंजीकरण अथवा बिना पंजीकरण के संचालित कोचिंग सेंटर का निरीक्षण कर कोचिंग संचालकों को नोटिस थमा कर देकर पंजीकरण कराने की हिदायत दी। वर्तमान में बंद एक पंजीकृत कोचिंग संस्थान चाणक्य एकेडमी बलदेव के संस्थापक ने नोडल अधिकारी को बताया कि वह कोचिंग का संचालन नहीं कर रहे। मार्च 2020 कोरोना काल से कोचिंग संस्थान बंद है और आगे संचालित नहीं करना चाहते इसलिए पुनः पंजीयन नहीं करवा रहे। इसकी जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक को पूर्व में एक नोटिस के जवाब में दे दी गई है। नोडल अधिकारी ने बताया कि कोचिंग के पंजीकरण के कुछ मानक होते हैं जिसको प्रत्येक कोचिंग संचालक को पूरा करना होगा जैसे कि विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त फर्नीचर, शौचालय की व्यवस्था पर्याप्त बिजली व पीने योग्य पानी की उचित व्यवस्था अग्निशमन यंत्र तथा आवागमन के लिए दो रास्ते प्रमुख हैं। अभिभावकों को भी इस ओर ध्यान देना होगा। विद्यार्थियों के कोर्स के अनुरूप विषय शिक्षक तथा मान्यता के उपरांत ही विद्यार्थियों को कोचिंग सेंटर में प्रवेश दिलाएं।

# आलसी एसआरजी, एआरपी मूल काम पर भेज जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**गुणवत्ता युक्त** शिक्षा, स्कूल मॉडलिंग, स्मार्ट क्लास बनाने पर जोर दिया जा रहा है। अधिक से अधिक बच्चे सरकारी स्कूल में पहुंचे इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि एसआरजी, एआरपी काम करें अन्यथा सामान्य शिक्षकों की तरह अध्यापन कार्य में लग जाएं। लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। जनपद में निपुण भारत मिशन की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान जनपद स्तरीय निपुण टास्क फोर्स और जिला शिक्षण अनुश्रवण



समिति के सदस्यों, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर पर परिषदीय विद्यालयों के संस्कृतिकरण हेतु समीक्षा की। इस दौरान डीएम ने सभी संबंधित एसआरजी तथा एआरपी को शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। बच्चों के चिन्हीकरण और नामांकन पर जोर दिया जाए तथा निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु

> सभी एसआरजी तथा एआरपी को चेतावनी दी कि शिक्षा तथा अन्य कार्यों में सुधार लाना होगा यही जिला प्रशासन को प्राथमिकता है और गुणवत्ता युक्त शिक्षा, स्कूल मॉडलिंग, स्मार्ट क्लास बनाने पर जोर दिया जाए। स्कूल के अच्छे परफोर्मेंस के आधार पर ही एसआरजी तथा एआरपी बने रहेंगे। कमी मिलने पर एसआरजी तथा एआरपी से हटाकर सामान्य शिक्षक बनाने को तैयार रहें। जनपद को टॉप 3 में लाने के लिए सभी मजबूती के साथ कार्य करें।
> **-पुलकित खरे, जिलाधिकारी मथुरा**

समस्त निपुण एसआरजी तथा एआरपी (टास्क फोर्स के पदाधिकारियों) को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। साथ ही साथ बेसिक शिक्षा विभाग के कई गतिविधियों जैसे ऑपरेशन कायाकल्प, स्कूल बच्चों का चिन्हीकरण और नामांकन डीबीटी एवं नवीन नामांकन के संबंध समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कड़े शब्दों में एसआरजी तथा एआरपी से कहा कि अपने कार्यों में सुधार करें, अगर सुधार नहीं हुआ तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। एसआरजी तथा एआरपी की टीम को मजबूत करना है और नकारा, लापरवाह एसआरजी तथा एआरपी की टीम में कोई जरूरत नहीं है वह सामान्य शिक्षक की तरह ड्यूटी करें।

## टीवीएस रेसिंग ने किडजानिया दिल्ली एनसीआर में लॉन्च किया एक्सपीरिएंस सेंटर



**नोएडा।** 100 सालों की धरोहर और चार दशकों के रेसिंग इतिहास के साथ टीवीएस मोटर कंपनी ने मोबिलिटी एवं मोटर रेसिंग के क्षेत्र में अपनी नींव को लगातार मजबूत बनाया है। 1982 के बाद से प्रतिभाशाली रेसर्स को प्रोत्साहित करते हुए, टीवीएस रेसिंग ने दुनिया के अग्रणी एंटरटेनमेन्ट थीम पार्कों में से एक किडजानिया के साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी युवा, उत्साही राइडरों को रेसिंग का अनूठा अनुभव प्रदान करेगी। किडजानिया मुंबई में एक्सपीरिएंस सेंटर की सफल शुरूआत के बाद टीवीएस रेसिंग ने किडजानिया दिल्ली एनसीआर में आधुनिक टीवीएस रेसिंग जोन की शुरूआत की, जो भावी रेसर्स को मोटर रेसिंग की दुनिया के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत के सबसे बड़े रेस टैज्क बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के स्थान, किडजानिया दिल्ली एनसीआर में टीवीएस रेसिंग एक्सपीरिएंस सेंटर का लॉन्च युवा रेसर्स को मोटरस्पोर्ट्स की दुनिया के साथ जोड़ेगा। इस उत्साह को आगे बढ़ाते हुए टीवीएस रेसिंग ने किडजानिया में अपनी पहली वर्चुअल चैम्पियनशिप का लॉन्च भी किया। दो महीने तक चलने वाली इस चैम्पियनशिप में युवा राइडर टीवीएस रेसिंग एक्सपीरिएंस सेंटर के रेसिंग सिमुलेटर्स, असेम्बली जोन और डिजाइन चैलेंजेज में हिस्सा लेंगे और परफोर्म करेंगे। रोमांचक अनुभव प्रदान करने वाली यह चैम्पियनशिप मोटर रेसिंग सिस्टम की क्षमता को गहराई से प्रदर्शित करेगी।

## उस्फार में लगे कैंप से सैकड़ों ग्रामीण हुए लाभान्वित

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**केएम सुपर** स्पेशलिटी हॉस्पिटल पाली डूंगरा सौंख रोड मथुरा द्वारा आज तीसरे दिन गुरुवार को गांव उस्फार में प्रसूति एवं स्त्री रोग, हड्डी रोग, मेडिसिन तथा सर्जरी डिपार्टमेंट का निःशुल्क कैम्प लगाया गया। जहां पहुंचे बीमार लोगों का वरिष्ठ डॉक्टरों ने चेकअप कर इलाज किया। इस दौरान केएम हॉस्पीटल द्वारा निःशुल्क दवाएं भी बीमार लोगों को दी गई। केएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल गांव-गांव जाकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा रहा है जिसका लाभ ग्रामीण अंचलों के लोग निःशुल्क उठा रहे है। इसी श्रृंखला में गुरुवार केएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा गांव उस्फार में प्रसूति स्त्री रोग, हड्डी, मेडिसिन सर्जरी डिपार्टमेंट के डॉक्टर हीना, डॉक्टर पारूल, डॉक्टर स्नेहल, डॉक्टर राहुल एवं डा. कोमल ने निःशुल्क कैम्प में अपनी स्वास्थ्य सेवाएं दी।

# सूरजमुखी की खरीद को लेकर धरने पर बैठे किसान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सरकार की भावंतर योजना के खिलाफ किसानों का अंबाला कैंट के अनाज मंडी में प्रदर्शन किया। एक जून से प्रदेश में सूरजमुखी की सरकारी खरीद शुरू होनी थी लेकिन अचानक सरकार ने फैसला लिया की किसान अपनी फसल प्राइवेट आढ़तियों के द्वारा बेच सकते है और सरकार उनके खाते में भावंतर योजना के तहत एक हजार रूपए प्रति किवंटल डाल देगी जिसका किसान विरोध कर रहे है।

किसानों की मांग है की उनकी



सूरजमुखी की फसल पर खरीदी जाए ! किसानों ने सरकार पर वादाखिलाफी के भी आरोप लगाए।

इस मौके पर सैंकड़ों की संख्या में किसान मंडी में इकट्ठा हुए ! किसानों ने इस मौके पर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की वहीं सरकार को चेतावनी भी दी की अगर उनकी मांग न मानी गई तो आने वाले समय में पूरे देश में बड़ा आंदोलन किया जाएगा ! किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा के मध्यनजर मंडी में भारी संख्या में पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा। किसान नेता वजिंदर कंबोजण जय सिंह एमनजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा की मंडियों में एक जून से सूरजमुखी की फसल की सरकारी खरीद शुरू होनी थी जिसका किसान बहुत दिनों से इंतजार कर रहे थे। खरीद शुरू तो हुई लेकिन इस दौरान सरकार ने फैसला लिया की किसान किसी को भी अपनी फसल बेच सकते है और उनके खाते में भावंतर योजना के तहत एक हजार रूपए प्रति किवंटल डाल दिए जायेंगे। जिसका किसान विरोध कर रहे है।

# धूमधाम से मनाया गया पानीहाटी दंड महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**वृंदावन के** सप्त देवालयों में से एक ठाकुर श्री राधा दामोदर मंदिर में निर्जला एकादशी के तृतीय दिवस मंदिर परिसर में पानीहाटी दंड महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। उत्सव के दौरान मंदिर परिसर में ठाकुर जी के समक्ष दही चिड़ावा केला और आम का विशेष भोग अर्पित किया गया और साथ छप्पन भोग का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर राधा दामोदर मंदिर में भव्य फूल बंगले का आयोजन किया गया और साथ ही मंदिर परिसर में साधु वैष्णव सेवा का आयोजन किया गया। इस उत्सव का साक्षी बनने के लिए देश विदेश से सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर



परिसर पहुंचे। इस उत्सव के दौरान श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए मंदिर के सेवायत दामोदर चंद्र गोस्वामी ने बताया कि मंदिर के बड़े गोसाई आचार्य कनिका प्रसाद गोस्वामी महाराज की अध्यक्षता में राधा दामोदर मंदिर में पानीहाटी दंड महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह उत्सव गौडिया वैष्णव संप्रदाय में अपना एक अलग ही स्थान रखता है। यह उत्सव गौडिया वैष्णव संप्रदाय में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। वही उन्होंने बताया कि एक बार पश्चिम बंगाल के पानीहाटी दंड नामक जगह पर रघुनाथ दास ने नित्यानंद प्रभु को लांग दिया था। जिसके चलते चैतन्य महाप्रभु ने रघुनाथ दास को दंड दिया कि वह ठाकुर जी के समक्ष दही, चिड़ावा केला और आम का भोग तैयार करें और ठाकुर जी को अर्पित करें। तभी से गौडिया वैष्णव संप्रदाय में यह उत्सव मनाए जाने लगा। इस उत्सव के अंतर्गत ठाकुर जी के समक्ष विशेष भोग को अर्पित किया जाता है और साथ ही राधा दामोदर मंदिर में पूज्य बड़े गोसाई महाराज की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में फूल बंगला, ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार और साधु वैष्णव सेवा का आयोजन किया गया है। वही इस मौके पर ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र शर्मा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मुकेश गौतम, त्रिदंडी स्वामी महाराज, त्रिदंडी स्वामी भक्ति गोविंद महाराज, महंत सदानंद दास महाराज आदि मौजूद रहे।

# स्वनिधि महोत्सवः 25721 रेहड़ी पटरी वालों को मिला योजना का लाभ

> 8 सरकार ने स्ट्रीट वेंडर वालों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्वनिधि योजना शुरू की है

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**स्ट्रीट वेंडर** स्वनिधि महोत्सव में शुभारंभ कर रेहड़ी पटरी वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया किया गया। स्वनिधि महोत्सव के आयोजन के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार ने स्ट्रीट वेंडर वालों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ह्यस्वनिधि योजनाह्व शुरू की है। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स



आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना को केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने शुरू किया है। जिसका उद्देश्य रेहड़ी पटरी वालों को न केवल ऋण देकर सशक्त बनाना है तथा उनका पूर्ण विकास और आर्थिक संपन्न करना है। स्वनिधी योजना के तहत रेहड़ी पटरी वालों को डिजिटल माध्यम से जोड़ा जायेगा, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगी। श्री खरे ने कहा कि योजना का लाभ पाने में किसी भी लाभार्थी को कोई समस्या उत्पन्न होती है तो डूडा कार्यालय में सम्पर्क अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# ब्रह्मकुमारीज ने नशा मुक्ति के लिए लोगों को किया जागरूक






**नई दिल्ली /एक्शन इंडिया नरेला में** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पाना उद्यान द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को राजा हरिश्चंद्र रोड पर बुध बाजार के पास निशुल्क दवाई कैंप व जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रसिद्ध समाजसेवी प्रवीन लाकड़ा ने रिबन काटकर किया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में भारत के सभी राज्यों के 372 जिलों में नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत बाहरी दिल्ली के नरेला में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पाना उद्यान द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में बुधवार को राजा हरिश्चंद्र रोड पर निशुल्क दवाई कैंप व जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी प्रवीन लाकड़ा व अति विशिष्ट अतिथि नरेला एसीपी सुरेश कौशिक का चंदन तिलक लगाकर, पटका पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा ने रिबन काटकर किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नरेला सेंटर इंचार्ज बीके गीता बहन ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरण रैली निकालकर बाजार में व्यापारियों के साथ ही आम जनमानस को जागरूक किया रैली में बड़ी संख्या में ब्रह्मकुमारी भाई बहने नशा मुक्ति से संबंधित स्लोगन, झंडे बैनर लेकर शामिल हुए वही जो लोग नशा छोड़ना चाहते हैं लेकिन छोड़ नहीं पा रहे, उन्हें नशा छुड़वाने के लिए कैंप में निशुल्क दवाई वितरण का कार्यक्रम भी किया गया साथ ही नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में जागरूक किया। इस दौरान कार्यक्रम से प्रभावित होकर कई लोगों ने नशे को त्यागने का संकल्प लिया साथ ही ब्रह्माकुमारी के नशा मुक्ति अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए अपना सहयोग देने का भरोसा दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रवीन लाकड़ा ने कहा कि ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय नरेला द्वारा तंबाकू एवं अन्य व्यसनो के प्रति लोगों को जागरूक करने का अच्छा प्रयास है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी एनडी अरोड़ा, नरेला सेंटर इंचार्ज बीके गीता बहन, बीके प्रिया, बीके वनिता, बीके योगेश्वरी, बीके मोनिका, बीके नमिता, बीके वैशाली, बीके रामकुमार भाई, बीके विद्यासागर, बीके रामनिवास, बीके शिवदत्त, बीके राजपाल, बीके अशोक बीके यशपाल के साथ माउंट आबू से आए राजयोगी ब्रह्माकुमार नरेंद्र, बीके नीलम बहन, बीके बबीता, बहन बीके सुनील बहन, बीके रोशनी बहन समेत सैकड़ों भाई बहनों का सहयोग रहा।

# एएसआई पर आधी रात को जानलेवा हमला



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली मोती** नगर के जखीरा फ्लाईओवर के पास बृहस्पतिवार देर रात तलाशी के लिए रोकने पर एक संदिग्ध युवक ने दिल्ली पुलिस के एएसआई पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में एएसआई गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात को अंजाम देकर आरोपित मौके से फरार हो गया। घायल पुलिसकर्मी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर कुछ घंटे बाद ही आरोपित की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। **रात में किया वार:** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मोती नगर थाने में तैनात एएसआई विक्रम सिंह शुक्रवार रात जखीरा फ्लाईओवर के नीचे बने पिकेट पर तैनात थे। देर रात करीब साढ़े बारह बजे पुलिसकर्मी ने एक युवक को संदिग्ध हालत में वहां घूमते हुए देखा। शक होने पर एएसआई ने युवक को पकड़ा और उससे पूछताछ करने के साथ-साथ उसकी तलाशी लेने लगे। इसी दौरान संदिग्ध युवक ने जेब से चाकू निकाल लिया और एएसआई पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसके बाद आरोपित वहां से फरार हो गया। एएसआई के सूचना देने पर वहां पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घायल एएसआई को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने विक्रम सिंह के बयान पर आरोपित के खिलाफ हत्या का प्रयास व सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया।

**सीसीटीवी की पुलिस ने ली मदद:** मामले की छानबीन के दौरान पुलिस ने पिकेट के आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला। एक फुटेज में आरोपित भागते हुए दिख गया, जिसके जरिए आरोपित की पहचान जखीरा स्थित झुग्गी निवासी आकाश (26) के रूप में हुई।

# सिख कौम ऑपरेशन ब्लू स्टार को कभी भुला नहीं सकती: जसप्रीत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा ऑपरेशन ब्लू स्टार की वर्षगांठ के मौके पर आज गुरुद्वारा बंगला साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ हुए । पाठ के भोग रविवार 4 जून को डाले जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के धर्म प्रचार विभाग के चेयरमैन जसप्रीत सिंह कर्मसर व सहायक चेयरमैन सरदार सतनाम सिंह ने बताया कि 4 जून को गुरमति समागम में बड़ी संख्या में संगत नतमस्तक होगी। इस मौके पर गुरबाणी कीर्तन के अलावा गुरमति विचार भी आयोजित होंगी। ऑपरेशन ब्लू स्टार को सिख कौम रहती दुनिया तक नहीं भुला सकती।

तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने टैंकों व तोपों से सिखों के सर्वोच्च पवित्र स्थान श्री अकाल तख्त साहिब को नष्ट करने का प्रयास किया तथा दर्शन करने के लिए आई हुई संगत पर गोलियां चलाकर जुल्म किया। उन्होंने कहा कि निर्दोष संगत के नरसंहार व हमारे सबसे पवित्र स्थल पर किया गया यह हमला दुनिया कि इतिहास में सबसे बेरहम हमले के रूप में जाना जाता है जिसमें किसी धर्म के धार्मिक स्थल को निशाना बनाया गया। उन्होंने आगे कहा कि जून के पहले सप्ताह को समूचा सिख जगत अकाल तख्त साहिब पर हुए हमले के रूप में मनाता है। 1 जून 1984 को इंदिरा गांधी के आदेश पर भारतीय फौज ने श्री दरबार साहिब पर गोलीबारी शुरू की थी जिसमें पहले दिन 8 सिंह शहीद हो गए थे जिनमें बुजुर्ग बच्चे व महिलाएं भी शामिल थीं। सरदार कर्मसर ने संगत से अपील करते हुए कहा कि 4 जून को श्री अखंड पाठ साहिब के भोग व आयोजित किए जाने गुरमति समागम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों।

# दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किए दो झपटमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली झपटमारी की** एक के बाद एक कई वारदात को अंजाम दे चुके दो बदमाशों को द्वारका जिले के स्पेशल स्टाफ पुलिस दस्ते ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान मोहन गार्डन के अनिल कुमार व सचिन कुमार के रूप में हुई है। आरोपितों के पास से दो सोने की चेन, दो मोबाइल फोन व वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद हुई है। आरोपित अनिल के खिलाफ 25 और सचिन के खिलाफ दो आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। आरोपितों की गिरफ्तारी से पुलिस ने चार मामले सुलझाने का दावा किया है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने बताया कि 19 मई को डाबड़ी थाने में झपटमारी की शिकायत सामने आई थी। जिसमें पीड़ित ने बताया था कि मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश उनके गले से सोने की चेन झपटकर भाग गए।

**शिकंजा**

**● आरोपितों की पहचान मोहन गार्डन के अनिल कुमार व सचिन कुमार के रूप में हुई है। दो सोने की चेन, दो फोन बरामद हुए**

**सीसीटीवी की मदद से हुए गिरफ्तार:** मामले की छानबीन के लिए एसीपी राम अवतार के दिशानिर्देश व इंस्पेक्टर नवीन कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला और आरोपितों की पहचान करने के लिए सूत्रों की मदद ली।

**पहले से दर्ज हैं कई मामले:** 27 मई को सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने गंदा नाला रोड पर दोनों आरोपितों को दबोच लिया। आरोपित अनिल को वर्ष 2018 में स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने एक डकैती मामले में गिरफ्तार किया गया था। वर्ष 2022 तक वह न्यायिक हिरासत में था। जेल से बाहर आने के बाद उसने फिर से झपटमारी की वारदात को अंजाम देना शुरू कर दिया। इसके अलावा आरोपित वारदात को अंजाम देने के बाद ओयो के होटलों में ठहरते थे।

# कॉरिडोर के लिए पुलबंगश के बीच सुरंग खोदाई शुरू



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली फेज** चार के निर्माणाधीन जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम कॉरिडोर के लिए डेरावल नगर से पुलबंगश के बीच टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) से सुरंग की खोदाई का काम शुरू हो गया है। शुक्रवार को दिल्ली मेट्रो रेल निगम के प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने टीवीएम से सुरंग खोदाई के काम का शुभारंभ किया। यह फेज चार की मेट्रो लाइनों के भूमिगत कॉरिडोर के निर्माण में इस्तेमाल होने वाली चौथी टीवीएम मशीन है, जिसे भूमि नाम दिया गया है। 28.92 किलोमीटर लंबी जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम कॉरिडोर का 19.52 किलोमीटर हिस्सा एलिवेटेड व 9.40 किलोमीटर हिस्सा भूमिगत होगा। इस कॉरिडोर के लिए जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन के बीच 2.2 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाने का काम पूरा हो चुका है। कृष्णा पार्क एक्सटेंशन से आजादपुर तक यह कॉरिडोर एलिवेटेड होगा। डेरावल नगर से आरके आश्रम के बीच इस कॉरिडोर का 7.2 किलोमीटर का हिस्सा भूमिगत होगा। इस हिस्से पर छह स्टेशन होंगे। इस भूमिगत कॉरिडोर के लिए ही डेरावल नगर से पुलबंगश के बीच सुरंग की खोदाई का काम शुरू हुआ है। यह सुरंग तीन किलोमीटर लंबी होगी। डीएमआरसी का कहना है कि इस सुरंग की गहराई डेरावल नगर में 12.4 मीटर से लेकर नजफगढ़ नाले के पास 25.9 मीटर तक होगी। इस वजह से टीवीएम अलग-अलग भूगर्भीय स्तर से होकर गुजरेगी। भूमिगत कॉरिडोर के इस हिस्से पर तीन मेट्रो स्टेशन डेरावल नगर, घंटा घर और पुलबंगश होंगे। यह सुरंग जीटी करनाल रोड पर घनी आबादी वाले कई आवासीय व व्यवसायिक इलाकों के नीचे हो होकर गुजरेगी। इसमें डेरावल नगर, राणा प्रताप नगर, शक्ति नगर, कमला नगर, घंटा घर, सब्जी मंडी, रोशनारा रोड शामिल हैं। इसके मद्देनजर डीएमआरसी ने पहली बार टीबीएम मशीन को एक खास तकनीक (बोर टनलिंग इलेक्ट्रिकल अहेड मानिटरिंग) से लैस किया है। इसकी मदद से सुरंग की खोदाई के दौरान टीबीएम के कटर हेड फेस से 20 मीटर आगे तक की भूगर्भीय स्थिति की जानकारी वास्तविक समय में अधिकारियों को मिलती रहेगी। इससे अधिकारी यह जान सकेंगे कि खोदाई स्थल से 20 मीटर आगे तक भूगर्भ में कहीं चट्टान, कुआं, या ऐसी मिट्टी हो जिससे सड़क या जमीन धंसने की संभावना हो तो इसकी सूचना पहले अधिकारियों को मिल सकेगी। इससे सुरंग की खोदाई का कार्य आसानी से शुरू हो सकेगा।

**तकनीक का कमाल**

**● टीबीएम के कटर हेड फेस से 20 मीटर आगे तक की भूगर्भीय स्थिति की जानकारी वास्तविक समय में मिलती रहेगी।**

# ट्रांसजेंडर से लूट करने वाले बदमाश गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली। दिल्ली** पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने ट्रांसजेंडर को बंधक बनाकर एक करोड़ से भी ज्यादा की लूट करने वाले लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से 70 लाख की ज्वेलरी, 2.78 किलोग्राम चांदी और 6.7 लाख कैश, लूट के पैसे से खरीदा गया मोबाइल बरामद हुआ है। हैरान करने वाली बात है कि लूटपाट की वारदात को टॉय गन से अंजाम दिया गया था। गिरफ्तार बदमाशों के पास से चार टॉय गन और एक देसी कट्टा बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान लक्ष्मी नगर निवासी पवन जायसवाल, पंजाब निवासी सनी उर्फ अमन राठौर और उप्र के मुजफ्फरनगर निवासी सलमान के रूप में हुई है। डीसीपी अमृता गुगुलोथ ने बताया कि 24 मई को लक्ष्मी नगर में एक ट्रांसजेंडर और उसके एक स्टाफ को हथियार के बल पर चार नकाबपोश लोगों ने बंधक बना लिया था। इसके बाद बदमाश लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और भारी नकदी लूटकर फरार हो गए। पीड़ित ट्रांसजेंडर ने यह भी बताया कि बदमाश घर मे घुसते ही पहले उसके पैर छूकर आशीर्वाद लिया और उसे 500 भी भेंट किया।

**अरेस्ट**

**● 70 लाख की ज्वेलरी, 2.78 किलोग्राम चांदी और 6.7 लाख कैश, लूट के पैसे से खरीदा गया मोबाइल बरामद हुआ है**

शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। स्पेशल स्टाफ टीम ने मकान में रहने वाले सभी लोगों के मोबाइल नंबरों का तकनीकी विश्लेषण करने के साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए। पुलिस ने 25 किलोमीटर से अधिक की दूरी में फैले 300 से अधिक सीसीटीवी को स्कैन किया, जो नया बांस सेक्टर -15 नोएडा तक जाता है।

# रेल मंत्री ने रेल सुरक्षा को बेहतर करने पर दिया जोर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली रेल मंत्री** अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां मानेकशॉ सेंटर में रेल मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर में अधिकारियों से रेल सुरक्षा और नई तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज चिंतन शिविर के दूसरे दिन सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से 30,000 रूट किलोमीटर (आरकेएम) के लिए ट्रेन की गति को 160 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने पर विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने भारतीय आर्थिक विकास में रेलवे की भूमिका पर भी जोर दिया। वैष्णव ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे सालाना 1100 करोड़ यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के तरीके और भीड़भाड़ से कैसे निपटा जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से नई तकनीक अपनाने और चल रही बुलेट ट्रेन परियोजना से सीखे गए सबक को अपनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वंदे मेट्रो के डिजाइन को अंतिम रूप दे दिया गया है। मंत्री ने कहा कि विचार-विमर्श से कार्रवाई बिंदु निकाले जाएं और उन पर समयबद्ध तरीके से कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में रेल राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे और दर्शना जरदोश भी शामिल हुए। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ अनिल कुमार लाहोटी, रेलवे बोर्ड के सदस्य और रेलवे बोर्ड और सभी जोनल रेलवे के युवाओं सहित अन्य अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस मेगा इवेंट में जोनल रेलवे, पीयू, पीएसयू, सीटीआई, आरडीएसओ आदि से लगभग 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

**सेफ्टी फर्स्ट**

**● वंदे मेट्रो के डिजाइन को अंतिम रूप दे दिया गया है। मंत्री ने कहा कि विचार-विमर्श से कार्रवाई बिंदु निकाले जाएं**

# दिल्ली हाई कोर्ट का समलैंगिक अंतधर्मिक जोड़े को सुरक्षा देने का निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एक समलैंगिक अंतर्धार्मिक जोड़े को सुरक्षा देने का निर्देश दिया है। जस्टिस रजनीश भटनागर की बेंच ने स्थानीय पुलिस को निर्देश दिया कि वे जोड़े को सुरक्षा प्रदान करें। समलैंगिक जोड़े में एक हिन्दू है और एक मुस्लिम। जोड़े ने अपनी याचिका में कहा कि उसे अपने परिवार वालों से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। ये जोड़ा दिल्ली के एक शेल्टर होम में रह रहा है। हिन्दू लड़की के परिवार वाले मुस्लिम लड़की पर धर्मांतरण का आरोप लगा रहे हैं।

**आदेश**

**● जोड़े ने अपनी याचिका में कहा कि उसे अपने परिवार वालों से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं**

याचिकाकताओं की ओर से पेश वकील अरुंधति काटजू ने कहा कि दोनों लड़कियां बालिग हैं और वे साथ रहना चाहती हैं लेकिन हिन्दू लड़की के परिवार वाले जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। वे लड़की की अपनी मर्जी के लड़के शादी करवाना चाहते हैं, जिसका लड़की विरोध कर रही है। हिन्दू लड़की को उसकी मर्जी के बिना उत्तर प्रदेश लेकर जाया गया था, जहां से दिल्ली महिला आयोग के हस्तक्षेप के बाद छुड़ाया गया। काटजू ने दोनों लड़कियों की सुरक्षा की मांग की। कोर्ट ने स्थानीय पुलिस थाने के एसएचओ और बीट अफसर को निर्देश दिया कि वो दोनों लड़कियों को अपना नंबर उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें जब भी मदद की जरूरत पड़े वो फोन कर सकें। कोर्ट ने कहा कि अगर ये जोड़ा किसी किराये के मकान में रहने जाता है तो वहां के स्थानीय थाने को सूचना दें।

# ग्लोबल टीचिंग प्रोफेशनल्स ओलंपियाड में शिक्षकों ने किया शानदार प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार के शिक्षा निदेशालय ने सेंटर फॉर टीचर एक्रेडीएशन (सेंटा) के कोलाबोरेशन के टीचिंग प्रोफेशनल्स ओलंपियाड (टीपीओ) की मेजबानी की। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्लोबल स्टैंडर्ड्स के आधार पर शिक्षकों की क्षमताओं का मूल्यांकन करना और शिक्षण में एक्सीलेंस को बढ़ावा देना है। इस क्रम में दिल्ली-सेंटा टीपीओ में शानदार प्रदर्शन करने वाले केजरीवाल सरकार के स्कूलों के शिक्षकों के लिए शुक्रवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दिल्ली-सेंटा टीपीओ में केजरीवाल सरकार के स्कूलों के 1,096 शिक्षकों ने भाग लिया। इनमें से, 942 शिक्षकों ने बहुविकल्पीय प्रश्न (टउद) परीक्षा पूरी की, जबकि 702 शिक्षकों ने वर्बल कम्युनिकेशन परीक्षा दी। अधिकतम स्कोर 89% व औसत स्कोर 65.56% के साथ दिल्ली सरकार के स्कूलों के शिक्षकों ने इस वैश्विक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन दिखाया। इस मौके पर इन शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने अपने संदेश में कहा, "हमारे शिक्षकों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से साबित कर दिया है कि अब वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों में शुमार हो रहे है।5 देशों के 6000 शिक्षकों के बीच हुई प्रतिस्पर्धा में केजरीवाल सरकार के शिक्षकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ये साबित कर दिया कि 'वे किसी से कम नहीं है'। अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में हमारे शिक्षकों का प्रदर्शन इस बात की घोषणा है कि, अब उनमें विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ बनने की क्षमता है। मैं उन्हें अपने लिए नए आयाम स्थापित करने की पहल करने के लिए बधाई देती हूं।" उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षकों को दुनिया भर में अपने समकक्षों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए ग्लोबल एक्सपोजर और आत्मविश्वास देने के केजरीवाल सरकार के 8 साल के प्रयास आखिरकार परिणाम दिखा रहे हैं। यह दिल्ली की टीम एजुकेशन और केजरीवाल सरकार की उपलब्धि है जिसने शिक्षकों की क्षमताओं में निवेश किया और उनपर भरोसा किया। केजरीवाल सरकार के शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह का उद्देश्य शिक्षकों के स्किल्स को पहचाना है।

**बेहतरीन**

**● ग्लोबल स्टैंडर्ड्स के आधार पर शिक्षकों की क्षमताओं का मूल्यांकन करना और शिक्षण में एक्सीलेंस को बढ़ावा देना**

# किसी संगठन में रह कर कौशल या व्यापार सीखने का परीक्षण के लिए

**टीम एक्शन इंडिया /फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** अप्रेंटिसशिप, उम्मीदवारों के लिए बहुत अच्छा मौका होता है अपने कौशल को बढ़ाने के लिए। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने आज लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिले की सभी राजकीय आईटीआई कन्या एवं बाल के 255 बच्चों को अप्रैंटिक्स के लिए मार्ग दर्शन किया तथा साथ ही कंपनियों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए के बच्चों को अप्रेंटिसशिप कराए। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि पढ़ाई पूरी होने के पश्चात आप अप्रेंटिसशिप के लिए कंपनियों में अप्लाई करें ताकि आप वहां



जिस विषय में आपने अपनी पढ़ाई की है उससे जुड़े कार्यों को देख सके, सीख सके ताकि जब आप कार्य करने में दक्षता हासिल कर ले तो आप अपनी पसंद की कंपनी में नौकरी के लिए आवेदन करें तो आपको तुरंत नौकरी मिल जाए। उन्होंने वहां मौजूद बच्चों से कंपनियों में अप्रैंटिक्स ना करने का कारण पूछा और जो बच्चे अपरेंटिस कर रहे थे लेकिन किसी समस्या के कारण उन्होंने वह छोड़ दी तो उनसे उनकी समस्याएं जानी और उन्होंने कंपनियों को आदेश दिया कि अप्रैंटिक्स के बच्चों को अच्छी तरीके से कार्य सिखाएं उनको आगे बढने के लिए प्रोत्साहित करें बैठक में एचएल भूटानी, आईएमएसएमई से संजय बोहरा, एसोसिएशन के प्रतिनिधि अमित सिंह, एसोसिएशन के प्रतिनिधि सोनिआ चौहान, पीआईसीएल तथा इंडिया फोसल तथा आईटीआई के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# वृंदावन के लिए जयभगवान आंतिल ने क्षेत्रवासियों को दी निशुल्क बस यात्रा की सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** वृंदावन में आयोजित हो रही देश की प्रमुख श्रीमद्भागवत कथाओं में से एक का श्रवण करने के लिए आंतिल बाहारा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने निशुल्क बस की सुविधा दी है। 10 दिन चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों को बस प्रतिदिन आवागमन कराएगी। वंद्रावन के लिए बस को रवाना करते हुए जयभगवान आंतिल ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण ही मानव जीवन के उद्धार की सीढ़ी है। क्षेत्र के गांव नांदनौर, खटकड़ व पलड़ी से बस रवाना करते हुए आंतिल बाहारा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने बताया कि कई दिन से हरिद्वार के लिए बस जा रही थी और ग्रामीण गंगा में स्नान कर रहे



थे। ग्रामीणों ने उनकों बताया कि वृंदावन में देश की प्रमुख श्रीमद्भागवत कथाओं में से एक कथा का आयोजन शुरू हुआ है। जिसमें वे भी शामिल होना चाहते हैं। ग्रामीणों के मांग पर उन्होंने एक बस को वृंदावन के लिए रवाना किया है। यह बस आए दिन वृंदावन तीर्थ स्थल का भ्रमण कराएगी और वहां पर आयोजित श्रीमद्भावगत कथा श्रवण कराएगी। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन व व्यवहार में धारण कर निरंतर हरिस्मरण करते हैं। अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण हो इसके लिए उन्होंन क्षेत्रवासियों को 10 दिन वृंदावन में श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण कराने का निर्णय लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाविप वीर सावरकर शाखा का रक्तदान शिविर 4 जून को

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा हरियाणा मध्य प्रांत द्वारा 4 जून को जी टी रोड के पास फिटनेस क्लब में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी परिषद की अध्यक्ष मंजू भूटानी व महिला संयोजिक पूनम सिंघल ने दी। भूटानी ने बताया कि महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जंयती के उपलक्ष्य में शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर की अध्यक्षता हरियाणा मध्य प्रांत के अध्यक्ष प्रवीण सिंघल करेंगे। शिविर के शुभारम्भ मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के निदेशक एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान करेंगे। मंजू भूटानी ने कहा कि रक्तदान महादान है। इसलिए अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए।

### नगरपालिका की जमीन पर कब्जा मुक्त करवाने के बाद फिर किया कब्जा

**गन्नौर।** नगरपालिका द्वारा कब्जा मुक्त करवाई गई जमीन पर फिर से अवैध कब्जा करने के आरोप में थाना गन्नौर पुलिस ने पूर्व पार्षद व उनके भाई के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नगरपालिका सचिव की तरफ से शिकायत मिलने के बाद थाना बड़ी पुलिस द्वारा पूर्व पार्षद अशोक सैनी व उनके भाई संजय सैनी पर लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 व आईपीसी की धारा 447 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि नगरपालिका की जमीन पर वर्षों से चल रहे अवैध कब्जा को 8 मई को नगर पालिका अधिकारियों ने पुलिस की मदद से हटवाया था। नगरपालिका द्वारा कब्जा हटाने के लिए तहसीलदार को बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। जिसके बाद नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने थाना गन्नौर में पूर्व पार्षद अशोक सैनी व उनके भाई संजय सैनी के खिलाफ शिकायत दी थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अब पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जनस्वास्थय विभाग में ज्येष्ठ माह की त्रयोदशी पर लगाया विशाल भंडारा

**गन्नौर।** जनस्वास्थय विभाग में ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी शुक्रवार को विशाल भंडारा लगाया गया। भंडारे में भीड़ उमड़ी। भंडारे में एसडीओ रविन्द्र, जेई राजकुमार दहिया, जेई राजेश छौक्कर, देवेन्द्र राणा, सेवानिवृत कर्मचारी नरेश गुज्जर, इन्द्र पहल, नवीन कौशिक, राकेश त्यागी, रामचन्द्र लाठ, धर्मपाल सरोहा, हवासिंह, राजेश छौक्कर आदि ने अपनी सेवाएं दी। विभाग के कर्मचारी नरेश गुज्जर ने बताया कि विभाग के कार्यालय में हर साल त्येष्ठ माह में अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से विशाल भंडारा लगाया जाता है।

### अवैध शराब की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार

**खरखौदा।** विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सोनीपत जिले के थाना खरखौदा की पुलिस ने अवैध शराब की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसे पुलिस पार्टी द्वारा नियमानुसार काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपनी पहचान आशीष वासी वैस्ट राम नगर सोनीपत के रूप में दी। बरामद हुई शराब का उपरोक्त आशीष कोई परमिट/लाईसेंस पेश नही कर सका। आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत थाना खरखौदा में मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

### जींद में होने वाली तिरंगा यात्रा के लिए हरेक घर में देंगे न्योता: डॉ. सुशील गुप्ता

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि 8 जून को जींद में होने वाली तिरंगा यात्रा ऐतिहासिक होगी। इसके लिए आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी जिले की सभी विधानसभाओं में हरेक घर में जाकर न्योता देंगे। उन्होंने बताया कि इसमें आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत मान शिरकत करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील ने बताया कि वे स्वयं जींद की सभी विधानसभाओं के गांवों में जाकर तिरंगा यात्रा का न्योता देंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क साधेंगे।

# स्मार्ट ई व्हीकल निर्माण की हब बनेगा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ई व्हीकल निर्माण की इनोवेटिव हब बनेगा। इसकी शुरूआत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने पहला ई व्हीकल बनाकर कर दी है। अगला कदम इसे सौर ऊर्जा से चलाने और इस व्हीकल को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा कंप्यूटर से जोड?ना होगा। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू इस इनोवेटिव प्रोजेक्ट में खास दिलचस्पी ले रहे हैं। उन्होंने कंप्यूटर साइंस विभाग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सोलर एनर्जी और 4.जीरो डिपार्टमेंट को इसमें सम्मिलित कर इसे मल्टीडिसीप्लिनरी प्रोजेक्ट बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। ऐसा करने से विश्वविद्यालय में नए विद्यार्थी आएंगे नए प्रोजेक्ट विकसित होंगे। विद्यार्थी इस प्रोजेक्ट को अपना स्टार्टअप बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि इस ई व्हीकल के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर साइंस, सोलर एनर्जी और 4 पॉइंट जीरो मल्टीडिसीप्लिनरी सम्मिलित होने से यह मार्केट में उपलब्ध दूसरे ई व्हीकल से काफी एडवांस होगा। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इस प्रोजेक्ट को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ई व्हीकल के क्षेत्र में काम करने



वाले दो बड़े संस्थानों के साथ एमओयू करने पर भी विचार कर रहा है। इससे डिजाइन और इनोवेशन में सहायता मिलेगी। फैकल्टी स्टूडेंट पार्टनरशिप और मेंटोरशिप के जरिए प्रोजेक्ट काफी आगे बढ़ सकता है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इसी आधार पर काम कर रहा है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू का कहना है कि विद्यार्थियों ने दिन-रात मेहनत करके ई व्हीकल तैयार किया है। सबसे बड़ी बात है कि इसको बनाते समय बाहर से किसी विशेषज्ञ की सहायता नहीं ली गई है। विद्यार्थियों ने ही सारा तकनीकी काम स्वयं किया। इस ई व्हीकल को बनाने के साथ ही विद्यार्थियों ने कई चीजें एक साथ सीखी हैं। इसमें उन्होंने डिजाइन, ऑटोमेशन, संरचना और वेल्डिंग से लेकर यात्रियों की जरूरतों को समझने में मदद मिली है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय स्किल के इमर्जिंग एरिया में काम कर रहा है, ताकि विद्यार्थियों को तकनीकी जटिलताओं को हल करने, जोखिम उठाने और नवाचार के साथ जुड? में मदद मिले। इसी मकसद से कैंपस में नए एक्सपेरिमेंट किए जा रहे हैं, ताकि विद्यार्थी खुद करने और सीखने से वर्तमान तथा भविष्य की तकनीक में पारंगत हों। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि इससे विद्यार्थियों में कौशल का विकास होगा और आज मार्केट में इसी कौशल की आवश्यकता है। छह विद्यार्थियों ने बनाया ई व्हीकल श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन प्रोग्राम के छह विद्यार्थियों ने कुलपति डॉ. राज नेहरू के आह्वान पर ई व्हीकल बनाने की पहल शुरू की थी। विद्यार्थियों ने खुद इसे डिजाइन किया है। इसकी चेसिस से लेकर बॉडी तक और सॉकेट से लेकर स्टियरिंग तक सब कुछ विद्यार्थियों ने अपने हाथों से तैयार किए हैं। उन्होंने इस ई व्हीकल के लिए खुद ही सामान इक्ा किया। सूरज, साहिल, अनिल, अनंत, दुनी चंद और जतिन जब इस नवाचार में जुटे तो उनके पास आइडिया था और जुनून था।

# सीएचसी ने नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट प्राप्त करने में सफलता हासिल की

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। लगातार** तीसरी बार भी शहर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ने नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। सीएचसी श्रेणी में पूरे प्रदेश में सीएचसी गन्नौर सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहा। सीएचसी गन्नौर की टीम को 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। इस उपलब्धी से अस्पताल स्टाफ में खुशी की लहर छा गई है। एसएमओ डा. टीना आनंद ने गन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टरों व कर्मचारियों की टीम को



बधाई दी। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्तर पर सरकारी अस्पतालों का मूल्यांकन करने के लिए बनी संस्था नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट टीम ने 13 से 15 अप्रेल लगातार तीन दिन अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची थी। टीम के सदस्यों ने अस्पताल में मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया था। टीम के द्वारा सीएचसी के प्रत्येक विभाग का असससेमेंट किया गया था।

### नाबालिग लड़की को भेजा बाल सुधार गृह

**बल्लभगढ़ (हरपाल सिंह यादव)।** भाई की हत्या मामले में आरोपी नाबालिग बहन को किशोर न्यायालय में पेश करने के बाद बाल सुधार गृह करनाल भेज दिया गया। बता दें कि कोली वाडा निवासी पिता राजेंद्र ने बुधवार को बताया था कि 15 साल की उनकी बेटी ने अपने भाई ओमजीत की मोबाइल को लेकर मंगलवार की शाम हत्या कर दी थी। उनका कहना था कि 30 मई की शाम को बेटी ने भाई से फोन मांगा, उसने देने से मना कर दिया। जिस पर बेटी ने उसकी चुन्नी से गला दबाकर हत्या कर दी। थाना सिटी प्रभारी सत्यवान ने बताया कि बृहस्पतिवार को पुलिस ने नाबालिग लड़की को जुवेनाइल कोर्ट में पेश कर करनाल के बाल सुधार गृह में भेज दिया।

# बल्लभगढ़ विधानसभा को मिलेगा भरपूर मीठा पानी




**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)** परिवहन और उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने आज सुबह एफएमडीए के अधिकारियों के साथ सेक्टर 8 कार्यालय पर रेनीवेल योजना के तहत बल्लभगढ़ विधानसभा को पीने का पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए समीक्षा बैठक की। बैठक में परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कार्यकारी अभियंता अंकित भारद्वाज, एसडीओ जितेंद्र सिंह और एसडीओ नवल सिंह सहित उच्च अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि बल्लभगढ़ में रेनीवेल योजना के तहत आ रहा पानी को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएं , उन्होंने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि विभाग यह भी चेक करें कि आखिर पानी यमुना किनारे मोठुका से चलने के बाद बल्लभगढ़ के में पूरा क्यों नहीं पहुंच पाता है। उन्होंने बताया कि रेनीवेल की लाइन नंबर 1 में फिलहाल 14 से 15 एमएलडी पानी रह गया है इस पानी को बढ़ाने के लिए अलग से पांच नए ट्यूबवेल और भी लगाए जाएं ताकि लोगों को पीने के पानी की समस्या का सामना ना करना पड़े। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से भी फोन पर बात करते हुए मोटूका गांव स्थित रेनीवेल बूस्टिंग स्टेशन तक बिजली की लाइन को भी जमीन के अंदर केवल डालकर शिफ्ट किए जाने के दिशा निर्देश दिए हैं ताकि पावर कट की वजह से मैन बूस्टिंग स्टेशन मोठुका पर कोई असर ना पड़े। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि आने वाले समय में जल्द ही 3 नए रेनीवेल गांव मोटूका और भीकूका गांव में लगाए जाएंगे हालांकि विभाग इसके लिए दूसरी जगह भी देखने में लगा हुआ है कई जगहों से मिट्टी और पानी के सैंपल लेकर जांच की जा रही है जहां ये रेनीवेल लगाए जाएंगे वह नीचे पानी की कमी तो नही रहेगी। ये तीनो रेनीवेल को लाइन नंबर 1 में जोड़ा जाएगा, यमुना नदी के किनारे लगाए जाने वाले तीनो रेनिवेलो का करीब 30 एमएलडी पानी बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पहुंचेगा।

यह पानी मिल्क प्लांट बूस्टर, ऊंचा गांव ,भीम बाग,जैन कालोनी, पंचायत भवन, सुभाष कॉलोनी, जेसीबी चौक, रहनहेड़ा खेड़ा सेक्टर 25 सहित अन्य कई स्थानों तक पहुंचेगा।

# जीरो हंगर लक्ष्य प्राप्ति में मानव रचना को एनसीआर में पहली रैंक

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (एमआरईआई) को द टाइम्स हायर एजुकेशन की ओर से जारी रैंकिंग में कई सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) मापदंडों पर बेहतरीन रैंकिंग मिली है। विश्वभर के संस्थानों के बीच हुए आंकलन में स्वच्छ जल और स्वच्छता के लिए संस्थान को एनसीआर और हरियाणा में पहली रैंकिंग मिली है, जबकि भारत में संस्थान 9वें स्थान पर रहा है। इस श्रेणी में अपने योगदान के लिए मानव रचना को वैश्विक संस्थानों में शीर्ष 200 में भी जगह दी गई है। इसके बाद जीरो हंगर में भी संस्थान को एनसीआर व हरियाणा में पहली रैंक



मिली है, जबकि भारत में 5वीं रैंक पाई है। बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण में संस्थान को एनसीआर में दूसरा, हरियाणा में तीसरा व भारत में 11वां स्थान मिला है। जबकि लैंगिक समानता में हरियाणा में दूसरा, एनसीआर में तीसरा और भारत में 12वां स्थान हासिल हुआ है। एमआरईआई के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला ने कहा कि टाइम्स हायर एजुकेशन इंपैक्ट रैंकिंग (2023) ने स्पष्ट रूप से संस्थान को आगे बढ? के लिए एक नया विजन दिया है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के प्रभावशाली कदम के साथ हम एक बेहतर समाज और बेहतर दुनिया बनाने के लिए तत्पर हैं। एमआरआईआईआरएस के वाइस चांसलर डॉ. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि ये रैंकिंग विभिन्न क्षेत्रों में मानव रचना का असाधारण प्रदर्शन दशार्ती है। संस्थान को द टाइम्स की ओर से दी गई ये मान्यता एक बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है, जिसके परिणाम दूरगामी साबित होंगे। गौरतलब है कि टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को लेकर विश्वभर के विश्वविद्यालयों का आंकलन करती है। इसके तहत चार व्यापक क्षेत्रों अनुसंधान, प्रबंधन, आउटरीच और शिक्षण के आधार पर कुल 17 मापदंडों पर संस्थानों को रैंकिंग दी जाती है।

# गांव सागरपुर में गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** जिला फरीदाबाद में अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता के मार्गदर्शन में और एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद के नेतृत्व में गांव सागरपुर में हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा स्वच्छता पर ध्यान देना और प्लास्टिक के बढ़ते अनावश्यक उपयोग को रोकने के प्रति जागरूक करना था। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन का पहला अहम्‌ हिस्सा



है। स्वच्छता से ही मनुष्य का शरीर स्वस्थ रहता है। इसलिए स्वच्छता के प्रति संपूर्ण भावना से मनुष्य को काम करना चाहिए। इसके लिए मनुष्य को अपने शरीर की साफ सफाई के साथ घर, कार्यालय और घर के आंगन तथा गली की भी स्वच्छता में विशेष योगदान देना चाहिए। उन्होंने ग्राम वासियों से अनुरोध किया कि उन्हें घर में पैदा होने वाले कचरे को सबसे पहले घर में ही गीले और सूखे कचरे को अलग कर लेना चाहिए। उसके बाद गीले कचरे जैसे कि फल सब्जियों के छिलके आदि को अपने पशुओं को खिला देना चाहिए और सूखे कचरे जैसे प्लास्टिक की पन्नी बोतल आदि को सही तरीके से गांव से बाहर बने डंपिंग शेड में डंप कर देना चाहिए।

ग्रामवासियों के इस योगदान से हम अपने ग्राम व देश को स्वच्छ रख सकते हैं। साथ ही ग्राम वासियों से अनुरोध किया कि भविष्य में धीरे-धीरे प्लास्टिक का कम से कम इस्तेमाल करना शुरू करें। उन्होंने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आगामी 5 जून से लेकर 30 जून तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना-लघु मेला, निरोगी हरियाणा हेल्थ कैंप, तालाबों की सफाई, पोषण किट वितरण, खाना प्रतियोगिता, क्रिकेट मैच, खो-खो, कबड्डी प्रतियोगिता, गांव में रात्रि निवास के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने ग्राम वासियों के साथ सफाई में योगदान देकर ग्राम वासियों को स्वच्छता की ओर प्रेरित किया। उन्होंने ग्राम वासियों के साथ मिलकर 100 किलो प्लास्टिक वेस्ट इका कर-के प्लास्टिक वेस्ट सही से निपटान किया। उन्होंने ग्राम वासियों से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों को भी स्वच्छता की ओर प्रेरित करें।

# स्प्रेड स्माइल ने जरूरतमंद बच्चों के लिए शुरू की निशुल्क पाठशाला

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा पिछले 4 वर्षो से निरंतर प्रोजेक्ट विद्याफल के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर निशुल्क पाठशाला के मध्यम से जरूरतमंद बच्चो को शिक्षा व संस्कार दे रही है । अब तक हजारों बच्चो को शिक्षा व संस्कार दे चुके हैं और इस कड़ी में अब बस स्टैंड के पास पाठशाला का शुभारंभ हो गया है जिसका नेतृत्व अध्यापिका शारदा रेलन मुख्य रूप से करेंगी। उन्होंने बताया की इस पाठशाला में गंदे नाले के आस पास, धानक बस्ती, आदर्श नगर, कोर्ट मोहल्ला आदि स्थानों के बच्चो



के लिए वरदान सिद्ध होगी । संस्थापक नितिन जैन ने बताया की इस पाठशाला के माध्यम से विभिन्न युवाओं को सेवा करने का अवसर मिलेगा क्युकी ये सोनीपत के सेंटर में है और आने वाले समय में यह सैकडो बच्चो के लिए शिक्षा व संस्कार का केंद्र बनेगा । बच्चो के लिए विशेष रूप से यहां भी नृत्य, संगीत, आर्ट, खेल, योग आदि की कक्षाएं लगेंगी। बच्चो को स्टेशनरी व फल भी वितरित किए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 03 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 76 फ्लैटों के लिए 6071 ने किया आवेदन

## माफिया अतीक से खाली कराई गई भूमि पर आवास बनकर तैयार, छह जून को निकाली जाएगी लॉटरी

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**लूकरगंज** में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर बने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लॉटरी छह जून को निकाली जाएगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शनिवार को लॉटरी निकालने से संबंधित विज्ञापन भी जारी कर दिया जाएगा। आवास का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। इसको भगवा रंग में रंगवाया गया है।

**भगवा रंग में दिखेगा आवास:** लूकरगंज में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) द्वारा बनाए जा रहे प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना के फ्लैट भगवा दिखेंगे। इन फ्लैटों के निर्माण का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। साथ ही इन्हें भगवा रंग में रंगवाया जा रहा है। जल्द ही इन फ्लैटों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिसंबर 2021 में फ्लैटों के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया था। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से 1731 वर्गमीटर में तैयार कराए जा रहे 76 फ्लैटों के लिए कुल 6071 लोगों ने आवेदन किया है। फ्लैट के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। लॉटरी निकलने के बाद आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का खुद के आवास का सपना पूरा हो जाएगा।



**माफिया अतीक से खाली कराई गई जमीन पर बन रहे हर एक फ्लैट के 80 दावेदार:** माफिया अतीक अहमद से लूकरगंज में खाली कराई गई जमीन पर बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के 76 फ्लैट के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 31 जुलाई तक थी। आवेदन के बाद एक फ्लैट पर 80 दावेदारी सामने आए हैं। ऐसे में अपने घर का सपना किसका साकार होगा, यह पीडीए की लॉटरी निकालने के बाद ही साफ हो सकेगा। लूकरगंज फ्लैट का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है। यहीं कारण है कि मुख्यमंत्री ने इन फ्लैट के निर्माण की नींव स्वयं ही पिछले साल दिसंबर में रखी थी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से इन फ्लैट के लिए आवेदन प्रक्रिया इस वर्ष 30 जून से शुरू हुई थी।

**6071 गरीबों ने किया है आवेदन:** 76 फ्लैट के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वालों की संख्या 6071 पर पहुंच गई। यानी एक फ्लैट के लिए करीब 80 लोगों ने दावेदारी दी है। ऐसे में खुद के आशियाना हासिल करने का सपना किसका साकार होगा, यह तो लॉटरी के बाद साफ हो सकेगा। लूकरगंज में एक बिल्डिंग तीन मंजिला होगी। इसमें प्रत्येक फ्लैट का कवर एरिया 22.77 वर्गमीटर रहेगा। आवंटी को कुल साढ़े तीन लाख रुपये पीडीए को भुगतान करने होंगे। इसमें 45 हजार रुपये आवंटन के समय और शेष बचे तीन लाख रुपये छह माह की किस्त में देनी होंगे।


# सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित

## दिल्ली हाईकोर्ट ने बीमार पत्नी से मिलने इजाजत दी, मीडिया-मोबाइल से दूर रहने कहा

**सख्ती**

**कोर्ट ने यह भी कहा है कि वह मीडिया से बातचीत, मोबाइल या इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं करेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शुक्रवार** को दिल्ली हाईकोर्ट में ईडी केस में मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने सिसोदिया को शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दे दी है। यानी मनीष अपने घर जा सकेंगे, लेकिन पुलिस उनके साथ मौजूद रहेगी। कोर्ट ने यह भी कहा है कि वह मीडिया से बातचीत, मोबाइल या इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं करेंगे। न ही परिवार के सिवा किसी और से मिलेंगे। जस्टिस दिनेश शर्मा की बेंच ने सिसोदिया और विजय नायर दोनों की जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया है।



**ईडी ने कहा था- 18 विभाग संभालते थे, तब पत्नी से मिलने का वक्त नहीं था:** इसके पहले ईडी ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध किया। असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि मंत्री के रूप में 18 विभाग संभाले, तब तो उनके पास अपनी पत्नी से मिलने का समय नहीं था। वे केवल जमानत के लिए ये बातें बना रहे हैं। चार दिन पहले उन्होंने याचिका वापस ले ली थी। अब वे फिर से आ गए हैं। उनकी पत्नी की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है, केवल कॉस्मेटिक बदलाव हुआ है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि सिसोदिया केवल पुलिस की मौजूदगी में ही अपनी पत्नी से मिल सकते हैं।

**राउज एवेन्यु कोर्ट ने 6 जुलाई तक बढ़ाई कस्टडी:** शराब नीति केस में मनीष सिसोदिया की ज्युडीशियल कस्टडी 6 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। राउज एवेन्यु कोर्ट ने ,सीबीआई से सिसोदिया के खिलाफ दायर चार्जशीट और सप्लीमेंट्री चार्जशीट समेत सभी डॉक्यूमेंट्स की कॉपी जमा करने कहा है।

# इस्लाम सिर्फ भारत में सुरक्षित: मोहन भागवत



**टीम एक्शन इंडिया/नागपुर**
**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (संघ) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, इस्लाम की पूजा सिर्फ भारत में सुरक्षित तरीके से चलती है। कुछ धर्म भारत के बाहर के थे, बाहर वाले तो चले गए। अब उसमें सुधार करना हमारी जिम्मेदारी है। वे गुरुवार को नागपुर के संघ शिक्षा वर्ग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। भागवत ने आगे कहा कि पूरी दुनिया में इस्लाम का आक्रमण हुआ, यह स्पेन से मंगोलिया तक छा गया। धीरे-धीरे वहां के लोग जागे। उन्होंने आक्रमणकारियों को हराया, तो अपने कार्य क्षेत्र में इस्लाम सिकुड़ गया। विदेशी वहां से चले गए, लेकिन इस्लाम की पूजा कहां सुरक्षित चलती है, यहीं (भारत में) सुरक्षित चलती है।

**भारत की एकता और अखंडता के लिए हर कोई प्रयास करे:** भागवत ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के लिए हर किसी को प्रयास करना चाहिए।

**अखंडता**

**भारत की एकता और अखंडता के लिए हर किसी को प्रयास करना चाहिए: मोहन भागवत**

उन्होंने कहा कि सीमाओं पर बुरी नजर दिखाने वाले दुश्मनों को ताकत दिखाने के बजाय हम आपस में ही लड़ रहे हैं। देश में भाषा, पंथ-संप्रदाय और सहूलियतों को लेकर तमाम तरह के विवाद हो रहा हैं।

उन्होंने कहा कि हम भूल रहे हैं कि हम एक देश हैं।

कुछ धर्म भारत के बाहर के थे और हमारे उनके साथ युद्ध हुए थे, लेकिन बाहर वाले तो चले गए, अब तो सब भीतर हैं। फिर भी वे लोग बाहरी लोगो के प्रभाव में हैं। हमें समझना होगा कि वे हमारे लोग हैं। अगर उनकी सोच में कोई कमी है तो उसमें सुधार हमारी जिम्मेदारी है।

# नशीला पदार्थ देकर कॉलेज छात्र से रेप

## घर जाने के लिए निकली थी; बेहोशी की हालत में सड़क किनारे फेंक गए आरोपी

**टीम एक्शन इंडिया/तिरुवनंतपुरम**
**केरल** के कोझिकोड में एक कॉलेज स्टूडेंट को नशीला पदार्थ पिलाकर रेप का मामला सामने आया है। आरोपियों ने रेप के बाद लड़की को बेहोशी की हालत में कोझिकोड को वायनाड से जोड़ने वाली थामरास्सेरी चुरम (पहाड़ी दर्रा) में फेंक गए। पुलिस के मुताबिक, लड़की कॉलेज हॉस्टल में रहती है। 30 मई को वह हॉस्टल नहीं पहुंची तो कॉलेज मैनेजमेंट ने घर पर फोन किया। इसके बाद परिवार के लोगों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अशरफ थंगलक्कंडियिल ने कहा कि गुरुवार दोपहर थमारास्सेरी घाट रोड के 9वें मोड़ पर एक लड़की बेहोशी की हालत में मिली थी। पुलिस उसे अस्पताल ले गई, जहां मेडिकल के दौरान उसके साथ रेप की पुष्टि हुई। पुलिस ने परिवार को जानकारी दी। लड़की का बयान दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। 19 साल की पीड़िता ने बताया कि उसे वायनाड के एक व्यक्ति ने नशीला पदार्थ पिलाया। बाद में वह उसे एनार्कुलम और वायनाड में अलग-अलग जगहों पर ले गया। जहां उसके साथ रेप हुआ। इसके बाद आरोपी उसे घाट रोड पर छोड़ गए। पुलिस ने बताया कि आरोपी एक था या और लो भी इसमें शामिल थे, इसकी जांच की जा रही है। अजमेर में 25 वर्षीय महिला से रेप की वारदात सामने आई है। महिला ने एक युवक पर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर स्लीपर बस और अन्य जगहों पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।



# बंगाल सरकार ने दी कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पश्चिम** बंगाल सरकार ने नगर पालिका भर्ती घोटाले की जांच सीबीआई और ईडी से कराने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वकील सुनील फर्नांडीस ने जस्टिस सुधांशु धुलिया की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए इस पर जल्द सुनवाई की मांग की, लेकिन कोर्ट ने इस पर जल्द सुनवाई से इनकार करते हुए ग्रीष्मावकाश के बाद सुनवाई का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार ने कहा कि आरोपियों को सुरक्षा की जरूरत है, नहीं तो जांच एजेंसियां अपना जांच शुरू कर देंगी।

**अधिकार**

**कानून व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है और संज्ञेय अपराध के मामले में राज्य की पुलिस को जांच का पहला अधिकार है**

उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है और संज्ञेय अपराध के मामले में राज्य की पुलिस को जांच का पहला अधिकार है।

# 'जून अंत तक देश के सभी राज्यों में दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रेल** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस को मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि इसी जून के महीने में देश के सभी राज्यों को वंदे भारत ट्रेन से कवर कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया के केवल आठ देशों के पास वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेन को बनाने की क्षमता है। नरेन्द्र मोदी की सरकार के नौ साल पूरे होने पर रेल मंत्रालय की उपलब्धियों को गिनवाते हुए अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि साल 2014 के बाद भारत में बड़ा बदलाव आया है। खासकर रेलवे सेक्टर पहले से कहीं ज्यादा बदल रहा है। आज रेलवे की व्यवस्था यात्रियों के लिए ज्यादा सुविधाजनक है।

**सुविधा**

**दुनिया के केवल आठ देशों के पास वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेन को बनाने की क्षमता है**




# 'भारत में विदेशी पत्रकार बिना कठिनाई के काम कर रहे हैं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विदेश** मंत्रालय का कहना है कि चीनी पत्रकारों सहित सभी विदेशी पत्रकार भारत में बिना किसी कठिनाई के रिपोर्टिंग और मीडिया कवरेज कर रहे हैं। उनके लिए कोई दायरा नहीं है। भारत आशा करता है कि चीनी अधिकारी चीन से काम करने वाले और रिपोर्टिंग करने वाले भारतीय पत्रकारों को निरंतर उपस्थिति की सुविधा प्रदान करेंगे। इस मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों के बीच संपर्क बना हुआ है।



चम्पावत में श्री रीठासाहिब गुरुद्वारे में आयोजित जोड़ मेले के शुभारंभ कार्यक्रम में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पहुंचकर मत्था टेका और राज्य की उन्नति एवं प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि हेतु कामना की।

**आतंकी निशाने पर** | एक आतंकी मारा गया, दो- तीन के छिपे होने की आशंका, ऑपरेशन जारी

# राजौरी में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**पुलिस** ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और आम लोगों की आवाजाही और डसाल से आगे वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शुक्रवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया। डसाल इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। फिलहाल फायरिंग बंद हो गई है, लेकिन सर्च ऑपरेशन जारी है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और आम लोगों की आवाजाही और डसाल से आगे वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है।



**एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया था:** इससे पहले गुरुवार को सांबा सेक्टर में सीमा पर बीएसफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को भी गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया।

**दो चाइनीज पिस्टल और मैगजीन बरामद:** दोनों की तलाशी के दौरान दो चाइनीज पिस्टल, दो मैगजीन और पिस्टल के 15 राउंड बरामद किए गए। उन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान लश्कर के आतंकवादी सहयोगियों, फ्रेस्टिहार क्रीरी के सुहैल गुलजार और हुडीपोरा रफियाबाद के वसीम अहमद पाटा के रूप में हुई थी। जम्मू कश्मीर के करमारा सेक्टर में छडउ के पास भारतीय सेना ने तीन आतंकवादियों को पकड़ा।